


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 2, अंक : 68 रांची, सोमवार, 17 फरवरी, 2025 (फाल्गुन कृष्ण 05, संवत 2081) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## जेएमएम का 'झंडा' अब दिल्ली में भी लहराएगा

प्रातः नागपुरी संवाददाता



### 13 से 15 अप्रैल तक जेएमएम का महाधिवेशन

- राष्ट्रीय राजनीति में होगी एंट्री, बिहार-बंगाल में भी 'जमीन' की तलाश

**रांची।** झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नजर अन्य राज्यों में संगठनात्मक विस्तार की है। पहले से ही पार्टी पड़ोसी राज्यों में आदिवासी बहुल जिलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

इन राज्यों में कमेटियां भी हैं, लेकिन इसे अधिकाधिक सक्रिय बनाने की योजना है, ताकि चुनावी राजनीति में दखलंदाजी बढ़ाई जा सके। केंद्रीय महाधिवेशन में इस संबंध में विशेष तौर पर निर्णय लेकर प्रस्ताव पारित किया जाएगा। संभावना है कि 13 अप्रैल से केंद्रीय महाधिवेशन आरंभ होगा।

दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन में अन्य प्रांतों से भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन इकाइयों को महाधिवेशन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। ओडिशा और बंगाल के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में झामुमो का पूर्व से जनाधार है और यहां से पार्टी के प्रत्याशी जीत दर्ज करते रहे हैं।

राज्य में दोबारा शानदार तरीके से सत्ता में वापसी पर केंद्रीय समिति पर इस बात का दबाव बढ़ा है कि विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया जाए। इस सिलसिले में देश की राजधानी दिल्ली में झामुमो का कार्यालय बनाने की भी योजना है। रांची में पार्टी के मुख्यालय का निर्माण चल रहा है। फिलहाल सारी संगठनात्मक गतिविधियां कैंप कार्यालय से संचालित हो रही हैं।

**बिहार विधानसभा चुनाव में संभावनाएं**

झारखंड मुक्ति मोर्चा इसी वर्ष पड़ोसी बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी अपने लिए संभावनाएं तलाश रहा है। मोर्चा ने लगभग एक दर्जन सीटें चिह्नित की है, जिसपर आदिवासी समुदाय का प्रभाव है। इसके लिए राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस से बातचीत की जाएगी। झामुमो की योजना तालमेल कर चुनाव लड़ने की है। कम सीटें मिलने पर भी झामुमो आइएनडीआइए के तहत भाग्य आजमाने की तैयारी में है। शेष पृष्ठ 08 पर

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मामले की जांच शुरू



- रेलवे ने 2 सदस्यीय कमेटी का किया गठन
- सभी सीसीटीवी सुरक्षित रखने का दिया आदेश

**मुआवजे का किया गया एलान**

रेलवे ने भगदड़ में जान गंवाने वाले और घायल हुए लोगों के लिए मुआवजे का एलान कर दिया है। मृतकों के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, गंभीर रूप से घायल लोगों को 2.5 लाख और मामूली रूप से घायल लोगों को एक लाख रुपये के मुआवजे का एलान हुआ।

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की जांच शुरू हो गई है। रेलवे ने जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित कर दिया है। कमेटी पता लगाएगी कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मची कैसे? शेष पृष्ठ 08 पर

### दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 कार्यक्रम को पीएम मोदी ने किया संबोधित, कहा

## भारतीय कपड़े से ढकेगा दुनिया का तन, अभी हैं 6वें सबसे बड़े एक्सपोटर

एजेंसियां

### 2030 तक भारत होगा सबसे बड़ा एक्सपोटर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कपड़ा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर रविवार को संतोष जताया और उम्मीद जताई कि भारत 2030 के लक्षित वर्ष से पहले नौ लाख करोड़ रुपये के वार्षिक निर्यात लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। यह बात इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि आम बजट 2025-26 में कपास की, खासकर अतिरिक्त लंबे रेशे वाली किस्मों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए पांच साल के कपास मिशन की घोषणा की गई है। बजट में राष्ट्रीय कपास प्रौद्योगिकी मिशन के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मोदी ने भारत टेक्स 2025 में कहा, हम वर्तमान में दुनिया में वस्त्र और परिधान के छठे सबसे बड़े निर्यातक हैं। कपड़ा निर्यात लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का है। हमारा लक्ष्य इस आंकड़े को तीन गुना करते हुए नौ लाख करोड़ रुपये का निर्यात हासिल करना है।

उन्होंने कहा, इस सफलता का श्रेय पिछले दशक में की गई कड़ी मेहनत और लगातार लागू की गई नीतियों को जाता है, जिनके कारण कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस तरह से काम हो रहा है, मुझे लगता है कि हम 2030 की समयसीमा से पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सही दिशा में काम करने से भारत इस बाजार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के कपड़ा और परिधान निर्यात में सात प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है। यह क्षेत्र प्रमुख रोजगार सृजनकर्ता है तथा विनिर्माण क्षेत्र में इसका योगदान 11 प्रतिशत है।

उद्योग के लिए संसाधनों के मनचाहे उपयोग और कम से कम अपशिष्ट उत्पादन की आवश्यकता पर उन्होंने कहा, एक विश्लेषण के अनुसार, 2030 तक फैशन अपशिष्ट 14.8 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है। आज, एक-चौथाई कपड़ा अपशिष्ट का पुनर्चक्रण नहीं किया जा रहा है। हमारा कपड़ा उद्योग इस चुनौती को अवसर में बदल सकता है। बजट में घोषित कपास उत्पादकता मिशन के बारे में उन्होंने कहा कि इससे कपास की आपूर्ति विश्वसनीय बनेगी, भारतीय कपास वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनेगा और मूल्य श्रृंखला मजबूत होगी।

नयी दिल्ली में 14-17 फरवरी तक आयोजित होने वाला भारत टेक्सकपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा आयोजन है। इसमें दो स्थानों पर आयोजित एक विशाल प्रदर्शनी शामिल है, जिसमें सम्पूर्ण कपड़ा पारिस्थितिकी तंत्र का प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात में पिछले साल सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। देश कपड़ा क्षेत्र के लिए कुशल प्रतिभाओं का एक समूह बनाने पर काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारा ध्यान तकनीकी वस्त्र क्षेत्र पर है, क्योंकि भारत इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

मोदी ने कहा कि भारत टेक्स एक बड़ा वैश्विक आयोजन बन रहा है, जिसमें 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। शेष पृष्ठ 08 पर



### एक यूनिट से 2,000 लोगों को मिलता है रोजगार

मोदी ने बैंकिंग क्षेत्र के प्रतिनिधियों से कपड़ा उद्योग की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को समझने को कहा तथा उनसे कपड़ा क्षेत्र को सहायता प्रदान करने का आग्रह किया, जहां एक इकाई को केवल 75 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है, लेकिन 2,000 लोगों को रोजगार मिलता है।

## अमेरिका से डिपोर्ट भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचा तीसरा विमान

एजेंसियां

### 112 अवैध प्रवासी भेजे गए वापस



**अमृतसर।** अमेरिकी वायु सेना का एक और विमान फ्छ्ल869 भारत पहुंच गया है। विमान ने अमृतसर हवाई अड्डे पर लैंडिंग की। इस विमान में 112 अवैध प्रवासी सवार थे, जिन्हें अमेरिका से निकाला गया है। अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई के तहत डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा निर्वासित किए जाने वाले ऐसे भारतीयों का यह तीसरा जत्था है। इस जत्थे में सूत्रों ने पहले बताया था कि 157 अवैध अप्रवासियों को लेकर विमान भारत पहुंचेगा, लेकिन अपडेटेड लिस्ट में यह संख्या 112 रही। मसलन, कुल 332 भारतीय अवैध लोगों को अमेरिका से निकाला जा चुका है।

अमेरिका से भारत पहुंचने वाले 112 लोग में से 31 पंजाब से, 44 हरियाणा से, 33 गुजरात से, दो उत्तर प्रदेश से और एक-एक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से हैं। फिलहाल एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंटेशन और वेरिफिकेशन की प्रक्रिया चल रही है करीब 3 घंटे बाद सभी डिपार्टीज को बाहर लाया जाएग। शेष पृष्ठ 08 पर

### मणिपुर में सात संदिग्ध केएनए विद्रोही गिरफ्तार

**मणिपुर।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के सांगईकोट थाना क्षेत्र के ओल्ड खाऊकुआल गांव के दक्षिणी इलाके में एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 7 संदिग्ध केएनए (कुकी नेशनल आर्मी) कैडरों को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सैखोगिन हाओकिप (37), डामलेन्मांग मेटे (25), सैखोमांग हाओकिप (25), थंगलमांग हाओकिप (27), जामखोसेई हाओकिप (32), लुंकोलाल खोंगसाई (34) और मंगखांगथांग किपजेन (35) के रूप में हुई है।

## हिंदू समाज को संगठित कर रहा है संघ : मोहन भागवत

एजेंसियां

**कोलकाता ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ का कार्य महात्मा बुद्ध के राष्ट्र निर्माण प्रयासों की तरह ही है। जिस तरह महात्मा बुद्ध ने समाज को एकजुट कर आध्यात्मिक और नैतिक उत्थान की नींव रखी थी, उसी तरह संघ भी पूरे हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। वह शनिवार को पश्चिम बंगाल के बर्दवान में स्वयंसेवकों के एक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। यह समाज केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए उत्तरदायी है। भारत की अपनी एक प्रकृति है, जो इसे विशेष बनाती है। जो इस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते थे, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। लेकिन जो यहां रहे, वे भारत की इस मूल आत्मा से जुड़े हुए हैं। भारत केवल एक भूगोल नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो 15 अगस्त 1947 से बहुत पहले से अस्तित्व में है। शेष पृष्ठ 08 पर

### संक्षिप्त

#### झारखंड हाईकोर्ट के पहले चीफ जस्टिस वीके गुप्ता का निधन



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के पहले चीफ जस्टिस और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व चीफ जस्टिस रह चुके न्यायाधीश विनोद कुमार गुप्ता (वीके गुप्ता) का निधन हो गया है। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। न्यायमूर्ति वी के गुप्ता के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार आज (रविवार) को दिल्ली में किया गया। जस्टिस वीके गुप्ता का जन्म 10 सितंबर 1947 को हुआ था। उन्होंने 15 फरवरी को अंतिम सांस ली।

## फास्टैग का नया नियम आज से होगा लागू, टोल पर लंबी लाइन से मिलेगी राहत

एजेंसियां




**नई दिल्ली।** फास्टैग का नया नियम 17 फरवरी सोमवार से लागू होने जा रहा है। इसके तहत जिन भी यूजर्स के फास्टैग में लो बैलेंस, भुगतान में देरी या फिर फास्टैग ब्लैकलिस्ट होगा, उन पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। सरकार का नये नियम लागू करने का उद्देश्य टोल पर लगने वाली गाड़ियों की लंबी कतारों को कम करना है। इस नियम को लागू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य फास्टैग में होने वाली परेशानी के कारण टोल पर लगने वाली गाड़ियों की लंबी कतारों को कम करना है और यात्रा को सुविधाजनक बनाना है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने फास्टैग इकोसिस्टम में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव जारी किए हैं, जिसका लक्ष्य टोल भुगतान को सुव्यवस्थित करना, विवादों को कम करना और धोखाधड़ी पर अंकुश लगाना है। नए नियमों के तहत, अगर गाड़ी के टोल पार करने से पहले फास्टैग 60 मिनट से अधिक समय तक निष्क्रिय रहता है और टोल पार करने के 10 मिनट बाद तक निष्क्रिय रहता है, तो लेनदेन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

### पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट से दो की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में दो मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। नागपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) हर्ष पोद्दार ने बताया कि विस्फोट जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर, काटोल तहसील के कलमेश्वर थाना क्षेत्र में एशियन फायरवर्क्स में अपराह्न 1:30 बजे हुआ। एसपी ने संवाददाताओं को बताया, ह्वविस्फोट में जान गंवाने वाले दोनों मजदूर मध्यप्रदेश के सिवनी और मंडला के निवासी थे। तीन लोग घायल हो गए।

## बीजेपी की बैठक में बड़ा फैसला: ज्यादा सीटें आईं, तो भी नीतीश कुमार ही होंगे मुख्यमंत्री

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**पटना।** बिहार में 2025 विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी तैयारियों को लेकर पटना से लेकर दिल्ली तक बैठकों का दौर जारी है। हाल ही में बीजेपी मुख्यालय में हुई एक अहम बैठक में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। चाहे चुनाव परिणाम कुछ भी हो, सरकार की कमान भी नीतीश कुमार के ही हाथों में रहेगी।



**महाराष्ट्र फॉर्मूला बिहार में नहीं होगा लागू**

बैठक में यह भी साफ कर दिया गया कि महाराष्ट्र की तर्ज पर बिहार में सत्ता परिवर्तन का कोई फॉर्मूला नहीं अपनाया जाएगा। यदि विधानसभा चुनाव में बीजेपी को जेडीयू से अधिक सीटें भी मिलती हैं, तब भी मुख्यमंत्री की कुर्सी नीतीश कुमार के पास ही रहेगी।

**लोस और विस में अलग-अलग चुनाव का नरेटिव नहीं चलेगा**

बीजेपी नेतृत्व यह सुनिश्चित करना चाहता है कि बिहार में एडीए की एकता को लेकर कोई संदेह न रहे। साथ ही, 'फ्रेंडली फाइट' यानी कुछ सीटों पर अलग-अलग चुनाव लड़ने जैसी अटकलों को भी खारिज कर दिया गया। शेष पृष्ठ 08 पर

### नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ने पर बनी सहमति

बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि नीतीश कुमार को ही 2025 चुनावों के लिए मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एनडीए में सीट बंटवारे का फॉर्मूला 2020 के विधानसभा चुनाव की तर्ज पर ही रहेगा। हालांकि, कुछ सीटों पर मामूली बदलाव संभव है, लेकिन गठबंधन के दलों के बीच संतुलन बनाए रखा जाएगा।

## बीएयू के पांच नए कॉलेजों को मिला आईसीएआर एक्रीडिटेशन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की राष्ट्रीय कृषि शिक्षा एक्रीडिटेशन बोर्ड ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के पांच नए कॉलेजों को मान्यता प्रदान कर दी है। इन कॉलेजों में तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय (गोड्डा), रवींद्रनाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय (देवघर), कृषि महाविद्यालय (गढ़वा), बागवानी महाविद्यालय (खूंटपानी, चाईबासा) और कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय (रांची) शामिल हैं।

बोर्ड ने आईसीएआर मुख्यालय, नयी दिल्ली में 27 जनवरी को हुई अपनी 38वीं बैठक में उच्च स्तरीय समीक्षा समिति की रिपोर्ट और अनुशंसाओं के आधार पर इन कॉलेजों को मान्यता प्रदान करने का निर्णय लिया। इन कॉलेजों का एक्रीडिटेशन हो जाने से अब यहां के छात्र-छात्राओं का देश के अग्रणी कृषि विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश अपेक्षाकृत आसान हो जाएगा। रोजगार बाजार में उनकी डिग्री की पूछ बढ़ेगी। आईसीआर इन कॉलेजों में शिक्षण एवं छात्र कल्याण सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विकास अनुदान भी प्रदान कर सकेगा।



अच्छी खबर

एक्रीडिटेशन बोर्ड ने निर्देश दिया है कि इन कॉलेजों से संबंधित सेल्फ स्टडी रिपोर्ट तत्काल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाय। बोर्ड को इसकी सूचना दी जाय। इन कॉलेजों में प्रतिवर्ष होने वाले नामांकन और शिक्षकों की उपलब्धता से संबंधित आंकड़ा भी संबंधित पक्षों की जानकारी के लिए वेबसाइट पर डाला जाएगा। विश्वविद्यालय इन कॉलेजों में शिक्षकों और तकनीकी एवं सपोर्टिंग स्टाफ की वर्तमान संख्या बनाए रखेगा। कॉलेजों में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए स्वीकृत सीटों की संख्या में कोई वृद्धि बिना बोर्ड की पूर्वानुमति के नहीं करेगा।

इन कॉलेजों की स्थापना वर्ष 2017-18 में की गई थी, किंतु आईसीएआर की शर्तें पूरी नहीं होने के कारण कॉलेजों और उनके यूजी पाठ्यक्रमों का एक्रीडिटेशन अबतक नहीं हो पाया था। इसे कुलपति डॉ एससी दुबे के एक वर्ष के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उन्होंने जनवरी, 2024 में बीएयू के कुलपति का पदभार ग्रहण किया था।

कुलपति ने इस उपलब्धि के लिए समस्त विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है। राज्य सरकार एवं कुलाधिपति कार्यालय के संबंधित अधिकारियों के प्रति उनके सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञता प्रकट की है। ज्ञातव्य है कि इन कॉलेजों के कामकाज की समीक्षा एवं उनके प्रत्ययन के संबंध में अपना मंतव्य देने के उद्देश्य से आईसीएआर की पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने पिछले 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय और इन कॉलेजों का दौरा किया था। समीक्षा समिति के अध्यक्ष कृषि एवं बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय, शिवमोगा, कर्नाटक के पूर्व कुलपति डॉ एमके नाइक थे। समिति में सदस्यों में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर के कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के डीन डॉ ए रबि राज, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के डेयरी टेक्नोलॉजी महाविद्यालय के डीन डॉ लोकेश गुप्त, डॉ वाईएसआर बागवानी विश्वविद्यालय, पश्चिमी गोदावरी जिला (आंध्र प्रदेश) के बागवानी महाविद्यालय की एसोसिएट डीन एवं निदेशक अनुसंधान डॉ एम माधवी तथा आईसीएआर, नयी दिल्ली के शिक्षा प्रभाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ दिनेश चंद्र शामिल थे। शेष पृष्ठ 08 पर

## रांची में लापरवाही: प्रश्नपत्रों की कमी के कारण एक घंटे लेट से शुरू हुआ एग्जाम

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** कुछ अभिभावकों के अनुसार, कथित तौर पर 'प्रश्नपत्रों की कमी' के कारण रांची के एक केंद्र पर सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा निर्धारित समय से एक घंटे देरी से शुरू हुई। हालांकि, केंद्र प्रमुख ने कहा कि देरी तकनीकी समस्याओं के कारण हुई थी, जिसे सीबीएसई ने समय रहते सुलझा लिया और छात्रों को अतिरिक्त समय उपलब्ध कराया। केंद्र पर परीक्षा देने के लिए लगभग 500 छात्र पंजीकृत हैं।

रांची और खूंटी जोन से 31,000 से अधिक छात्र नामांकित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शनिवार को झारखंड में शुरू हो गईं। शेष पृष्ठ 08 पर



### तकनीकी कारणों से हुई देरी

एक अभिभावक ने दावा किया, 'केंद्र पर कुछ छात्रों के लिए प्रश्नपत्रों की कमी के कारण परीक्षा समय पर शुरू नहीं हो सकी।' केंद्र प्रमुख ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि तकनीकी कारणों से देरी हुई।

Page - 02_Page - 02.qxd 17-02-2025 02:04 Page 1



## संक्षिप्त

### वृद्धा का शव कुएं से बरामद

**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र के पोगड़ा गांव के एक कुएं से एक करीब 62 वर्षीय वृद्धा वैशाखी देवी का शव लोगों ने निकाल कर दफना दिया। जानकारी के मुताबिक गांव के ही भवता राम महतो के कुएं में महिला के गिरे होने की जानकारी लोगों को सबेरे ही हो गई थी। लोगों ने बताया कि इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई थी। लेकिन पुलिस के आने से पहले ही परिजनों ने ही शव निकालकर दफना दिया। इधर, थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि उनके परिवार का ही आपसी मामला था। शव को परिजनों ने ही दफना दिया। इधर मृत वृद्धा के पुत्र गोविंद लोहरा ने बताया जा रहा है कि यह वृद्धा पिछले दो तीन दिनों से घर से गायब थी।

### सिल्ली में आज 4 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**सिल्ली।** सिल्ली विद्युत सबस्टेशन से सोमवार को 4 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली कर्मी करमा महतो ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अनगड़ा से सब स्टेशन तक आने वाली 33 हजार वोल्ट के मुख्य लाइन के समीप स्थित पेड़ों के टहनीयों को काटे जाएंगे। जिसको लेकर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

### धुरती सती घाट मेला धूमधाम से संपन्न

**मुरी।** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के कांची, राढु और स्वर्णरेखा नदी के संगम पर धुरती सतीधाट मेला धूमधाम से सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि एक महीना पहले 15 जनवरी को इसी तट पर यही मेला लगा था। इस तट का यही महत्व है कि इसी घाट पर टुसु नामक कन्या अपनी इज्जत को बचाने के लिए नदी में कूद कर सती हो गई थी। मेला का व्सयस्थापक माधव सिंह मुंडा है आज उनकी पुत्रवधू सुभद्रा देवी मंच से मेले में आए लोगों को शुभकामनाएं दी। मेला में सिल्ली करियाडीह से विशाल टुसु आकर्षक बना हुआ था। जो लीला देवी के नेतृत्व में महिलाएं टुसु लेकर आयी थी, जिनको सम्मानित किया गया।

### मांडर प्रखंड मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक

**मांडर।** मांडर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का के द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में विशेष तौर पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों को आवश्यक निर्देश भी दिया उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ विशेष रूप से विधवा महिला, बेसहारा गरीब लोगों को देना होगा। ताकि इन्हें भी घर उपलब्ध हो पाए। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचारों को व्यक्त किया। मौके पर उपप्रमुख अमानत अंसारी, प्रखंड आवास कॉर्डिनेटर सुभाष कुमार, पंचायत समिति सदस्य सरजू रिंकू मोनी कुमारी, आशिक अंसारी, के अलावे अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति को कार ने रौंदा, मौत

## मृतक के परिजनों ने किया थाने का घेराव, कार के मालिक व चालक पर दर्ज हुई प्राथमिकी

▸ परिजनों ने की मुआवजे की मांग

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा बेंगामोड़ पर सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति को एक कार ने रौंद दिया। इस हादसे में हुई व्यक्ति की मौत के बाद ग्रामीणों ने रविवार को रामगढ़ थाने का घेराव किया। मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग रखी, जिस पर पुलिस ने पहल करने का आश्वासन दिया।




थाने का घेराव करने पहुंची मृतक जयराम मुंडा की पत्नी फूलों देवी के बयान पर रामगढ़ पुलिस ने प्राथमिकी भी दर्ज की है। फूलों देवी ने पुलिस को बताया कि उसका पति जयराम मुंडा 9 फरवरी को गांव के ही एक व्यक्ति शिवा मुंडा और साढु भाई के साथ लड़की देखने कुजू ओपी क्षेत्र के हेसागढ़ा गया हुआ था। वहां से लौटने के दौरान बेंगामोड़ पर वह अपनी मोटरसाइकिल किनारे कर पेशाब कर रहा था। इसी दौरान गिद्दी की तरफ से रामगढ़ आ रहे स्विफ्ट कार जेएच 01 ईवी 3472 ने उसे धक्का मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह कार बेहद तेज गति से चल रही थी और अनियंत्रित थी। हादसे के बाद कार वहां पलट गई। आनन-फानन में जयराम मुंडा को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

जहां से चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के दौरान ही रविवार को जयराम मुंडा की मौत हो गई। मृतक के शव को लेकर परिजन सीधे रामगढ़ थाने पहुंचे और मुआवजे की मांग रखी। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

## पुलिस ने आपराधिक गिरोह के सदस्यों की गुप्त सूचना देने की जारी की अपील

▸ गैंग से हैं परेशान, तो पुलिस करेगी आपका समाधान : पवन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में पांडे गिरोह, श्रीवास्तव गैंग, अमन साहू गिरोह, अमन श्रीवास्तव गिरोह के अलावा कई अन्य अपराधी भी सक्रिय हैं। कुछ तथाकथित नक्सली संगठन के नाम पर भी लेवी वसूल रहे हैं। पुलिस ऐसे गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्तर से करवाई तो कर रही है।

लेकिन आम नागरिकों के सहयोग के बिना इन्हें जड़ से समाप्त करना असंभव है। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने रविवार से एक नई मुहिम आपराधिक गैंग के खिलाफ शुरू की है। उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति गैंग से परेशान है तो पुलिस उसका समाधान करेगी। उन्होंने एक अपील जारी करते हुए कहा कि गैंग के सक्रिय सदस्यों के बारे में कोई भी गुप्त सूचना दे सकता है। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पुलिस के समक्ष नहीं आना चाहता है तो वह थाने के बाहर लगे शिकायत पेटी में भी पर्ची डाल सकता है। हर पर्ची पर पुलिस की कार्रवाई अवश्य होगी। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि जिले में काम करने वाले ठेकेदार और व्यापारी निर्भीक होकर पुलिस से सहयोग लें। उन्होंने कहा कि गिरोह के लोग सबसे पहले उन्हें ही शिकार बनाते हैं। पुलिस की अपील है कि जैसे ही धमकी भरा फोन आता है, वे तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें। पुलिस के सहयोग से ही उनकी गाढ़ी कमाई को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों को कैसे हैंडल करेगी, उसके लिए पूरी योजना तैयार है। ठेकेदारों और व्यापारियों को पूरी सुरक्षा देना पुलिस की जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी तभी पूरी होगी जब आम नागरिक भी पुलिस पर भरोसा करेंगे।

## गांव बना अफीम मुक्त, अब ग्रामीण करेंगे तरबूज की खेती



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** अफीम के खिलाफ पुलिस के चलाए जागरुकता अभियान का असर मुरहू थाना क्षेत्र अंतर्गत मडगांव में देखने को मिला। इस गांव की ग्रामसभा ने फैसला लेकर अपने गांव को पूरी तरह से अफीम मुक्त बना दिया। ग्रामीणों ने यहां तरबूज और अन्य फसल लगाने का निर्णय लिया है।

गांव में पानी की समस्या को देखते हुए एसपी अमन कुमार द्वारा ग्रामसभा एवं सेवा योजना सोसाईटी के साथ मिलकर आर्थिक सहयोग कर बोरीबांध बनाया। खूंटी पुलिस के मेजर और जवानों ने भी श्रमदान के साथ उनका हौसला बढ़ाया। जिला को अफीम मुक्त बनाने के लिए खूंटी पुलिस ने एक और कदम लोगों को जोड़ने के लिए आगे बढ़ाया। खूंटी को अफीम मुक्त बनाने के लिए जिला पुलिस सदैव तत्पर है।

## अमन श्रीवास्तव गिरोह को सपोर्ट करने वाला गिरफ्तार

▸ अमन श्रीवास्तव गिरोह के लिए मीटिंग कराता था अशरफ

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के पतरातू क्षेत्र के में अमन श्रीवास्तव गिरोह को सपोर्ट करने वाला अशरफ अंसारी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। वह गैंग के लिए मीटिंग अरेंज करता था और ठेकेदारों को बैठाकर रकम तय करता था।

रविवार को उसकी गिरफ्तारी की सूचना पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि अशरफ अंसारी बाहर से गैंग को पूरा सपोर्ट देता था। किस तरह से मीटिंग अरेंज करनी है, कहां अरेंज करनी है, ठेकेदारों को गाड़ी से कैसे पहुंचाना है, यह सारी जिम्मेदारी गैंग की तरफ से उसे ही सौंपी गई थी। पतरातू थाना क्षेत्र के रोचाप निवासी अशरफ अंसारी उसदिन भागने में सफल रहा था, जब एलेक्सा रिसोर्ट में अपराधियों की बैठक हो रही थी। एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि पतरातु थाना क्षेत्र अतर्गत पतरातु रेलवे फाटक के पास फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने वाली कम्पनी एमजीसीपीएल के साईट पर 10 दिसंबर 2024 को अमन श्रीवास्तव गिरोह के द्वारा फायरिंग कराया गया था। उसके बाद उक्त कम्पनी के मैनेजर से लेवी लेने के लिए अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य लगातार फोन पर धमकी दे रहे थे। सीडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि रंगदारी की रकम तय करने के लिए एमजीसीपीएल कंपनी के मैनेजर को पांच जनवरी को एलेक्सा रिसोर्ट में बुलाया गया था। वहां अमन श्रीवास्तव गिरोह के लोग भी आए



थे। पुलिस को जब सूचना मिली तो वहां छापेमारी की। उस दौरान दीपक कुमार, शहादत अंसारी, एहसान अंसारी को गिरफ्तार जेल भेजा गया था। वहां एक नाबालिक युवक गुलफान अंसारी को कोर्ट के आदेश पर बाल सुधार गृह भेजा गया था। गुलफान को गैंग के लोगों ने रिसोर्ट के बाहर नजर रखने के लिए तैनात किया था।

एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी दीपक और शहादत के निशानदेही पर सुजुकी फ्रोनेक्स गाडी पंजीयन (जेएच 01 एफएच-8859) से एक देशी पिस्टल बरामद किया गया था। इस संबंध में पतरातु थाना में मामला दर्ज हैं। इस मामले के फरार आरोपित रोचाप निवासी असरफ अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## कोचिंग संस्थान में विदाई समारोह का आयोजन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली निचे टोला स्थित जेपीएस स्टडी रिसर्च सेंटर कोचिंग संस्थान में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दसवीं और बारहवीं वर्ग के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई।

कार्यक्रम में डीएवी विद्यालय सिल्ली के शिक्षक विकास कुमार दुबे एवं शम्भु नाथ मुखर्जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया वहीं संस्थान के संचालक सुभाष सिंह ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डीएवी के शिक्षकों




ने बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए परीक्षा की तैयारी एवं अच्छे अंक प्राप्त करने की टीप्स दिए। मौक पर कोचिंग संस्थान के संचालक ने कहा कि संस्थान के बच्चे लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विगत दिनों संस्थान के छात्रा संध्या कुमारी और बेबो महतो ने झारखंड पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में बेहतर अंक साथ सफल हो कर संस्थान का मान बढ़ाया है। उन्हें पुरी उम्मीद है कि इस वर्ष भी उनके संस्थान के बच्चे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बच्चों ने कहा कि उन्हें कोचिंग संस्थान की कमी महसूस होती रहेगी। यहां की शिक्षा यहां का माहौल उन्होंने बड़ा याद आयेगा। सभी ने अतिथियों एवं संचालक के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और नमः आंखों से विदाई ली। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की और अतिथियों के हाथों सभी बच्चों को छात्र छात्राओं को उपहार दिया गया। मौके पर संस्थान के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** जिले के कैथा स्थित केजीबीभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस में भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि देश के केंद्रीय बैंक के रूप में देश की वित्तीय और मौद्रिक व्यवस्था को विनियमित करने के साथ साथ वित्तीय शिक्षण, वित्तीय समावेशन व वित्तीय जनजागरण के प्रसार जैसी बुनियादी जिम्मेदारियों के लिए भी प्रतिबद्ध है। भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय ने बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष भर के लिए कई नवोन्मेषी कार्यक्रमों और अभिनव पहलों की परिकल्पना की है।

## भ्रष्टाचार जांच विभाग की बैठक में शामिल हुए ईस्ट इंडिया जोनल सेक्रेटरी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** भ्रष्टाचार जांच विभाग रामगढ़ जिला का बैठक टायर मोड़ सरवन बैंक्वेट हॉल में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सहायक सचिव मनोज कुमार वर्मा एवं संचालन अमित कुमार ने किया।

मुख्य रूप से सेंट्रल जॉइंट चेयरमैन कुमार शिवम, ईस्ट इंडिया जोनल सेक्रेटरी हरिनाथ साहू, प्रदेश जॉइंट असिस्टेंट डायरेक्टर अजय कुमार गौतम, सूरज जयसवाल, डिस्टिक ऑफीसर गणेश जयसवाल, रंजीत विश्वकर्मा, रोहित कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा, कुलजीत सिंह उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सेंट्रल सहायक चेयरमैन कुमार शिवम द्वारा संगठन के उद्देश्यों एवं संगठन विस्तार पर विस्तार से अपना विचार व्यक्त किए। जोनल सेक्रेटरी हरिनाथ साहू ने कहा बहुत जल्द संगठन का विस्तार पूरे प्रदेश के सभी जिलों में कर लिया जाएगा। श्री साहू ने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा जिन चार जिलों में संगठन बन चुका है जिसमें रांची, सिमडेगा, खूंटी और रामगढ़ जिलों में जिला मुख्यालय खोलने एवं जिला स्तर में प्रशिक्षण की व्यवस्था केंद्रीय चेयरमैन जगदंबा प्रसाद की गौरवमई उपस्थिति में अगले माह तक कराई जाएगी। प्रदेश सहायक अध्यक्ष अजय कुमार गौतम ने कहा सभी पदाधिकारीगण स्थानीय प्रशासन के साथ आपसी तालमेल बैठाकर अपने क्षेत्र में कहीं भी भ्रष्टाचार जैसी गतिविधि की सूचना मिलती है तो जनहित में भुक्तभोगी द्वारा लिखित रूप से पूरे साछ्य के साथ प्रदेश टीम को सूचना देते हुए संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारियों के साथ वार्ता और प्रशासन से मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हेतु आवश्यक कदम उठाना है। उक्त बैठक में भ्रष्टाचार निरोधक जांच विभाग के पदाधकारियों के साथ रामगढ़ जिले के कई विभागों से प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक संगठन के अगुवा लोग शामिल हुए।

### 13वीं लखटकिया चैम्पियन्स ट्रॉफी में केके ब्रदर्स रांची का कब्जा



**सोनाहातू।** 13वीं चैम्पियन ट्राफी एक दिवसीय फुटबॉल खेल लखटकिया टूनार्मेंट का खिताब केके ब्रदर्स रांची की टीम ने अपने नाम कर लिया। सोनाहातू स्थित थाना मैदान में रविवार को आठ टीमों के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में केके ब्रदर्स रांची की टीम ने सूरज ब्रदर्स बंता को 1 गोल से पराजित किया। विजेता टीम को आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो, मांडू विधायक निर्मल महतो,आजसू महासचिव हरेलाल महतो,ओर पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा के द्वारा नगद 1 लाख 31 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, उपविजेता टीम को संजय मेहता,वीणा मुंडा, चितरंजन महतो, मुखिया सविता देवी, सावना महली, संजय महतो,आदि ने संयुक्त रूप से 81 हजार रुपए व ट्रॉफी दिए गए। इनके अलावे तृतीय व चतुर्थ स्थान रखने वाले दोनों टीमों आयंस एग्रीपावर ईचागढ़ और ब्लैक उंटर एफसी खूंटी को नगद 31 - 31 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्याम महतो, सुषेण प्रमाणिक,रमेश सिंह मुंडा, विपत भंजन मुंडा , खंजन महतो, बीरेंद्र मुंडा, धरनी देवी, रायमनी देवी, अभिमन्यु महतो,अभिराम महतो,गन्धर्व महतो,काली महतो आदि सदस्यों एवं स्थानीय खेलप्रेमियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### आजसू पार्टी के रांची जिला सोशल मीडिया प्रभारी की मां का निधन, अंतिम संस्कार आज



**सिल्ली।** प्रखंड के लोवादाग पंचायत के डोमनडीह गांव निवासी आजसू पार्टी के रांची जिला सोशल मीडिया प्रभारी नन्द किशोर महतो की मां हेमला देवी (80) का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 9 बजे सिल्ली नदी के डोमनडीह घाट पर किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। उनके निधन की खबर फैलते ही आस पास के लोग मित्र एवं रिश्तेदार उनके निवास स्थल पर पहुंच कर शौक संवेदना व्यक्त किया एवं परिजनों को ढांढस बंधाया।

### तुन्कू में झारखंड सांस्कृतिक मेला हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**सिल्ली।** प्रखंड के तुन्कू गांव में रविवार को झारखंड सांस्कृतिक मेला हर्षोल्लास के सम्पन्न हो गया। जिसमें छौऊ नृत्य समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मेले में जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। मेले में लोगों ने चाट चाउमिन फुचका आदि का जम कर लुत्फ उठाया वहीं बच्चों ने झुले का खुब आनंद लिया। मुख्य अतिथि विचार चौधरी एवं जितेंद्र बड़ाइक ने आयोजन समिति का सराहना करते हुए झारखंड की सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों से इसका संरक्षण करने का आग्रह किया। मेले के आयोजन में धिरेन्द्र महतो, नन्द किशोर महतो,मदन मोहन महतो, बुद्धेश्वर ,अरुन कुमार,सुफल महतो,कृष्णा महली,देवधन महतो, बिपिन समेत ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

# रणधीर गुप्ता सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में हुए शामिल

## कांग्रेस ही कर सकती है झारखंड की भलाई : केशव महतो कमलेश

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रविवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ता मिलन समारोह में शिरकत किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के पुराने नेता रणधीर गुप्ता और उनके समर्थकों को दोबारा कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड की भलाई सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है। यहां की जनता के सुख दुख में कांग्रेस ने ही साथ दिया है। इसलिए यहां की नस-नस में कांग्रेस बसी हुई है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में कांग्रेस को छोड़कर दूसरे दलों में हुए नेता और कार्यकर्ता वापस वापस लौट रहे है। आज रामगढ़ का होनहार और ऊजार्वान साथी रणधीर गुप्ता



अपने साथियों के साथ घर वापसी कर रहे है। रंधीर गुप्ता ने पार्टी में रहकर मजदूर और विस्थापितों के लिए लंबा संघर्ष किया है। जिसका उदाहरण अरगड्डा कोलियरी है। रामगढ़ पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्रियों और विधायकों के कार्यों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हर किसी के कार्यकाल की समीक्षा होगी। हालांकि अभी सरकार के गठन हुए कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन फिर भी यह जरूरी है। इस मौके पर हसीबुल अंसारी, अशोक कुमार, सदानंद सिंह, सुरेंद्र मुंडा, गोरी मुंडा, हुसैन खान, फिरोज खान, राहुल प्रसाद, सलीम अंसारी, पिंकी देवी, रजनी देवी, शांति देवी, शीला देवी, रीना देवी, ममता देवी, कलीम अंसारी, विकास प्रजापति, कृष्ण नायक, आकाश प्रजापति, पिंटू भइया, रिंकू भइया, अंजना देवी, पूजा देवी, हिना खान, आरती देवी, मीनू खातून, गुड़िया देवी, झरिया खातून, सविता देवी, मोना देवी सहित सैकड़ो लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली।

### मैं अगल होकर भी, कांग्रेस पार्टी से अलग नहीं हो पाया : रणधीर

रणधीर गुप्ता पहले कांग्रेस पार्टी में ही थे। 2019 में उन्होंने इस्तीफा देकर आजसू पार्टी का दामन थामा था। रविवार को घर वापसी के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़ने के बावजूद वे कांग्रेस से अलग नहीं हो पाए। अब मैं दुगनी ताकत के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत करूंगा और कोलियरी के मजदूरों के लिए लड़ाई लडूंगा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री प्रदीप बालमुचू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, गो रक्षा समिति के चेयरमैन राजीव रंजन, प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद, डॉ. राकेश किरण, बलजीत सिंह बेदी, बजरंग महतो, शांतनु मिश्रा आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### सरहुल पूर्व संध्या 31 मार्च को मनाने का निर्णय

**रांची।** सरना नवयुवक संघ की बैठक मोरहाबादी के हातमा स्थित आदिवासी लूर अड्डा में डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में हुई। इसमें सरहुल पूर्व संध्या धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। डॉ उरांव ने बताया कि सरहुल पूर्व संध्या आगामी 31 मार्च को मनाया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरहुल पर्व पर केन्द्रित पत्रिका सरना फूल के लिए विभिन्न विषयों यथा आदिवासी सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और समसामयिक पर आलेख 28 फरवरी तक मंगाया जाएगा। सामाजिक सेवा के लिए विशिष्ट पांच व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रसिद्ध चित्रकार लोधेर उरांव द्वारा निर्मित चित्रों को प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए आदिवासी लूर अड्डा में रखा जाएगा। डॉ उरांव ने बताया कि तैयारी का जायजा लेने के लिए संघ की अगली बैठक 18 फरवरी को दोपहर 1 बजे होगी। बैठक में प्रो धीरज उरांव, डॉ बंदे खलखो, प्रो विकास उरांव, प्रसिद्ध चित्रकार सह सहायक शिक्षक लोधेर उरांव, डॉ जोहे भगत, शोधार्थी कृष्णा उरांव, मंजू कुमारी, अमर उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

### कर्मियों के बच्चों की स्कूल फीस माफ कराए प्रबंधन :संघ

**रांची।** एचईसी मजदूर संघ की बैठक रविवार को रांची के धुर्वा स्थित क्वार्टर नंबर सीडी 241/3 में सुनील कुमार पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित एचईसी के कर्मचारी और संघ के सदस्यों ने एचईसी की समस्याओं को लेकर गहन विचार विमर्श किया। बैठक में संघ के महामंत्री रमा शंकर प्रसाद ने कहा कि एचईसी समय पर वेतन नहीं दे रहा है। इससे कर्मियों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। प्रबंधन पर कर्मियों के 25 माह का वेतन बकाया है। उन्होंने कहा कि कर्मी अपने बच्चों की स्कूल फीस भी नहीं दे पा रहे हैं। इसके चलते स्कूल से उन्हें बार-बार नोटिस दिया जा रहा है। मौके पर संघ के अन्य? सदस्यों ने कहा कि एचईसी परिसर में जितने भी स्कूल हैं, उनसे प्रबंधन बात कर 100 प्रतिशत फीस माफ कराए। ताकि, ज्यादा से ज्यादा वर्क ऑर्डर आए। बैठक में रमाशंकर प्रसाद, जीतू लोहरा, सुनील कुमार पांडे, सुनील कुमार, सरोज कुमार, राजेश सोनी, संजय कुमार, मनोज कुमार, उदय शंकर, घनश्याम ठाकुर, अनिल तिवारी, सुधीर कुमार चौधरी और मनोज कुमार समेत संघ के अन्य सदस्य मौजदू थे।

### श्री श्याम संघ की निशान शोभायात्रा 10 मार्च को, पोस्टर का विमोचन

**रांची।** श्री श्याम संघ के तत्वामवधान में 10 मार्च को अपर बाजार स्थित स्थानीय श्री राधा वल्लभ मंदिर में फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। एकादशी के मौके पर श्याम भक्त निशान पूजन कर अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। इसे लेकर संस्था के सदस्यों ने गणेश जी के मंत्रोंचार के साथ 16 फरवरी को फाल्गुन पोस्टर का विमोचन किया। अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया कि? 10 मार्च फाल्गुन सुदी एकादशी के अवसर पर प्रातः 7 बजे स्थानीय श्री राधा वल्लभ मंदिर से 301 पावन निशान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। निशान शोभायात्रा अपर बाजार के विभिन्न मार्ग होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। एकादशी के दिन निशान अर्पित करने का अलग महत्व है। महोत्सव संयोजक आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्याम प्रेमी निशान कार्ड के लिए 8340503661, 9835162257, 9955453736, 9835918837 पर संपर्क कर सकते हैं। शात 7 बजे से श्री राधा वल्लभ मंदिर में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, नयनाभिराम झांकी, अखंड ज्योत, सवामनी, महाप्रसाद एवं फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा।

# मेगा ट्रेड फेयर में उमड़ी खरीदारों की भीड़, समापन आज

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का समापन 17 फरवरी को होगा। फेयर के अंतिम दिन स्टॉलधारियों की ओर से आकर्षक ऑफरों की बरसात होगी। कई उत्पादों पर भारी छूट मिलेगी। रांचीवासी इन आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स का संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस फेयर में रविवार को लोगों की भारी भीड़ जुटी। फेयर में लगे सभी हैंगरों में लगे स्टॉलों पर लोग खरीदारी करते दिखे। लोगों की भीड़ और खरीदारी होता देख स्टॉलधारी भी खुश नजर आये। वहीं, ट्रेड फेयर में प्रवेश के लिए लंबी लाइन लगी हुई थी। टिकट कांउटर पर टिकट लेने के लिए लंबी लाइन दिखी। ट्रेड फेयर में आठ देशों और 15 राज्यों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी है। फेयर में हैंडीक्राफ्ट आईटम, वुडन फर्नीचर, हैंडलूम, इलेक्ट्रिक आईटम, रोटी बनाने, आटा गूंथने की मशीन, क्रॉकरी आईटम, कटलरी, किचन, वेयर, खादी के कपडे, गिफ्ट आईटम की जमकर खरीदारी हो रही है। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, राहुल साबू, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



### दो महिला मंत्री पहुंचीं

**ट्रेड फेयर में झारखंड चैंबर की ओर से महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्य की दो महिला मंत्री ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। इसके अलावा राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी भी मौजूद होकर उपस्थित महिलाओं को प्रोत्साहित किया। कृषि मंत्री ने झारखंड चैंबर से राज्य सरकार के सहयोग से कॉन्क्लेव करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर हमेशा राज्य सरकार को उद्योग और व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नये नये आइडिया देते आ रहा है। राज्य के कई लोग स्किल और रोजगार से नहीं जुड़े हैं। इसमें एक बड़ा गैप है। राज्य सरकार और झारखंड चैंबर मिलकर इस गैप को भर सकते हैं।**

# संत रविदास ने इंसानियत के जरिए देश को आगे बढ़ाया : संजय सेठ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भारत महर्षि और संतों का देश रहा है और यह हमारा सौभाग्य है कि संत शिरोमणि रविदास की प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के साथ भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए अग्रसर हैं। संत शिरोमणि रविदास महाराज ने जात पात, छुआछूत, ऊंच नीच को भुलाकर इंसानियत के साथ समाज और देश को आगे बढ़ाया। उक्त बातें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संत रविदास की 648 वीं जयंती के मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास की प्रेरणा से समाज के अंतिम व्यक्ति जिन्हें भाजपा प्रथम व्यक्ति मानती है उन तक विकास कार्य पहुंच रही है। वहीं अंग्रेज और मुगल और कुछ राजनीतिक दलों ने समाज को बांट कर देश को विखंडित करने का काम किया। लेकिन भाजपा हमेशा से सभी को एकजुट कर देश को विकास की गति पर आगे बढ़ने का काम कर रही है। भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने कहा कि भाजपा परिवार अनुसूचित जाति समाज के बीच संगठन को मजबूत करने के लिए मोर्चा के इस कार्यक्रम को आयोजित किया है। यह कार्यक्रम समाजिक जीवन को प्रभावित करने का काम करेगा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह देश सनातन संस्कृति का है। इस वर्ष महाकुंभ में पूरी दुनिया को चकित कर दिया है। हमारी संस्कृति हमारा धर्म हमें कभी भी जात-पात और ऊंच नीच में विश्वास नहीं करता। कांके के पूर्व विधायक जीतू चरण राम, देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के मुखपत्र अंत्योदय संकल्प का पुनर्विमोचन किया गया। इस मौके पर विमल बैठा समेत दर्जनों कार्यकर्ता पुनः पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर शिवधारी राम,रंजन पासवान, प्रभात भुईया, कमलेश राम,विमल बैठा,जोगेंद्र लाल, खुदा राम,सूरज दास,राजीव राज लाल समेत अन्य मौजूद थे।



## मार्क्सवाद में सभी का विकास संभव : केसरी




प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय रांची में रविवार को पार्टी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षण देने पहुंचे पार्टी के विजेंद्र केसरी ने कहा कि मार्क्सवाद के सिद्धांत बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि मार्क्सवाद में सभी का विकास संभव है। केसरी ने मार्क्सवाद के मूलभूत सिद्धांत भौतिक द्वंदवाद को रखते हुए कहा कि मार्क्स ने आदर्शवादी दार्शनिकों को खारिज करते हुए भौतिकवादी वैज्ञानिक चेतना को दुनिया के सामने लाया। उन्होंने कहा कि पदार्थ का रूप परिवर्तन होता है, कोयला जलाने पर ऊर्जा में कोयला का मूल तत्व रह जाता है। केसरी ने कहा कि दुनिया में परिवर्तन से राजा रानी हैं, किसी सत्ता से नहीं। समाज में परिवर्तन उत्पादन के साधनों के परिवर्तन से होता है। केसरी ने प्रशिक्षण लेने पहुंचे युवा कार्यकताओंसे कहा कि मार्क्सवाद ही असली दर्शन है। प्रशिक्षण शिविर में भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, केडी सिंह, एटक के राज्य सचिव अशोक यादव, राजेंद्र यादव, जैनेंद्र कुमार भंते, अजय कुमार सिंह, सुजीत घोष और नेमन यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राज्य में सशक्त वैचारिक माहौल बनाना लक्ष्य : सुदेश




प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सुदेश ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य राज्य में एक सशक्त वैचारिक एवं राजनीतिक माहौल तैयार करना है, जिससे संगठन की विचारधारा को अधिक प्रभावी ढंग से जन जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनावी सीमाओं से परे, समाज के हर वर्ग के लोगों का पार्टी में जुड़ना इस नए नेतृत्व की स्वीकार्यता को दशार्ता है। मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव बुद्धिजीवी मंच के डॉ मुकुंद मेहता, संजय मेहता अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष डॉ पार्थ परितोष, जिला सचिव दयाशंकर और परवाज खान समेत अन्य मौजूद थे। मिलन समारोह में एमडी शफीक खान (मुहर्रम सेंट्रल कमिटी अध्यक्ष), मोहम्मद नईम (संगठन मंत्री), मोहम्मद जीशान, मोहम्मद कैफ जुबैर, डॉ अखिलेश, ओवैस अख्तर, आनंद राज, रौशन कुमार महतो, गौतम सिंह, संजीव सिंह समेत अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालात-साह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में वरीय न्यायिक पदाधिकारी कुशेश्वर सिंकु के साथ मयंक मलयाज, मनोज कुमार इंदवार, शंभु महतो, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत वर्मा, कारापाल, काराकर्मी बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार, रांची और एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, सहायक बिरेंद्र प्रताप, न्यायालयकर्मी और कई बंदी उपस्थित थे। विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए केंद्रीय कारा में 10 बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए दिया गया था। इसमें से चार बंदियों को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा मुक्त किया गया, जिनमें सिटु कुशवाहा, विक्की कुमार, पन्ना किस्कू और राकेश अहीर का नाम शामिल है। जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को लीगल एड क्लिनिक के बारे में जानकारी दी गई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बंदियों की समस्याओं को सुना और उनसे आवेदन लेकर उक्त समस्याओं के जल्द समाधान के लिए मौजूद एलएडीसी एवं सदस्यों को निर्देश दिया। इस मौके पर मैडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर डालसा सचिव ने कहा कि आगे भी मेडिकल कैंप लगाकर कैदियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। वहीं महिला बंदी कक्ष में महिला बंदियों के बीच विशेष जागरुकता शिविर भी लगाया गया।

**जेल अदालत के जरिए चार बंदी हुए मुक्त**



## उर्दू को मुसलमानों ने जन्म नहीं दिया है : सुभाषिनी अली




प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** अंजुमन तरक्की उर्दू हिन्द, झारखंड का पहला राज्य सम्मेलन पुरानी विधान सभा में आयोजित किया गया। पहले सत्र की अध्यक्षता अंजुमन तरक्की उर्दू के राष्ट्रीय सचिव अतहर फारूकी ने की। इस सत्र में कंवेनर रिपोर्ट सम्मेलन के कंवेनर एम जेड खान ने प्रस्तुत किया। रिपोर्ट में अंजुमन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को बताया गया। अंजुमन की स्थापना 1882 में की गई। इस अंजुमन से महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद, शिबली नुमानी आदि का संबंध रहा है। इस सत्र में विशेष अतिथि के रूप में झारखंड के स्वास्थय मंत्री इरफान अंसारी मौजूद थे। मंत्री ने कहा कि उर्दू का संबंध किसी विशेष धर्म से नहीं जोड़ा जाय, बल्कि यह एक भारतीय भाषा है। एक तहजीब का नाम उर्दू है। उन्होंने कहा कि उर्दू को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह नहीं मिला है। उर्दू कमजोर नहीं है। उर्दू से प्यार करने वाले काफी हैं। उन्होंने उर्दू भाषा में शिक्षा प्राप्ति पर भी जोर दिया। इस सत्र में जालिब वतनी की पुस्तक 'उडान' का विमोचन किया गया।

**अंजुमन तरक्की उर्दू हिन्द का पहला राज्य सम्मेलन संपन्न**

# श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव में खेली गई फूलों की होली

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम परिवार रांची द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव-2025 रविवार को प्रातः 4 बजे श्री गणेश जी महाराज एवं सारे देवी देवताओं के पूजन के साथ आरंभ हुआ। प्रभु श्री श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। भारत के विभिन्न कोनो से अनेकों तरह के रंग-बिरंगे फूलों से प्रभु श्री श्याम की मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्री श्याम परिवार के महेश सैन, मंटू जालान, अनु शर्मा, पवन शर्मा, जयदीप राज आदि ने श्री श्याम परिवार की तरफ से प्रभु का गुणगान किया। महाभोग, 56 भोग, खीर-चूरमा और विभिन्न प्रकार के फलों एवं मेवों का भोग प्रभु को अर्पण किया गया। प्रातः 8 बजे से स्वर श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आरंभ संदीप सुल्तानिया (कोलकाता) के द्वारा परंपरागत नृत्य नाटिका के साथ किया गया। करीब 500 भक्तों ने श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ में भाग लिया। प्रभु की सवामणि का प्रसाद तकरीबन 2000 भक्तों ने प्राप्त किया। श्री रानी सती मंडल ने प्रसाद खिलाने की जिम्मेवारी को बड़े ही सहजता पूर्वक निभाया। शाम 6 बजे से फतेहाबाद से आई श्रीमती परविंदर पलक ने अपने भावपूर्ण भजनों से भक्तों को आत्म विभोर किया। उनके द्वारा ह्मेरा सांवरिया आएगा .... और खाटू को श्याम रंगीला रे.....ह्ल आदि भजनों की प्रस्तुति दी गई। सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक सरदार हरविंदर पाल (रोमी) ने अपनी प्रस्तुति प्रभु श्री श्याम और भक्तों के समक्ष रखी। हम गरीबों का सहारा..... कीर्तन की है रात बाबा आज थान्न आनो है...... मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे..... खाटू को श्याम रंगीला रे खाटू को एसो तो रंगीला ......जैसे भजनों से प्रभु की महिमा का गुणगान करके भक्तों को खूब झुमाया। जयपुर राजस्थान से पधारी श्रीमती रजनी राजस्थानी की प्रभु की महिमा का गुणगान के साथ प्रभु को प्रसन्न करने के लिए धमाल फागुन और होली के भजनों से सारे भक्तों को एवं प्रभु को खूब झुमाया। पूरा माहौल श्री श्याममय हो गया है। फागुन के रंग में ऐसा रंगा कि? श्री श्याम हवेली दुगार्बाड़ी आज खाटू धाम जैसा लग रहा था। उनकी प्रस्तुति श्री श्याम के दरबार मची रे होली..... हाथों में लेकर निशान चला रे.... नैना नीचा करले श्याम से मिलावली क्यां ...... होली आई रे कन्हाई रंग बरसे....... आदि भजनों की प्रस्तुति से सारे भक्त खूब झूमे नाचे। प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 2025 में विश्व प्रसिद्ध खाटू धाम से विशेष रूप से पधारे महाराज शक्ति सिंह चौहान (सेवक परिवार खाटू धाम) ने विशेष पूजा अर्चना की। सभी भक्तों को खूब आशीर्वाद दिया। मोर छड़ी का झाड़ा दिया। मुख्य आकर्षक स्वरूप भजनों के मध्य इत्र की वर्षा और पुष्पों की होली का एक अनूठा कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इसमें सारे भक्तों ने नाचते झूमते हुए खूब आनंद लिया। इसके बाद 101 वैवाहिक जोड़ों ने महाआरती में भाग लेकर प्रभु श्री श्याम की आरती। उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अध्यक्ष श्रवण जालान ने बाहर से आमंत्रित सारी मंडल को सम्मानित किया। महोत्सव को सफल बनाने में महामंत्री मंटू जालान, महोत्सव संयोजक प्रकाश दालानिया, अशोक धानुका, महेश सैन, आतिश सिंह, अजय जालान, पवन शर्मा, अमित चौधरी, कमल जालान (बंकट), जयदीप राज, राजेश अग्रवाल, पवन जालान, पवन लोहिया, अरविंद मंगल, मनोज अग्रवाल, मदन सोनी, विनय राज भाटिया, रमेश अग्रवाल, बालचंद जैन, गोपाल चांगल, पवन जालान, आशीष शर्मा (मोनू), ज्योति पोद्दार, वरुण जालान, रजत जालान, अमित सोनी, शंभू अग्रवाल, नमन चांगल, रोहित चांगल, आदि सभी श्री श्याम परिवार के सदस्य का योगदान रहा। यह जानकारी प्रचार संयोजक अमित चौधरी ने दी।



## संक्षिप्त

### भाजपा की बैठक में सदस्यता अभियान और चुनाव पर चर्चा



**चक्रधरपुर।** टोकलो मंडल की इटीहासा पंचायत में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष साइबो प्रधान ने की। इसमें भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान और बूथों में चुनाव महापर्व पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सभी कार्यकताओं को निर्देश दिए गए कि अपने-अपने बूथों में कम से कम 50 सदस्य अवश्य जोड़ें, ताकि संगठन सशक्त और मजबूत हो सके। बैठक में टोकलो मंडल के प्रभारी अशोक दास, जिला के पूर्व उपाध्यक्ष पवन शंकर पांडे, ललित मोहन गिलूवा, पंडित महतो, नरसिंह महाली, रवि चक्रवर्ती, सुरेश कुमार प्रधान, अष्ट चंद्र नायक, धर्म गोप और कई अन्य कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

### मानवता की सेवा में हजारीबाग यूथ विंग, 3 मार्च को आयोजित करेगा रक्तदान शिविर



**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगामी 3 मार्च को आयोजित भव्य रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए विभिन्न विद्यालयों, संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों के साथ जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई अन्य लोगों को संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। इन सभी से आग्रह किया गया की वे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाएं और रक्तदान के इस पुनीत कार्य में सहयोग करें। इस शिविर के माध्यम से 200 से भी अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों, जिन्हें हर 45 दिनों में रक्त की आवश्यकता होती है, उनके लिए जीवनदायी रक्त एकत्रित किया जाएगा। सभी से अपील की गई है कि वे आगे आकर इन बच्चों के लिए एक सहारा बनें। यह रक्तदान शिविर लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में आयोजित होगा और प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। रक्त संग्रहण का कार्य शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से किया जाएगा। रक्तदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर 10 से अधिक रक्त संग्रहण बेड एवं रक्त कुर्सी लगाई जा रही हैं, ताकि रक्तदान प्रक्रिया में किसी को असुविधा न हो। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस महत्त्वपूर्ण सामाजिक कार्य में अपना योगदान दें और मानवता की सेवा में आगे आएं। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, और यह हमारा नैतिक दायित्व है कि जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। 3 मार्च को आयोजित इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोग जुड़ें और थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए जीवनरक्षक रक्तदान करें। हमारा एक छोटा-सा प्रयास किसी के जीवन का आधार बन सकता है। वही अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि यह हजारीबाग यूथ विंग सदैव समाज सेवा के लिए तत्पर रहा है। यह रक्तदान शिविर न केवल जरूरतमंदों की सहायता का माध्यम है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी एक प्रयास है। हम सभी विद्यालयों, संस्थानों और नागरिकों से अपील करते हैं कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और रक्तदान कर एक नई उम्मीद जगाएं।

### झारखंड गृह रक्षा वाहिनी गुमला जिला के नव नामांकित गृह रक्षकों के पारण परेड कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त शामिल

# नव नामांकित गृह रक्षकों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के नव नामांकित गृह रक्षकों के प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को आयोजित पारण परेड में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय शामिल हुई। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया,मौके पर रोहित आनंद समादेष्टा हजारीबाग मौजूद रहे। तत्पश्चात उपायुक्त के द्वारा उन सभी 206 प्रशिक्षु गृह रक्षकों को पद और गोपनीयता शपथ दिलाई गई। उपायुक्त के द्वारा मुख्य परेड कमाण्डर पवन कुमार साहु, द्वितीय परेड कमाण्डर सोमनाथ भगत एवं अन्य सभी कम्पनी के कमाण्डर को पुरस्कृत किया गया। क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग में महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा का कार्यालय के द्वारा 16 दिसंबर 2024 से 16 फरवरी 2025 तक कुल 63 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया,जिसमें कुल 206 प्रशिक्षु गृह रक्षक (सभी गुमला जिला के) सम्मिलित हुए। इस मौके पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी नव नामांकित गृह रक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए संबोधित किया। उन्होंने कहा वर्दी धारण करने का अर्थ है अनुशासित रहना। वर्दी रक्षा का प्रतीक है विश्वास का प्रतीक है। किसी भी वदीर्धारी को ऐसा कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए जिससे वर्दी के सम्मान पर ठेस पहुंचे। उन्होंने गृह रक्षा वाहिनी के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कम समय में व्यवस्थित प्रशिक्षण देने पर तारीफ की तथा सभी प्रशिक्षु लगन एवं तन्मयता से प्रशिक्षण पूर्ण किए वें भी बधाई की पात्र है। सभी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षु गृह रक्षकों को .303 रायफल एवं 5.56 एम० एम० इन्सास से 10-10 राउण्ड लक्ष्याभ्यास / लक्ष्याभेदन फायरिंग रेंज पदमा हजारीबाग में कराया गया।





### प्रशिक्षुओं को दक्ष बनाने के लिए कई अन्य प्रकार के दिए गए हैं प्रशिक्षण

**क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु गृह रक्षकों को अनिल पलटा डी०जी० के निर्देशन में अनेको प्रकार के प्रशिक्षण दिया गया। जैसे-टर्नआउट, व्यक्तिगत कवायद, आधुनिक हथियार (5.56 एम० एम० इन्सास), भीड़ नियंत्रण, गार्ड / संतरी का कर्त्तव्य, नागरिक सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन, भी०आई०पी० डियूटी, यातायात नियंत्रण, अनुशासन, श्रम एवं आपदा प्रबंधन इत्यादि।**

## चाईबासा में नक्सलियों के मंसूबों पर फिरा पानी, आईईडी बरामद



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों को रविवार को एक बड़ी सफलता मिली। गोईलकेरा थाना क्षेत्र के लेमसाडीह के आसपास के जंगली और पहाड़ी इलाके में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लगाए गए एक आईईडी को बरामद कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा/कोल्हान क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। इसके मद्देनजर चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बीएन, 203 बीएन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बीएन, 197 बीएन, 174 बीएन, 193 बीएन, 134 बीएन, 26 बीएन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सुरक्षा बलों को नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम करते हुए एक आईईडी बरामद करने में सफलता मिली। बम निरोधक दस्ते की सहायता से आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। इससे एक बड़ी घटना टल गई।

# मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया चांडिल डैम का निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चांडिल।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू नें रविवार को चांडिल डैम का निरिक्षण किया। इस दौरान उनके साथ विधायक सविता महतो व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान विधायक सविता महतो नें पारडीह काली मंदिर के समीप मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री नें डिमूडीह, बोराबिंदा, केशरगढ़ीया का निरिक्षण कर बोट से चांडिल डैम नौका बिहार पहुंचे। जहाँ उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने मंत्री व विधायक को छो : मुखुटा व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मनित किया। इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू नें कहा चांडिल डैम हमरा लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, निश्चित रूप से यहां पर सुविधा बढ़ाने के लिए नई चीजों को सोचने के लिए विधायक सविता महतो से मार्ग दर्शन के लिए चांडिल डैम के खूबसूरती और पर्यटकों के लिए और बेहतर क्या किया जा सके जिसका निरिक्षण किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी के साथ उपयुक्त रविशंकर शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरबिंद कुमार विन्हा, अंचल अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव, चारुचांद किस्कु, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो,कृष्णा किशोर महतो, मंत्री महतो, जगदीश सरदार, दिलीप महतो, नारायण गोप, श्यामल मार्डी, सरदीप नायक, शंकर लायेक, राहुल वर्मा आदि उपस्थित थे।

### चांडिल डैम के नीचे छोर पर रिसोट व केसरगाड़िया आयलैंड पर बनेगा इको कॉटेज



### गढ़देवी मंदिर में मत्था टेककर शहर में चलाया भिक्षाटन अभियान

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के अन्य प्रखंडों के साथ-साथ गढ़वा शहर में भी कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली और उनकी टीम ने रविवार को भिक्षाटन अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरूआत शहर में स्थित मां गढ़देवी के चरणों में मत्था टेककर, पूजा-अर्चना और आशीर्वाद लेकर की गई। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए सहयोग जुटाया गया। लोगों को इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने और विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। विकास माली ने कहा कि यह अभियान समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता देने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई गरीब परिवार आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं।

# सांसद कालीचरण ने टंडवा में किया महादेव डिग्री कॉलेज का उदघाटन



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने रविवार को टंडवा प्रखंड मुख्यालय के शहीद चौक स्थित झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त महादेव डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर इस शैक्षणिक संस्थान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कॉलेज के संचालक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय छात्रों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि यह कॉलेज झारखंड के शिक्षा स्तर को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस संस्थान से निकले विद्यार्थी बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर होंगे और समाज व राष्ट्र के निर्माण में योगदान देंगे। उद्घाटन समारोह में अनेक गणमान व्यक्ति उपस्थित थे।

### मिशन हॉस्पिटल में 'जननी स्वास्थ्य मेला' का आयोजन

# महिलाओं का होगा निःशुल्क उपचार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगल सोसाइटी द्वारा संचालित रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दो दिवसीय 'जननी स्वास्थ्य मेला' का आयोजन किया जा रहा है। 17 फरवरी यानि सोमवार से लेकर 18 फरवरी यानि मंगलवार तक मिशन होस्पिटल परिसर में महिलाओं के लिए विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त होगा। शिविर के माध्यम से हेयर ट्रांसप्लांट एवं अन्य जांच में भारी छूट महिलाओं को प्रदान किया जाएगा। अनुभवी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य कर्मी सक्रियता एवं तत्परता से निशुल्क शिविर में जुटे रहेंगे। महिलाओं को शिविर की जानकारी प्राप्त करने के लिए 9430165926, 9297993810 हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। मौके पर संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को घर की व्यस्ततम कार्य को लेकर कई बार ऐसा देखा जाता है कि नियमित समय पर स्वास्थ्य की देखभाल नहीं करने से गंभीर एवं जटिल बिमारी पकड़ लेता है। जिससे महिलाओं को आर्थिक खर्च एवं कई परेशानियों को सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सही समय पर स्वास्थ्य की देखभाल एवं उपचार हेतु 17 फरवरी सोमवार से दो दिवसीय निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि बिमारी की पूर्वत जांच एवं उपचार कर स्वास्थ्य देखभाल में सहुलियत एवं राहत मिले। इसके साथ ही शिविर में महिलाओं को निशुल्क उपचार एवं जांच करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा।






## शहीद करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के आवास पर पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके माता-पिता से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट की और कहा कि शहीद पूरे देश के लिए सर्वोपरि है । आज सेना के जवान बॉर्डर पर है, तभी हम लोग अपने घरों में चैन की नींद सो पाते हैं। साथ ही साथ उन्होंने कहा की यह माता-पिता धन्य है जिन्होंने ऐसे शूरवीर को जन्म दिया जिन्होंने अपने देश के खातिर बलिदान दे दी और वीरगति को प्राप्त किया। इनके इस कृत्य के लिए पूरा देश इनका आभारी रहेगा और जिसे शब्दों से बयां कर पाना काफी मुश्किल है। हजारीबाग सिख समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष से आग्रह किया कि पैगोडा चौक का नामकरण कप्तान शहिद करमजीत सिंह बक्शी के नाम पर किया जाए जिस पर पहल करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने तत्काल विभाग के सचिव और सरकार के संबंधित पदाधिकारी से बात की और इस पर संज्ञान लेते हुए उनसे आग्रह किया कि चौक का नामकरण जो है करमजीत सिंह बक्शी के नाम पर हर हालत में झारखंड सरकार करने का काम करेगी।

### चैनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे डीसी

# आगामी परीक्षाओं को लेकर छात्राओं को दिये टिप्स

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन शनिवार शाम अचानक चैनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की बच्चियों संग चौपाल के जरिये हाल जाना। आगामी परीक्षाओं को लेकर कई जरूरी टिप्स दिये। उन्होंने कई बच्चियों से संवाद स्थापित कर पढ़ाई में आ रही कठिनाइयों से अवगत होते हुए उन कठिनाइयों से कैसे पार पाना है इसके गुर बताये। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से स्पष्ट रूप से कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिये मेहनत तो अत्यंत आवश्यक है। मेहनत का दूसरा कोई शार्टकट नहीं होता। उन्होंने आगामी भविष्य में विषय चयन करने, अपना गोल सेट करने,इंटरेस्ट के अनुसार स्ट्रीम चुनने आदि विषयों पर बच्चियों के मार्गदर्शन किया। इसके अलावे उपायुक्त ने वार्डन से विद्यालय के संपूर्ण व्यवस्था की भी जानकारी ली। उपायुक्त श्री रंजन ने मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्राओं से विशेष संवाद किया।इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अनिल ने उक्त छात्राओं को मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम पास करने से संबंधित कई टिप्स दिये। इसके अलावे मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन व सदर एसडीएम सुलोचना मीणा द्वारा भी बच्चियों का करियर काउंसलिंग किया गया। बच्चियों संग संवाद के पश्चात सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय में रात्रि भोज का भी आनंद लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, वार्डन समेत अन्य उपस्थित रहे। जिले के उपायुक्त कस्तूरबा की बच्चियों के शिक्षा के प्रति पूर्व से ही गंभीर हैं। उपायुक्त की पहल से ही जिले में सितंबर, 2024 से ही ₹सपनों की उड़ान₹ प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया है। इसके तहत 150 छात्राओं को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की तैयारी करायी जा रही है। छात्राओं को 75-75 की संख्या में दो समूहों में बांटा गया है। 75 छात्राएं इंजीनियर जबकि 75 छात्राएं मेडिकल की तैयारी कर रही हैं। इंजीनियरिंग की कोचिंग करने वाले छात्राओं को सदर कस्तूरबा, जबकि मेडिकल की कोचिंग करने वाली छात्राओं को चैनपुर कस्तूरबा में रखा गया है। इन बच्चियों में पढ़ाई के प्रति मोटिवेशन का प्रसार करने के उद्देश्य से 20 सितंबर को मेदिनीनगर के टाउन हॉल में सुपर 30 फिल्म भी दिखाया गया है। इसके अतिरिक्त इन बच्चियों के तैयारियों का विभिन्न स्तर पर मॉनिटरिंग किया जा रहा है।



प्रातः नागपुरी

स्टील सिटी

रांची, सोमवार 17-02-2025



## संक्षिप्त

### बोकारो थर्मल से बाइक की चोरी

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत शहीद भगत सिंह पार्क के समीप से शनिवार की रात्रि बाइक चोरों के गिरोह ने एक बाइक की चोरी कर ली। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कसमार निवासी शाहिद अंसारी अपनी बाइक नंबर- जेएच 09एएम 8970 लेकर कसमार से बोकारो थर्मल जलसा में आया था। जलसा के पूर्व वह बाइक लेकर बाजार आया और अपनी बाइक शहीद भगत सिंह पार्क के समीप खड़ी कर बाजार गया। वापसी पर बाइक अपने स्थान पर नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो स्थानीय थाना को सूचना दी।

### पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**बोकारो।** कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए भारत के वीर जवानों को राष्ट्रीय बजरंग दल ने श्रद्धांजलि अर्पित की। जैनामोड़ चौक पर सैकड़ों कार्यकताओं ने दीप जलाकर भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बोकारो जिला अध्यक्ष विजय सिंह, जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, सह- मंत्री राजकुमार तथा सक्रिय सदस्य सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने पुलवामा हमले में शहीद जवानों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा।

### माई-बहिन-वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह 20 को

**आदित्यपुर।** 20 फरवरी को आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति द्वारा माई-बहिन-वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा. यह समारोह अपराह्न 2:30 बजे से आदित्यपुर-2 के मार्ग संख्या-15 स्थित मैदान (वॉर्ड नंबर-32) में होगा। समारोह में राज्य के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, विशिष्ट अतिथियों में विभिन्न विभागीय पदाधिकारी, शिक्षा और उद्योग जगत के सम्मानित व्यक्ति भी समारोह में आमंत्रित हैं। समारोह के प्रचार-प्रसार के लिए राजद और आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति द्वारा शहर में 100 से अधिक होर्डिंग्स और बैनर लगाए जाएंगे। श्री सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री से कोल्हान क्षेत्र के औद्योगिक और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में न्यूनतम मजदूरी, बोनस और अन्य श्रम कानूनों को सख्ती से लागू करने की मांग की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान यह भी प्रस्तावित है कि कोल्हान और झारखंड से युवाओं के पलायन को रोकने के लिए नए उद्योगों की स्थापना की जाए। इसके साथ ही, सभी उद्योगों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने की भी मांग की जाएगी। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 17 फरवरी 2025 को आदित्यपुर-2 के मार्ग संख्या-10 स्थित कल्याण कुंज सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पुरेंद्र नारायण सिंह ने की।

# राज्य का पहला स्काई डाइविंग फेस्टिवल हुआ शुरू

▸ पर्यटन मंत्री ने किया उद्घाटन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**जमशेदपुर।** झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिब्य कुमार सोनू ने आज जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर आयोजित पहले स्काई डाइविंग फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जिला प्रशासन के कई प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे। यह फेस्टिवल 16 से 23 फरवरी तक चलेगा और झारखंड में पहली बार स्काई डाइविंग का आयोजन हो रहा है। फेस्टिवल के उद्घाटन के दौरान पर्यटन मंत्री सुदिब्य कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और यह स्काई डाइविंग फेस्टिवल उन प्रयासों का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार साहसिक खेलों और पर्यटन के नए क्षेत्रों पर काम कर रही है, और इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों से राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बनेगी।



### नए साहसिक खेलों की ओर एक कदम

मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य न केवल खनिज संपदा में समृद्ध है, बल्कि यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और साहसिक खेलों की अपार संभावनाएं हैं। सरकार डीजीसीए के दिशा-निर्देशों और सुरक्षा मानकों के तहत जमशेदपुर में स्काई डाइविंग का आयोजन कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार विभिन्न साहसिक खेलों, जैसे कि रॉक क्लाइंबिंग, मोटर / पाराग्लाइडिंग और खनन टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है।

#### झारखंड में पर्यटन के नए आयाम

फेस्टिवल के दौरान मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है, बल्कि साहसिक खेलों को भी प्राथमिकता दे रही है। इस आयोजन से राज्य के स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और झारखंड को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

## बंद खदान में नहाने गए युवक की डूबकर हुई मौत

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जिले के गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जरीडीह ऊपर बाजार निवासी रामचरित यादव (40) की मौत जरीडीह मोड़ रेलवे गेट के समीप बंद पड़ी खदान में रविवार की दोपहर को नहाने के क्रम डूबने से हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही गांधीनगर थाना पुलिस के एएसआई रवि नारायण झा, एएसआई श्रीकांत दरबे आदि घटनास्थल पर पहुंचकर पानी से शव को निकाला। पुलिस परिजनों से पंचनामा कराकर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि रामचरित यादव दिन के लगभग दो बजे बंद पड़ी खदान में नहाने गया था। कपड़ा आदि साफ कर नहाने के क्रम में वह पानी में डूब गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। उस समय उक्त घाट पर कोई भी नहीं था। इस कारण लोगों को काफी देर के बाद इसकी जानकारी हुई। इस संबंध में मृतक के बड़े भाई महेंद्र यादव ने बताया कि वह अकेले रहता था। कई वर्षों से मिर्गी रोग से पीड़ित था। शायद कपड़ा साफ करने के समय मिर्गी का दौरा पड़ा होगा और वह पानी में डूब गया।

## प्रशासन की कार्रवाई से अवैध भट्ठा संचालकों में हड़कंप

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**गोमिया।** उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह के मार्गदर्शन में खनन विभाग की टीम ने बेरमो अनुमंडल के जागेश्वर विहार और रहावन ओपी क्षेत्र में चल रहे अवैध चिमनी ईट भट्ठों का निरीक्षण किया।

खनन विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में अवैध रूप से ईट निर्माण के लिए बनाई गई कई चिमनियों को पता लगाया। इन चिमनियों के संचालन में अनियमितता की जानकारी मिली है। चिमनी भट्ठा के संचालन से न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। खनन विभाग की टीम ने इन अवैध ईंट भट्ठों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके पर खान निरीक्षण सीताराम टुडू और स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहे। जिला खनन पदाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन और कोयले के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।



स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का समर्थन किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है।

## होली मिलन सह स्थापना दिवस समारोह को लेकर बैठक

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला द्वारा स्थानीय पुस्तकालय मैदान, जनवृत 5 में समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिवाकर दुबे की अध्यक्षता में आगामी 9 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस के लिए 11 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व ज्योति प्रकाश द्विवेदी करेंगे।



संचालन समिति के अन्य सदस्यों में अर्चना चौबे, मिली चौबे, दिवाकर दुबे, श्रवण कुमार झा, वीरेंद्र कुमार चौबे, बबलू पांडेय, मृणाल मनीष पांडेय, संजय पांडेय, विजय त्रिपाठी एवं मनोज पांडेय शामिल हैं। संचालन समिति के कार्यों को गति देने के लिए पांच सदस्यीय मार्गदर्शक समिति का भी गठन किया गया, जिसमें विमलेश पांडेय, सोमनाथ पांडेय, शैलेंद्र तिवारी, अखिलेश ओझा एवं अक्षय दुबे शामिल हैं। महासचिव श्रवण कुमार झा एवं सचिव वीरेंद्र चौबे ने बताया कि बोकारो में विप्र होली मिलन समारोह दो दशकों से भी अधिक समय से लगातार आयोजित किया जा रहा हैय जिसमें पूरे प्रदेश से अनेकों विप्र श्रेष्ठ उपस्थित होते हैं। इस समारोह का शुभारंभ आराध्यदेव भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना एवं वेद मंत्रों से की जाएगी तथा पूरे विश्व के कल्याण एवं शांति हेतु प्रार्थना की जाएगी। मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, होली गायन तथा समाज की भावी योजनाओं पर चिंतन के साथ ही इस समारोह का मुख्य आकर्षण फूलों से खेली जाने वाली होली होगी।

आज की बैठक में मुख्य रूप से संपूर्ण विप्र समाज के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल एवं प्रदेश महासचिव (संगठन) मृणाल कांत चौबे सहित दिवाकर दुबे, श्रवण कुमार झा, वीरेंद्र कुमार चौबे, ज्योति प्रकाश द्विवेदी, अर्चना चौबे, मिली चौबे, विजय कुमार त्रिपाठी, अखिलेश ओझा, अक्षय कुमार दुबे, अशोक कुमार पांडेय, कुंदन उपाध्याय, राममूर्ति पाठक, सरोज तिवारी, उमेश चंद्र दुबे, वीरेंद्र नाथ तिवारी एवं अर्जुन पांडेय उपस्थित रहे।

### लॉन बॉल प्रतिस्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता रेशमा को मंत्री ने दी बधाई



**गोमिया।** रविवार को राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से 38वें राष्ट्रीय खेल में लॉन बॉल प्रतिस्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर निवासी रेशमा कुमारी ने उनके मुरुबंदा स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान मंत्री श्री महतो ने उन्हें स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा कि रेशमा ने अपने हुनर और अद्भुत खेल प्रतिभा के बल पर क्षेत्र समेत पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि युवाओं को खेल के क्षेत्र से जुड़ने और बेहतर करने को प्रेरित करेगा। आने वाले सभी प्रतियोगिताओं में भी वे बेहतर प्रदर्शन जारी रखें और देश का नाम रोशन करें, ऐसी कामना है। इस मौके पर झामुमो के उपाध्यक्ष अमित पासवान, रोहित, राजू शाह सहित होसिर गांव के अन्य लोगो ने भी बधाई दी।

## बोकारो से कुंभ स्नान के लिए रवाना हुए स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** स्वदेशी जागरण मंच के 40 कार्यकताओं का एक समूह महाकुंभ स्नान के लिए रविवार को बोकारो से प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। इस समूह का नेतृत्व स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सम्पर्क प्रमुख अजय कुमार चौधरी एवं जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा कर रहे हैं।

मंच के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि मंच के कार्यकर्ता हर घर स्वदेशी, युवाओं को गुणवत्तापूर्ण रोजगार एवं उद्यमिता आयोग बनाने के उद्देश्य के प्रचार प्रसार हेतु अपने साथ कर पत्रक ले जा रहे हैं, जिसे वह पूरे रास्ते वितरण करते हुए जाएंगे।

सिंह ने बताया कि प्रयागराज जा रहे मंच के कार्यकर्ता स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संचालित कैंप में ठहरेंगे, जो महाकुंभ मेला परिसर में ही लगभग 8 हजार स्क्वायर फीट में बना है और पिछले एक महीने से सभी सनातनियों को भोजन पानी एवं रहने की सारी व्यवस्था के साथ महाकुंभ के सेक्टर वन में अपनी सेवा दे रहे हैं। सभी कार्यकर्ता रात्रि विश्राम इस कैंप में करेंगे और सुबह कुंभ स्नान के बाद वापस बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सुभाष कॉलोनी में पानी का संकट

**जमशेदपुर।** गर्मी के आगमन के साथ ही मानगो की सुभाष कॉलोनी में पानी की समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। जैसे ही तापमान बढ़ा, स्थानीय बोरिंग भी सूखने लगीं और अब केवल पेयजल स्वास्थ्य विभाग की जलापूर्ति ही आखिरी उम्मीद बन चुकी है। पिछले एक वर्ष से मोहल्ले में पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण, अब स्थानीय लोग पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने कई बार पत्राचार किया और अधिकारियों से निवेदन किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। एक साल से ज्यादा वक्त हो चुका है और अब उम्मीदें टूट चुकी हैं। सुभाष कॉलोनी के लोग अब शहर की नगर निगम और पेयजल स्वास्थ्य विभाग से कोई उम्मीद नहीं रखते। समस्या के समाधान के लिए स्थानीय लोगों ने पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को बुलाया। उन्होंने मामले को अधिकारियों तक पहुंचाया और चेतावनी दी कि अब पत्राचार और निवेदन से काम नहीं चलेगा। अगर जलापूर्ति नहीं होती, तो पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी।

## गोमिया : युवती से दुष्कर्म का तीसरा आरोपी सरफुद्दीन अंसारी गिरफ्तार



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**गोमिया।** तेनुघाट डैम घूमने आई 22 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी सरफुद्दीन अंसारी उर्फ धुज्जा (37) वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है।


इसके पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह जघन्य अपराध 5 फरवरी को हुआ, जब झिरकी निवासी 42 वर्ष इमरान अंसारी और उसके दो साथियों ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों ने तेनुघाट ओपी में एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी इमरान अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार किया था। दूसरा आरोपी लाल मोहम्मद (43) वर्ष पिता रबुल अंसारी, झिरकी, थाना गोमिया (कथारा ओपी) को 14 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला छेड़छाड़ का लगा, लेकिन बाद में गंभीर अपराध की पुष्टि हुई। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, जिसके बाद तीसरे आरोपी सरफुद्दीन अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद से इलाके में रोष था, लेकिन पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने में तत्परता दिखाई। पुलिस की तत्परता से लोगों में न्याय की उम्मीद जगी है।

### अम्बिका पब्लिक स्कूल में विज्ञान, कला व साहित्य प्रदर्शनी आयोजित



**बोकारो।** अम्बिका पब्लिक स्कूल जैनामोड़ में आयोजित विज्ञान, कला और साहित्य प्रदर्शनी का उद्घाटन जीजीपीएस के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती और स्कूल के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि चक्रवर्ती ने प्रदर्शनियों का अवलोकन करने के बाद विद्यार्थियों की मेहनत और रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी प्रकार नवीन विचारों और नवाचार में प्रयास करते रहना चाहिए। स्कूल के प्राचार्य विजय सौरभ ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि प्रदर्शनी छात्रों को प्रतिभा दिखाने का मौका है। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशी सिंह और योगदान अंजू कुमारी, हर्षा चौबे, संजय सिंह, मीना तिर्की, पूजा गोस्वामी, इस्मिता तिर्की, सुनीता, प्रीति, दिनेश शर्मा, संजय रवानी, कंचन शर्मा, जसवंती तिग्गा, आभा टोप्पो, सुनील वर्णवाल, शालिनी सिंह तथा सुमन कुमारी ने किया।

### भाजपा का संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला ऊपरघाट में आयोजित



**बोकारो थर्मल।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट के पिलपिलो में रविवार को भाजपा ऊपरघाट मंडल के भाजपा संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ऊपरघाट मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार महतो ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रुप में ऊपरघाट मंडल प्रभारी निर्मल महतो शामिल हुए। निर्मल महतो ने कहा कि जिसको भी जो दायित्व मिला है, उसे हर हाल में अपना कर्तव्य ईमानदारी पूर्वक निभानी है जिससे भाजपा का संगठन मजबूत हो सके। ऊपरघाट मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं को सक्रिय होने की जरूरत है। कहा कि बोकारो थर्मल डीवीसी प्लांट में कार्यरत टेक्नो कंपनी में स्थानीय विस्थापित लोगों को नियोजन में नहीं लगाकर बाहरी मजदूरों को काम पर रखा जा रहा है। ऊपरघाट के पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सदस्यता प्रभारी रामचंद्र महतो ने कहा कि ऊपरघाट में अवैध कोयले की तस्करी खुलेआम चल रही है, इस पर स्थानीय प्रशासन से लेकर प्रदेश की निकम्मी सरकार भी मौन है, बहुत जल्द ऊपरघाट भाजपा इकाई अवैध कोयले की तस्करी पर रोक लगाने का काम करेगी। मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनोज महतो, टेकलाल सिंह, युवा मोर्चा के महामंत्री धनंजय कुमार महतो, भागीरथ महतो, चोलेश्वर महतो, गोविंद किस्कू, सुजीत सिंह, बलराम साव, रतन ठाकुर, अजय नायक आदि लोग उपस्थित थे।

# चिन्मय विद्यालय में लगा रक्तदान शिविर, रक्तवीर हुए सम्मानित

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में रक्तदान शिविर लगाया गया चिन्मय विद्यालय बोकारो के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की संस्था चिन्मय विद्यालय एलुमिनी एसोसिएशन एवं रेडक्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से 10वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों एवं शहर के निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में लगभग 60 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया। चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद, विद्यालय के अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार के साथ एलुमिनी एसोसिएशन के रणजीत कुमार, शशिकांत, डॉ पल्लव, संजीव मिश्रा, चंदन भाटिया, अंकित जैन, अभिषेक सिंह, विनय सिंह, शैवाल गुप्ता, नम्रता, सोनाली गुप्ता एवं अन्य सदस्यों ने शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।




इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद कर उसके जीवन की रक्षा की जा सकती है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है सभी रक्तदाता को रक्तवीर कहकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी बोकारो के वासुदेव मिश्रा, ज्योति प्रकाश द्विवेदी, राजकुमार, रंजन कुमार, ब्रह्मदेव प्रसाद, इशिका, राहुल कुमार एवं पप्पू भी उपस्थित रहे।


# दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसा: भगदड़ से शमशान घाट बन गया रेलवे स्टेशन, जिम्मेदार कौन?



नरेंद्र भारती

**देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हो चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा।**

भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन शमशानघाट बन गया दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गई ' महाकुम्भ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई ' देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं जिसका ताजा घटनाक्रम 15 फरवरी शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई ' अभी कुम्भ की घटना की स्याही भी नहीं सुखी थी की दिल्ली में यह हादसा हो गया कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था प्रयागराज में कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सेकड़ों घायल हो गए थे ' रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है ' ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी 'कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण33 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हो चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था। कुम्भ में भगदड़ के कारण जिन्दा लोग पल भर में लाशों में बदल गए। देश में मंदिरों में मेले व अन्य पर्व अब आस्थास्थल न होकर मरणस्थल बनते जा रहे हैं। कुम्भ में चारों तरफ लाशों के ढेर ही नजर आ रहे थे। लोगों का सामान चारों तरफ बिखरा पडा था। भगदड़ में सैकडों




महिलाएं ,बच्चे व बुर्जुग पैरों तले कुचल दिए गए , लोग बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे।मगर उनके अपने मौत की नीद सो चुके थे।चारों तरफ चप्पलें व जूते नजर आ रहे थे। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रशासन को पता था कि लाखों की तादाद में लोग व बच्चे आएगें तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। सरकार ने भले ही हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है मगर जो काल का गाल बन गए उसकी भरपाई कैसे होगी। अब प्रशासन मृतकों को लाखो रुपया मंआवजा दे रही है अगर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो यह हादसा रुक सकता था। मुआवजा समस्या का हल नहीं है। सरकारो द्वारा जो पैसा मुआवजे के रुप में दिया जाता है उससे व्यवस्था को सुधारने में लगाया होता तो आज यह नौबत न आती। आकडों पर नजर डाले तो आत्मा सिहर उठती है। 3 फरवरी 1954 को कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से 800 लोगों की मौत हुई थी ' 1986 में भी कुम्भ में में भगदड़ मचने से 200 लोग मारे गए थे '2006 में भी सिंध नदी में 50 तीर्थयात्री बह गए थे। 10फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुम्भ मेले 36 लोगों की मौत हुई थी और 39 लोग घायल हुए थे। 26 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधेरी मंदिर में 350 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी।नवंबर 2006 में उडीसा के शंदरपुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आरती के समय भदड़ में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनो घायल हुए थे।झारखंड के देवधर के एक आश्रम में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी, 30 सितंबर 2008 को जोधपुर में चामुडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मोत हुई थी।3 अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेरू के प्रसिध्द शक्तिपीठ नैना देवी में भगदड मचने से 162 लोग मारे गए थे तथा 300 घायल हुए थे। घटना के समय मंदिर में 20 से 25 हजार लोग मौजूद थे। मरने वालों में 104 लोग अकेले पंजाब के रहने वाले थे। 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रध्दालूओं की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। नंवबर 2012 में बिहार में छठ पुजा के दौरान गंगा नदी के घाट पर बना बांस का पुल टुटने से लोगों में भगदड़ मचने से 20 श्रध्दालुओं की मौत हो गई थी। बार-बार हादसे हो रहे हैं मगर सरकारें मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है।प्रशासन तब जागता है जब लाशों के ढेर लग जाते हैं। प्रशासन को इन हादसों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस घटना ने प्रशासन की बदइंतजामी की पोल खोल दी हैं। इस हादसे में कई अनाथ हो गए तो माताएं व बहनों का सुहाग उजड गया। ऐसे हादसे ताउम्र रोते हुए छोड़ जातें है। छोटे बच्चे दर-दर की ठोकरें खातें हैं। केन्द्र सरकार को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए तथा दोषियो के खिलाफ कारवाई करनी चाहिए और प्रत्येक मंदिरों व आस्था स्थलों में आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां गठित करनी चाहिए। मंदिरो में हर वर्ष करोडो. रूपया चढावा चढता है मगर श्रध्दालूओं की सुरक्षा रामभरोसे ही चल रही है। मंदिर कमेटियो को भी इन हादसो से सीख लेनी चाहिए। ताकि आने वाले समय में इन हृदयविदारक हादसो को रोका जा सके। अगर अब भी सबक न सीखा तो श्रध्दालूओं को मंदिरों में मौत की सौगातें मिलती रहेगी और आस्था स्थल व रेलवे स्टेशन शमशानघाट बनते रहेगें।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### आस्था की डुबकी

यह कुंभ कई मायनों में अप्रतिम रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के अनुसार अब तक प्रयागराज के महाकुंभ में लगभग 50 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। शायद ही कोई संत, महंत, साधु, संन्यासी ऐसा हो, जो चाहे किसी अखाड़े या संप्रदाय से क्यों न जुड़ा हुआ हो यहां न आया हो। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से लेकर सत्ता पक्ष के लगभग सभी बड़े नेता कुंभ स्नान कर चुके हैं। अंबानी और अडानी सहित देश के शीर्षक उद्योगपति परिवारों के लोग त्रिवेणी के जल में स्नान कर चुके हैं। फिल्म उद्योग तथा अन्य गतिविधियों से जुड़े हुए प्रसिद्ध और चर्चित चेहरे प्रयागराज की माटी चूम चुके हैं। सामान्य श्रद्धालुओं का जो उत्साह प्रारंभ में उमड़ता हुआ दिखाई दिया था उसकी उमड़.किसी भी दिन कम नहीं हुई। मौनी अमावस्या के दिन दुखद दुर्घटना हुई। कुछ श्रद्धालुओं की मृत्यु भी हुई। कई स्तर पर अव्यवस्था भी दिखाई दी। प्रयागराज पहुंचने वाले हर मार्ग पर मीलों लंबे जाम लगे। इन सबके अतिरिक्त विपक्षी दलों के नेताओं। ने चुन चुन कर प्रहार किया कांग्रेस के नेताओं ने कुंभ की मूल भावनाओं पर ही सवाल खड़े किए। इसके बावजूद आस्था के ज्वार में हर उत्सव को ठंडा करने वाला हर तत्व बह गया। शायद दुनिया की यह एकमात्र ऐसी परिघटना है जहां आस्था का इतना विकेट उद्वेलन देखा जा रहा है। अगर राजनीति की बात हो तो सत्ता पक्ष सत्ता पक्ष उत्साहित है, लेकिन विपक्ष को आस्था का यह सैलाब परेशान कर रहा है और प्रश्न यह है कि यह बाढ़ के नियंत्रित पानी जैसा या सुनामी जैसा आस्था का जो समुद्र उमड़ा है, क्या वह किसी रचनात्मक ऊर्जा का प्रतीक है जिसे अंततः अनियंत्रित होकर अराजक हो जाना है। क्या हिन्दुत्ववादी शक्तियों के पास सचमुच कोई ऐसी योजना है जिससे आस्था की इस स्फोट से राष्ट्रीय समाज के उत्थान के अनुशासित ऊर्जा का सृजन हो सके। अगर यह आस्था सकारात्मक और रचनात्मक दिशा की ओर नहीं ले जायी जाती है तो इसके परिणाम भारत जैसे बहुलतावादी देश के लिए नकारात्मक भी हो सकते हैं। वस्तुतः आस्था के समुद्र पर ऐसे बांध बनाने की जरूरत है जिनसे राष्ट्र हितवारी ऊर्जा संपन्न हो सके और सामाजिक विवेक का विस्तार हो सके।



## सूक्ति

सफलता हमेशा के लिए नहीं होती, विफलता कभी घातक नहीं होती यह तो लगे रहने की प्रवृत्ति हैं जो मायने रखती है
- विंस्टन चर्चिल

हमारे जीवन का उस दिन अंत होना शुरू हो जाता है जिस दिन हम उन विषयों के बारे में चुप रहना शुरू कर देते हैं जो मायने रखते है
- मार्टिन लूथर किंग

## चिंतन-मनन

### उत्तम शरण है धर्म

धर्म के बारे में भिन्न-भिन्न अवधारणाएं हैं। कुछ जीवन के लिए धर्म की अनिवार्यता को स्वीकार करते हैं। कुछ लोगों का अभिमत है कि धर्म ढकोसला है। वह आदमी को पंगु बनाता है और रूढ़ धारणाओं के घेरे में बंदी बना लेता है। शायद इन्हीं अवधारणाओं के आधार पर किसी ने धर्म को अमृत बताया और किसी ने अफीम की गोली। ये दो विरोधी तत्व हैं। इन दोनों ही तथ्यों में सत्यांश हो सकता है, यह अनेकांतवादी चिंतन का फलित है। धर्म की अनिवार्यता स्वीकार करने वालों के लिए धर्म है अंधकार से प्रकाश की यात्रा। आलोक आदमी के भीतर है। उसे पाने के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। आलोक तक वही पहुंच सकता है, जो अंतमरुखी होता है। अंतमरुखता धर्म है और बहिर्मुखता अधर्म है। अंतमरुखता प्रकाश है और बहिर्मुखता अंधकार है। अंतर्मुखता धर्म है और बहिर्मुखता अधर्म है। अंतर्मुखता आचार है और बहिमरुखता अतिचार है। जो व्यक्ति जितना भीतर झांकता है, उतना ही धर्म के निकट होता है।

धर्म को मानने वाले वे प्रबुद्ध लोग हैं जिन्होंने पूजा और उपासना को ही धर्म मान लिया। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा आदि धर्म-स्थानों में जाने वाले व्यक्तियों के हर आचरण को धर्म समझ लिया। धार्मिक क्रियाकांडों तक जिनकी पहुंच सीमित हो गई और धार्मिकों की दोहरी जीवनपद्धति को देखकर जो उलझ गए। भगवान महावीर अपने युग के सफल धर्म-प्रवर्तक थे। धर्म को जानने या पाने के लिए उन्हें किसी परंपरा का अनुगमन नहीं करना पड़ा। उन्होंने उस समय धर्म के द्विविध रुप का निरूपण किया। उनकी दृष्टि में धर्म का एक रूप अमृतोपम था तो दूसरा प्राणलेवा जहर जैसा।

# दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन?



विनोद कुमार सिंह




दिल्ली चुनाव में आप को अंहकार ले डुबी... देश की राजधानी दिल्ली में इन दिनों बंसत की बहती ब्यार के संग सता के सिंघासन पर कौन,दिल्ली का नया मुख्य मंत्री कौन होगा,इस पर चर्चा,चिन्तन व चिंताए दिखने लगी है। जैसा कि आप को मालुम है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव सम्पन्न व परिणाम भी हफ्ते बीत गए है। दिल्ली की जनता अपने नए मुख्य मंत्री का स्वागत करने का तत्पर है। लेकिन 48 सीट पर विजयश्री का सेहरा पहनें के बाद भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली की जनता को उनका मुख्य मंत्री देने में लाचार दिख रही है।8 फरवरी को दिल्ली विधान सभा के नतीजे आए।हालॉकि मुख्य मंत्री के नाम का ऐलान कभी भी हो जाएगा।नए सीएम के नाम की घोषणा में देरी की वजह प्रधानमंत्री मोदी का देश से बाहर होना था।ये बातें हम सब जानते हैं।सी ०एम० पद के दावेदारों के रूप में कई नाम पर कयास लगाये जा रहे है।रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता दिल्ली के नए मुख्यहो सकते हैं।श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के स्टूडेंट रहे विजेंद्र गुप्ता धीर गंभीर इंसान हैं।दिल्ली के मसलों को खूब जानते हैं।तीन बार नगर निगम पार्षद और चौथी बार विधायक बने हैं।वही जनकपुरी से विधायक आशीष सूद के नाम की भी चर्चा है।डेसू के अध्यक्ष रहे हैं।

कुछ लोगों के अनुसार प्रवेश वर्मा सी एम बनाए जायेंग या उन्हें कैबिनेट में शामिल किए जा सकते हैं।दिल्ली की कैबिनेट में राजौरी के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा को भी लिया जा सकता है।जंगपुरा से विधायक मारवाह या गांधी नगर वाले लवली के कैबिनेट में जगह बनाने की उम्मीद कम है।इसके पीछे उनका मूलतः कांग्रेसी होना है।जीके से विधायिका शिखा राय को भी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। वो भी पंजाबी हैं।कैलाश गहलोत को नई कैबिनेट में कोई खास विभाग मिलना निश्चित है।वो केजरीवाल सरकार में ट्रांसपोर्ट मंत्री थे।समझदार नेता हैं।जाट समाज से आते हैं।अगर मुस्तफाबाद से विधायक बने मोहन सिंह बिष्ट को विधान सभा का स्पीकर बनाया जा सकता है।वो भी लगातार विधायक बन रहे हैं।खैर ! वही राजनीति के पांडितयों के मध्य इन दोनों अरविन्द केजरीवाल व उनकी पार्टी आप की हार पर गहन अध्ययन व विवेचन किया जा रहा है। मै आप को बता दूँ कि भारतीय राजनीति के क्षितिज पर अन्ना हजारे के आन्दोलन का अबलम्बन ले कर जिस तरह आम आदमी के आशा व उम्मींद की नई किरण के साथ अरविन्द केजरीवाल ना केवल आया बल्कि अपने पार्टी का भी आम आदमी पार्टी रखा।जिस पर दिल्ली की भोली जनता ने दिल्ली सरकार के सता ना केवल तीन बारे के शीला दीक्षित को बाहर निकाल फेक कर अरविन्द केजरीवाल की सता पर आसीन किया।केजरीवाल के तीन बार मुख्यमंत्री बने रहें।भाग्य की विडम्बना देखिए जिस भष्ट्राचार , अपराध मुक्त विरोध में बुलन्द आवाज झण्डा चलते है।अंत स्वयं वे व उनकी आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता जेल चले गए,बाद में जेल से जमानत पर है।जहाँ तक इस बार दिल्ली विधान सभा का प्रशन है।तो मै स्पष्ट कर दूँ कि कुछ महीने पुर्व से ही केजरीवाल व उनकी पार्टी के खिलाफ माहौल चल रहा था।चुनाव आते आते ह्यकट्टर ईमानदारह्ण केजरीवाल के कल तक जो कट्टर समर्थक थे और इसके जबरदस्त विरोधी हो गये थे।ठीक वैसे ही जैसे पाँच वर्ष पूर्व पहले से ही दबी जुबान में भी डंका केजरीवाल का ही बोल रहा था।दिल्ली की जनता जर्नादन का संदेश साफ साफ था कि केजरीवाल जी तुम्हारीह्य गुमराहगीरी अब नहीं चलेगी।तुम अपने झूठ के सहारे एक बार नही बल्कि दो दो बार सता पा सकते हैं लेकिन बार बार नहीं,दिल्ली की जनता अब समझ चुकी थी कि अरविन्द केजरीवाल अपने विरोधी भाजपा व कॉंग्रेस पर जो आरोपों के सहारे तस्वीर बना रहे हैं।उनसे उनकी व आप की हार की लहर इन तस्वीरों में झलक रही थी।अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी की हार पर निश्चित तौर पर भाजपाई में खुशी है कि भारतीय राजनीति में केजरीवाल की मौकापरस्त व उनकी मूल्यविहीन राजनीति की हार है। उनका कहना है कि जिस अन्ना आंदोलन से लेकर अरविंद केजरीवाल ने अपना राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। सर्वविदित रहे कि अन्ना आंदोलन में सबसे पहले मंच पर भारत माता की बड़ी तस्वीर लगाई गई थी।लेकिन केजरीवाल और कंपनी ने जब देखा कि उससे इतना ज्यादा आकर्षण नहीं आ रहा है तो तुरंत उन्होंने अन्ना हजारे के पीछे महात्मा गांधी का बड़ा चित्र लगा दिया।परिणान स्वरूप अरविंद केजरीवाल रातों-रात त्याग तपस्या की मूर्ति व ईमानदारी का चोला ओढ़कर सबसे बड़े गाँधीवादी बन गए।कई बार उन्होंने राजघाट पर बापू की समाधि पर मौन व्रत और शांतिपूर्ण धरना भी दिया।लेकिन पहला मौका पाते ही उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यालय और फिर पंजाब में बनी सरकार के मुख्यमंत्री के कार्यालय से भी महात्मा धी की तस्वीर गायब कर दी।केजरीवाल की मौका परस्ती का यह बहुत बड़ा उदाहरण है। यहाँ पर मै स्पष्ट कर दूँ कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ(आरएसएस)हमेशा से गाँधी की विचारधारा का विरोधी रहा है लेकिन आरएसएस की पार्टी भाजपा के नेताओं ने भी कभी महात्मा गांधी की तस्वीर हटाने की हिम्मत नहीं की।जहाँ तक दिल्ली के मुसलमान के प्रशन है,तो दिल्ली के मुस्लीम मतदाताओं ने तीन चुनाव से आम आदमी पार्टी को वोट दे रहा है लेकिन शाहीनबाग में महिलाओं के धरने प्रदर्शन में मुख्यमंत्री केजरीवाल या उनका कोई व्यक्ति नहीं गया।दिल्ली के दंगों में उनकी भूमिका मुस्लिम विरोधी रही।सी ए ए(उअअ)व एन आर सी(ठफ्ऌ)के मुद्दे पर वे खामोश रहे।भारत के इतिहास में जब पहली बार कश्मीर के रूप में किसी राज्य का पूर्ण राज्य का दर्जा छीनकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया तो केजरीवाल ने सबसे पहले उसका स्वागत किया।

और राजनीति में सत्यता और ईमानदारी की बात करने वाले केजरीवाल अंततः शराब घोटाले में फंस गए।मैं नहीं जानता कि वाकई यह घोटाला हुआ या नहीं,इसमें केजरीवाल या उनके लोगों ने पैसा खाया या नहीं,लेकिन इतना तो सब लोग जानते हैं कि उन्होंने दिल्ली के घर-घर में शराब आसानी से उपलब्ध कराने की नीति बनाई थी।कम से कम यह नीति उस नैतिकता के बिल्कुल उलट है,जिसका स्वांग केजरीवाल भरा करते थे।उनके आलीशान सरकारी बंगले की नुमाइश भी उनके सादगी के अभिनय पर भारी पड़ी।जब इन सब बातों को एक साथ मिलकर देखते हैं तो सोचना पड़ता है कि अगरभाजपा की जगह केजरीवाल जीत जाते तो आखिर भारत के संवैधानिक धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को कोई फायदा होने वाला तो नहीं था।

*दबी जुबान से राजनीति पण्डितओं का मानना है कि अरविन्द केजरीवाल व आम आदमी पार्टी दिल्ली चुनाव में आप को अंहकार ले डुबी जहाँ तक मत के प्रतिशत का सवाल है तो दिल्ली कांग्रेस पार्टी ने अच्छा ही किया जो अपने दम पर चुनाव लड़ा 6.4 % से अधिक वोट पाए वहीकेजरीवाल की पार्टी करीब 2.4 प्रतिशत वोट से भाजपा से हार गई। उनका मानना है कि दिल्ली,पंजाब, गोवा,गुजरात,हरियाणा व उत्तराखंड में केजरीवाल व उनकी पार्टी ने कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचाया।इतना नुकसान खाने के बाद कम से कम कांग्रेस की यह नैतिक या रणनीतिक जिम्मेदारी नहीं थी कि वह भाजपा की बी टीम केजरीवाल की पालकी अपने कंधे पर ढोएते हुए कॉंग्रेस की पराजय को अपने गले मे हार बनाकर घुमते रहें।

# महिला उत्पीड़न कानून में सुधार की जरूरत



विजय कुमार झा

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान दहेज के खिलाफ बने कानूनों के दुरुपयोग को लेकर गहरी चिन्ता जताई है। इस दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए दहेज उत्पीड़न के मामलों पर सतर्कता बरतने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने निजी दुश्मनी निकालने या गलत इरादे से दहेज कानूनों के इस्तेमाल को लेकर कड़ी चेतावनी दी और इस मामले की सुनवाई करते हुए एक व्यक्ति पर उसकी पत्नी द्वारा दायर आरोपों को रद्द करने का भी आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने पति के खिलाफ लगे आरोपों को खारिज कर दिया। दरअसल, उस व्यक्ति की पत्नी ने उसके और उसके माता-पिता के खिलाफ आईपीसी की धारा 498-ए, 504, 506, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 और दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के तहत आपराधिक मामले दर्ज कराए गए थे। इससे पहले इसी मामले में हाई कोर्ट ने उस व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील की जांच करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ह्यऐसी परिस्थितियों में आपराधिक कार्यवाही जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। आपराधिक कानून का इस्तेमाल किसी को परेशान करने या बदला लेने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

दरअसल, पिछले कुछ दिनों से दहेज उत्पीड़न कानून को लेकर देश में लगातार चर्चा हो रही है। कई उच्च न्यायालयों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने इस कानून के बेजा इस्तेमाल पर सवाल उठाए हैं और कहा कि महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने वाला यह कानून कई बार पुरुषों के उत्पीड़न का हथियार बन जाता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। कलकत्ता हाई कोर्ट ने तो एक मामले की सुनवाई करते हुए घरेलू



हिंसा और दहेज उत्पीड़न कानून के बेजा इस्तेमाल को कानूनी आतंकवाद की संज्ञा दी थी। दहेज उत्पीड़न कानून के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता पर सवाल उठाते हुए पिछले सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका पहुंची, जिसे अदालत ने दो मिनट के अंदर खारिज कर दिया। इस अर्जी पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस के.वी. चंद्रन की बेंच ने कहा कि ह्यआप इस मामले में संसद के पास जाएं। कोई भी कानून बनाना और उसे खत्म करना संसद का काम है।ह्ण सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका रूपसी सिंह ने दायर की थी, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस कानून के कुछ प्रावधान अवैध हैं और उन्हें खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जनता की भावना है, जिसे उठाते हुए उन्होंने अर्जी दाखिल की है। हालांकि, अदालत उनकी दलीलों से बिलकुल भी सहमत नहीं दिखी और 2 मिनट के अंदर अर्जी पर सुनवाई से इनकार कर दिया। बेंच ने कहा, ह्ययाचिका डिसमिस है। आप संसद से यह बात करें।ह्ण स्पष्ट है कि देश की सर्वोच्च अदालत ने संसद से इस कानून में सुधार की अपेक्षा जताई। इसके पहले पिछले दिनों बेंगलुरु में रहने वाले एक इंजीनियर अतुल सुभाष ने घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न के मुकदमे से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने अपनी खुदकुशी से पहले एक वीडियो भी शेयर किया था, जिसमें उन्होंने दहेज उत्पीड़न कानून पर सवाल उठाए थे।

दरअसल, सच्चाई यही है कि महिला उत्पीड़न कानून देश में महिलाओं को दहेज और घरेलू हिंसा से बचाने के साथ-साथ उन्हें संरक्षण देने के उद्देश्य से लागू किया गया था। लेकिन, इस कानून का धड़ल्ले से दुरुपयोग किए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस कानून की आड़ में निर्दोष पुरुषों और उनके परिवारों को भी निशाना बनाया जा रहा है। यही वजह है कि इस कानून के गलत उपयोग पर देश भर में कई उच्च न्यायालयों ने सवाल उठाए हैं। देश की सर्वोच्च अदालत के साथ-साथ कई अदालतों ने भी इन कानूनों में सुधार की जरूरत पर जोर दिया है। क्योंकि, इन कानूनों का दुरुपयोग हो रहा है और इनका इस्तेमाल पति-पत्नी के बीच विवाद को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। एक तरफ हम सभी को समानता का अधिकार देने की वकालत करते हैं, जबकि दूसरी ओर इन कानूनों में लिंग के आधार पर भेदभाव है और इनका उपयोग केवल एक पक्ष की बातों पर फैसला सुनाने के लिए किया जा रहा है। ऐसे में हमारी सरकार अगर केवल आधी आबादी को खुश रखने के लिए इन कानूनों का दुरुपयोग किए जाने का पक्षधर बनी रहेगी तो उसे आधी आबादी के गुस्से का भी सामना करना पड़ सकता है। वैसे भी, घरेलू हिंसा और महिला उत्पीड़न के मामलों में न सिर्फ पुरुषों का उत्पीड़न किया जाता है, बल्कि निर्दोष घरेलू महिलाएं और उनके भोले-भाले बच्चे भी इन कानूनों का शिकार बनते हैं। इसलिए, केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह इस कानून को लेकर सर्वोच्च न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों की टिप्पणी को बार-बार नजरअंदाज न करे। क्योंकि, देश में अंग्रेजों के बनाए कानून (भारतीय दण्ड संहिता) को खत्म कर ह्यभारतीय न्याय संहिताह्ण लागू किया जाना भी तभी सार्थक होगा, जब केन्द्र सरकार इन सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर संसद से इन कानूनी विसंगतियों को जल्द से जल्द दूर करे।

Page - 07_Page - 07.qxd 17-02-2025 02:06 Page 1



## इन 6 लोगों को नहीं खाना चाहिए मखाना, सेहत को फायदे नहीं मिलेंगे सिर्फ नुकसान

मखाना, जिसे हम अक्सर चाय के साथ या हलके स्नैक्स के तौर पर खाते हैं, सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसमें ढेर सारे पोषक तत्व होते हैं, जैसे प्रोटीन, फाइबर, और एंटीऑक्सीडेंट्स, जो हमारे शरीर को मजबूती देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मखाना सभी के लिए सही नहीं होता? कुछ लोगों के लिए यह हानिकारक भी हो सकता है। अगर आप इनमें से किसी से जुड़ी समस्याओं से परेशान हैं, तो मखाना खाने से पहले एक बार सोच लीजिए। आइए जानते हैं किन 5 लोगों को मखाना खाने से परहेज करना चाहिए।

### डायबिटीज के रोगी

मखाना में उच्च मात्रा में कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं, जो ब्लड शुगर को बढ़ा सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को डायबिटीज है, तो उसे मखाना का सेवन सीमित मात्रा में और डॉक्टर की सलाह से करना चाहिए। इसके अलावा, मखाना का सेवन ज्यादा करने से शरीर में ग्लूकोज का स्तर असंतुलित हो सकता है, जिससे डायबिटीज की स्थिति खराब हो सकती है।

### गैस्ट्राइटिस और पाचन समस्याओं वाले लोग

मखाना के सेवन से कुछ लोगों को पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसमें फाइबर की अधिक मात्रा होती है, जो कभी-कभी पेट में गैस, सूजन, और कब्ज जैसी समस्याएं पैदा कर सकती है। यदि किसी व्यक्ति को गैस्ट्राइटिस, पेट की जलन, या अन्य पाचन समस्याएं हैं, तो उसे मखाना खाने से बचना चाहिए या फिर इसे सीमित मात्रा में खानी चाहिए।

### किडनी रोगी

मखाना में पोटेशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो किडनी के रोगियों के लिए हानिकारक हो सकता है। किडनी की बीमारी होने पर, शरीर से पोटेशियम की सही मात्रा बाहर नहीं निकल पाती, जिससे पोटेशियम का स्तर बढ़ सकता है और यह हृदय की समस्याएं पैदा कर सकता है। इसलिए, किडनी रोगी को मखाना खाने से बचना चाहिए या फिर इसे बहुत कम मात्रा में लेना चाहिए।

### एलर्जी से प्रभावित लोग

कुछ लोगों को मखाना से एलर्जी हो सकती है, जिससे उन्हें त्वचा पर दाने, खुजली, या अन्य एलर्जी के लक्षण हो सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को मखाना खाने के बाद कोई एलर्जी के लक्षण दिखते हैं, तो उसे मखाना से बचना चाहिए। ऐसे लोग मखाना के सेवन से पहले डॉक्टर से परामर्श लें।

### हाई ब्लड प्रेशर

हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत से दो चार हो रहे लोगों को मखाना ना खाने के लिए कहा जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि मखाना में सोडियम होता है और इससे हाई ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। इसीलिए हाई ब्लड प्रेशर से परेशान लोगों को मखाना ना खाने या कम खाने की कोशिश करनी चाहिए।

### गर्भवती महिलाएं

गर्भवती महिलाओं को मखाना का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए। मखाना में कुछ प्रकार के तत्व होते हैं जो शरीर में गर्मी पैदा कर सकते हैं, और ज्यादा सेवन से यह गर्भावस्था में असहज महसूस करवा सकता है। गर्भवती महिलाएं पहले डॉक्टर से सलाह लें कि मखाना उनका सेवन कर सकती हैं या नहीं, और यदि कर सकती हैं, तो कितनी मात्रा में करें।

मखाना खाने के फायदे : हालांकि, मखाना का सेवन बहुत से लोगों के लिए फायदेमंद होता है। इसमें उच्च मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स, और मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह हृदय स्वास्थ्य, पाचन, वजन घटाने, और त्वचा की सेहत के लिए भी लाभकारी है।





## सुबह उठते ही पिएं लौंग का पानी, ब्लड शुगर से लेकर बॉडी डिटॉक्स तक मिलेंगे ये बेहतरीन फायदे

**एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज और जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर लौंग का पानी आपके स्वास्थ्य, त्वचा और बालों के ग्रोथ के लिए बेहद फायदेमंद है. यह नेचुरल तरीके से आपको इस तरह के लाभ पहुंचाता है. आहार विशेषज्ञ और वेट मैनेजमेंट विशेषज्ञ डॉ. प्रत्यक्ष भारद्वाज इसे 卐एंटीऑक्सीडेंट का एक पावरहाउस卐 कहते हैं जो पाचन, प्रतिरक्षा और यहां तक ??कि वेट मैनेजमेंट में भी मदद करता है.**

### स्वास्थ्य लाभ

पाचन को बढ़ावा देता है और सूजन से लड़ता है : लौंग का पानी आपके पाचन तंत्र के लिए अद्भुत काम करता है।यह सूजन, गैस्ट्रिक समस्याओं और अपच को कम करने में मदद करता है. डॉ. भारद्वाज कहते हैं, 卐लौंग का पानी सूजन और गैस्ट्रिक समस्याओं के लिए एक प्राकृतिक उपाय है. यह डिटॉक्सिफिकेशन प्रक्रिया का भी समर्थन करता है.

वजन घटाने में मदद करता है : लौंग का पानी आपके मेटाबॉलिज्म को बहुत जरूरी बढ़ावा दे सकता है. इसका एक्टिव कंपाउंड , यूजेनॉल, फ़ैट मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे यह वेट मैनेजमें डेली रूटीन में सहायक होता है. ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है : यदि आप अपने ब्लड शुगर को नेचुरल तरीके से मैनेज करना चाहते हैं, तो लौंग का पानी आजमा कर देश सकते है. लौंग में मौजूद यूजेनॉल ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है और ओवरऑल मेटाबॉलिक हेल्थ का समर्थन करता है.

रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है : लौंग के पानी में एंटीऑक्सीडेंट की हाई अमाउंट होने के कारण यह आपके रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत बनाता है, जिससे आप आम संक्रमणों और बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं.

आपके दांतों के लिए अच्छा : लौंग के पानी के एंटी बैक्टीरियल प्रॉपर्टी मुंह में सूजन को कम करके मौखिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं. लौंग के पानी से कुल्ला करने से आपकी सांसों को भी तरोताजा करने में मदद मिल सकती है.

### सौंदर्य लाभ

मुंहासे और दाग-धब्बों से लड़ता है : लौंग के पानी के सूजनरोधी और रोगाणुरोधी गुण मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने, लालिमा को कम करने और साफ त्वचा को बढ़ावा देने में मदद करते हैं.

आपकी त्वचा को चमकदार बनाता है : लौंग के पानी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट मुक्त कणों से लड़ते हैं, जो सुस्ती और समय से पहले बुढ़ापे का कारण बन सकते हैं. नियमित उपयोग से आपकी त्वचा चमकदार और स्वस्थ दिख सकती है.

चिड़चिड़ी त्वचा को आराम देता है : अगर आपकी त्वचा में खुजली या जलन है, तो लौंग के पानी के शांत करने वाले गुण राहत दे सकते हैं.

### बालों के लिए लाभकारी

बालों के रोम को मज़बूत बनाता है : लौंग का पानी स्कैल्प को पोषण देता है और बालों के रोम को मजबूत बनाता है, जिससे बालों का झड़ना कम होता है और विकास को बढ़ावा मिलता है.

रूसी से लड़ता है : लौंग के पानी के रोगाणुरोधी गुण रूसी और खुजली को कम करने में मदद करते हैं, जिससे आपकी स्कैल्प स्वस्थ रहती है.

बालों में चमक लाता है : लौंग के पानी से अपने बालों को धोने से उनमें प्राकृतिक चमक और कोमलता आ सकती है, जिससे आपके बाल ज्यादा जीवंत दिखते और महसूस होते हैं.

### सावधानी बेहद जरूरी

माना कि लौंग के पानी के कई लाभ हैं, लेकिन नियंत्रित मात्रा में इसका सेवन करना बेहद जरूरी है, इसके अधिक इस्तेमाल से जलन या संवेदनशीलता हो सकती है. डॉ. भारद्वाज सलाह देते हैं कि अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप पेशेवर मार्गदर्शन के साथ लौंग के पानी को अपनी दिनचर्या में शामिल करें.

### लौंग का पानी कैसे बनाएं

लौंग का पानी बनाना आसान और किफायती है. जानें बनाने की विधि

सामग्री

1 चम्मच साबुत लौंग

1 कप पानी

बनाने की विधि

सबसे पहले एक कप पानी उबालें और इसमें लौंग डालें और उन्हें 10-15 मिनट तक भीगने दें. लौंग निकालने के लिए पानी को छान लें। पीने या अपनी त्वचा या बालों पर इस्तेमाल करने से पहले इसे आरामदायक तापमान पर ठंडा होने दें. अतिरिक्त स्वाद और लाभों के लिए, आप इसमें नींबू का एक टुकड़ा या एक चम्मच शहद मिला सकते हैं. सुबह खाली पेट एक कप लौंग का पानी रोजाना पिने से बहुत लाभ मिलता है.



## डायबिटीज के मरीज

## भूलकर भी न करें इन फलों का सेवन, बढ़ सकता है ब्लड शुगर का लेवल

डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है. आज के समय में इस बीमारी से करोड़ों लोग पीड़ित है. इस रोग से पीड़ितों को अपने खानपान का खास ख्याल रखना पड़ता है. इसके साथ ही जीवनशैली में भी बदलाव की जरूरत होती है. यह एक ऐसी बीमारी जिसमें डायबिटीज से पीड़ितों का ब्लड शुगर लेवल काफी बढ़ जाता हैं, जिसके चलते उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्या हो सकती है. यहां तक की हाई ब्लड शुगर के चलते कभी-कभी पीड़ितों की जान भी जा सकती है. इसलिए इसको कंट्रोल में रखना बेहद जरूरी होता है. आज हम इस खबर में बताने जा रहे हैं कि डायबिटीज मरीजों को डॉक्टरों के द्वारा चीकू फल खाने से बचने को क्यों कहा जाता है...

### डायबिटीज में भूलकर भी ना खाएं चीकू

हम सबको पता है कि चीकू एक ऐसा फल है, जो न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी होता है. खास बात यह है कि इस फल के अलावा बीज और पत्तियां भी काफी गुणकारी हैं. फिर भी डॉक्टरों के मुताबिक, डायबिटीज पेशेंट को चीकू फल खाने से बचना चाहिए, ऐसा इसलिए क्योंकि चीकू में कार्बोहाइड्रेट बहुत हाई अमाउंट में होता है और इस फल में शुगर की मात्रा भी ज्यादा होती है. बता दें, चीकू में मौजूद ज्यादातर कार्बोहाइड्रेट नेचुरल शुगर के रूप में होता है. इसलिए डॉक्टरों के द्वारा हाई ब्लड शुगर से पीड़ित लोगों को चीकू फल नहीं खाने की सलाह दी जाती है. इसके साथ ही डायबिटीज के मरीजों को इन फलों से भी बचना चाहिए. इसमें अनानास, लीची, केला, आम, तरबूज शामिल है.


### प्री-डायबिटीज में भूलकर भी ना खाएं चीकू

प्री-डायबिटीज पेशेंट को भी म चीकू नहीं खाने की सलाह दी जाती है. बता दें, चीकू में शुगर की मात्रा अधिक होती है, जिससे मरीज का ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है. चीकू में कैलोरीज भी अधिक होती हैं. बता दें, चीकू का ग्लाइसेमिक इंडेक्स अधिक होने की वजह से इसका सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल तुरंत बढ़ने लगता है

### ध्यान देनें वाली बात

यदि आपको हाई ब्लड शुगर (हाइपरग्लाइसेमिया) है तो आपका फास्टिंग ब्लड शुगर लेवल 130 एमजी/डीएल से ऊपर रहेगा और रैंडम ब्लड शुगर 180 एमजी/डीएल से अधिक रहेगा. यदि आपका ब्लड शुगर लेवल लगातार इन सीमाओं से ऊपर है, तो आपको प्री-डायबिटीज या डायबिटीज हो सकता है. अगर इसे कंट्रोल नहीं किया गया, तो यह हार्ट डिजीज, तंत्रिका समस्याओं और किडनी की बीमारियों जैसी गंभीर चिकित्सा समस्याओं का कारण बन सकता है.

अगर आपको लो ब्लड शुगर (हाइपोग्लाइसीमिया) की समस्या है, तो आपका फास्टिंग ब्लड शुगर लेवल 70 एमजी/डीएल से कम रहेगा और रैंडम ब्लड शुगर 60 एमजी/डीएल से कम रहेगा. आपकों लो ब्लड शुगर के कारण चक्कर आना, भ्रम, बेहोशी और दुर्लभ मामलों में दौरे पड़ सकते हैं. यह आमतौर पर इंसुलिन या एंटीडायबिटिक दवा लेने वाले मरीजों में पाया जाता है, या जो बहुत लंबे समय तक फास्टिंग करते हैं या बहुत लंबे समय तक एक्सरसाइज करते हैं.



## पैरों से पहचानें ब्लड शुगर बढ़ने के संकेत, दिखें तो तुरंत एक्शन की जरूरत



बीमारियों की बात करें तो डायबिटीज का नाम शायद सबसे पहले लिया जाएगा। बिजी और बिगड़ते लाइफस्टाइल, गलत खानपान के चलते शुगर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती ही जा रही है। डायबिटीज यानि कि मधुमेह एक ऐसी बीमारी है जो मरीज के शरीर को अंदर ही अंदर खोखला कर देती है। यह शरीर के बाकी अंगों को प्रभावित करती है। जब बॉडी में शुगर की मात्रा बढ़ती है तो शरीर कई तरह के संकेत देने लगता है। डायबिटीज के कुछ खास लक्षण पैरों में भी दिखने लगते हैं। चलिए आपको उन्हीं लक्षणों के बारे में बताते हैं जिन्हें पहचान कर आपको फौरन अलर्ट हो जाना चाहिए

### डायबिटीज के कारण पैरों में दिखने वाले संकेत

डायबिटीज एक गंभीर रोग है जिसके लक्षण खासतौर पर पैरों में दिख सकते हैं जो हाई ब्लड शुगर के कारण उत्पन्न होते हैं। अगर डायबिटीज को समय रहते नियंत्रित नहीं किया जाए तो यह पैरों की नसों और रक्त संचार को प्रभावित कर सकता है।

पैरों में सूजन : हाई ब्लड शुगर के कारण शरीर में लिक्विड संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे पैरों में सूजन आ सकती है। यह आमतौर पर खराब ब्लड सर्कुलेशन और किडनी की समस्याओं के कारण होता है।

नसों का नुकसान : डायबिटीज के कारण डायबिटिक न्यूरोपैथी हो सकती है, जिससे पैरों में झुनझुनी, जलन या सुन्न होने की समस्या होती है। यह समस्या पैरों में घावों को महसूस करने की क्षमता को भी प्रभावित कर सकती है, जिससे चोट लगने पर देर से पता चलता है। पैरों की त्वचा शुष्क और फटी हुई दिख सकती है क्योंकि हाई ब्लड शुगर के चलते त्वचा की नमी कम हो सकती है। त्वचा में दरारें आने से बैक्टीरिया और फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

नाखूनों में फंगल संक्रमण : डायबिटीज के मरीजों में नाखूनों पर फंगल संक्रमण आम होता है, जिससे वे मोटे, पीले और कमजोर हो सकते हैं। इंफेक्शन बढ़ने पर नाखूनों में दर्द और असहजता हो सकती है।

पैरों में घाव या अल्सर : शुगर मरीज के पैर में चोट या कट लगने के बाद घाव जल्दी नहीं भरता, जिससे अल्सर बनने का खतरा रहता है क्योंकि पैरों में रक्त संचार की कमी होने लगती है और अगर ध्यान न दिया जाए तो यह गैंग्रीन जैसी गंभीर समस्या में बदल सकता है।

पैरों में बहुत ज्यादा दर्द और ऐंठन : ब्लड सर्कुलेशन खराब होने से पैरों में तेज दर्द, ऐंठन या भारीपन महसूस हो सकता है। यह संकेत रक्त वाहिकाओं में रुकावट की ओर भी इशारा कर सकते हैं।

### डायबिटीज के मरीजों को पैरों की देखभाल कैसे करनी चाहिए?

पैरों की नियमित जांच करें, किसी भी कट, सूजन, लाल धब्बे या संक्रमण के संकेतों पर नजर रखें।

पैरों को मॉइश्चराइज करें। फटी त्वचा और रूखेपन से बचने के लिए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

आरामदायक जूते पहनें । टाइट या अनफिटेड जूतों से बचें, जो पैरों में चोट पहुंचा सकते हैं।

नाखूनों की सफाई का ध्यान रखें। नियमित रूप से नाखून काटें और संक्रमण से बचने के लिए साफ-सफाई रखें।

ब्लड शुगर कंट्रोल करें। नियमित रूप से ब्लड शुगर लेवल मॉनिटर करें और डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाएं लें।

# लालू बोले- कुंभ फालतू है इसका कोई मतलब नहीं: भगदड़ के लिए रेलवे को ठहराया जिम्मेवार

**पटना।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रात भगदड़ से 18 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 14 महिलाएं और 3 बच्चे हैं। इनमें बिहार के 9 लोग हैं। वहीं 25 से ज्यादा लोग घायल हैं। घायलों को लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल (LNJP) में भर्ती कराया गया है। हादसे पर आरजेडी सुप्रीमो ने कहा, 'बहुत दुखद घटना घटी है। मैं सभी लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं। रेलवे की गलती है। कुप्रबंध, लापरवाही के कारण ये घटना घटी है। इतने लोगों की मृत्यु हुई है। मुझे काफी अफसोस है। रेल मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। वही मीडिया ने जब सवाल किया कि कुंभ में भीड़ है, इसी को लेकर ये घटना घटी है। इसके जवाब में लालू यादव ने कुंभ को फालतू बताया। इधर लालू यादव के बयान पर जदयू ने नसीहत दी है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि 'भगदड़ पर सियासत की बजाए कैसे घायलों को और मृतकों के परिवार की मदद कर सकते हैं, इस पर बात करनी चाहिए न कि सियासत करनी चाहिए। 'JDU प्रवक्ता अरविंद निषाद ने कहा कि 'लालू यादव भारतीय सभ्यता और संस्कृति को नकार रहे हैं। कुंभ को फालतू बता रहे हैं, ये बहुत की दुर्भाग्यपूर्ण है। दुर्घटना दुर्भाग्य से होती है। हिंदू सभ्यता, संस्कृति और



रेलवे पर सवाल उठाने की जरूरत नहीं है। सहयोग करने की जरूरत है।' 'आरजेडी सुप्रीमो रेलवे को भी सुझाव दे रहे हैं। 2004 से 2009 के बीच खुद रेल मंत्री थे। उस समय 51 दुर्घटनाएं हुई। 370 रेलवे क्रॉसिंग की घटना हुई है। उस 5 साल के दौरान कुल 1034 लोगों की मौत हुई थी। क्या आपने अपने कार्यकाल में रेलवे में जो सुधार किया जाना था, वो नहीं किया। जिसके कारण 1 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई।' सनातन विरोधी हैं लालू यादव- बीजेपी बीजेपी प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि 'उनके दिमाग में बस एक ही चीज है कि अपने पुत्र तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री कैसे बनाएं। चाहे उसके लिए कोई भी घोटाला करना पड़े तो करेंगे।' 'सावन के महीने में मुर्गा-भात खाना पड़े, चाहे मुर्गा बनाना सीखना पड़े। नमाज पढ़ना पड़े, चर्च में जाकर रामायण पाठ करना पड़े तो वो भी वो करेंगे। सिर्फ वह अपने पुत्र के लिए धृतराष्ट्र बने हुए हैं। इस तरीके का सनातन विरोधी बयान दे रहे हैं।' वहीं लालू यादव द्वारा रेल मंत्री का इस्तीफा मांगे जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि, 'लालू जी ने 15 साल बिहार को लूटा है। उनके साले बोले रहे हैं कि वो सीएम हाउस से पैसे वसूलते थे। इस पर भी उन्हें टिप्पणी करनी चाहिए।' कहा है कि, 'नई दिल्ली में जो घटना हुई है उसमें जिम्मेदारी से होगी जो लोग दोषी हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। पूरे मामले की रेलवे जांच कर रहा है।' हादसा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 13, 14 और 15 के बीच हुआ। महाकुंभ जाने के लिए स्टेशन पर शाम 4 बजे से भीड़ जुटने लगी थी। रात को करीब 8:30 बजे प्रयागराज जाने वाली 3 ट्रेनें लेट हो गईं, जिससे भीड़ बढ़ी और भगदड़ मच गई। शुरूआत में नॉर्दर्न रेलवे के CPRO (चीफ पब्लिक रिलेशन ऑफिसर) ने भगदड़ की बात से इनकार किया। उन्होंने कहा कि कोई यह सिर्फ अफवाह है।

## जन समस्याओं का निष्पादन कराना मेरी प्राथमिकता : अल्ताफ

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**मढ़ौरा ( सारण)।** विधानसभा क्षेत्र के हसनपुरा पंचायत स्थित नायका टोला लालापुर,खरौनी, हसनपुरा बाजार,मुबारकपुर गिरी टोला,रूपराहिमपुर कुशवाहा टोला,रूपराहिमपुर पोखरा पर,यादव राहीमपुर में जदयू द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू के द्वारा आयोजित इस जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं को जदयू जिलाध्यक्ष के समक्ष रखा। जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। साथ ही कहा कि यह कार्यक्रम आम



जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए आयोजित किया गया है।उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों को लेकर प्रतिबद्ध है और जनता की शिकायतों को उचित मंच तक पहुंचा कर समस्या का समाधान के लिए प्रयासरत है।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली,जल आपूर्ति,प्रधान मंत्री आवास योजना ,राशन कार्ड ,स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को लेकर शिकायत कीउन्होंने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया. वहीं कई ग्रामीणों ने कहा कि विकास योजनाओं के लाभ में तेजी लाई जाए,जिससे लोगों को अधिक सुविधाएं मिल सकें।इस मौके पर जदयू के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रयासरत है।

इस अवसर पर जदयू केजिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश महतो,पैक्स अध्यक्ष पवन सिंह,जिला उपाध्यक्ष जावेद अब्बास पप्पू,जिला सचिव वीरेंद्र गिरी,पप्पू सिंह, मोहम्मद फिरोज,अशोक महतो,मेराज अंसारी,नाजिर हुसैन,अनुज कुमार महतो,अंकित कुमार महतो,गणेश प्रसाद सहित कई मौजूद रहे।

## मोबाइल दुकान में 2 लाख की चोरी



**पटना।** सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र में मोबाइल दुकान से 2 लाख की चोरी हुई है। शनिवार देर रात चोर शटर काटकर अंदर घुसे थे। चोरों ने दुकान से 2 लाख के मोबाइल पर हाथ साफ किया है। रविवार सुबह दुकानदार दिलावर हुसैन जब अपनी दुकान पर पहुंचे तो चोरी का पता चला। पीड़ित ने बताया कि शटर टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा हुआ था। काउंटर से महंगे फोन गायब थे। जिसके बाद घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही सब इंस्पेक्टर भारती कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। पुलिस का मानना है कि यह किसी संगठित गिरोह का काम हो सकता है। अंधेरे का फायदा उठाकर रात में इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

## सोनपुर भी भूमि सर्वेक्षण पायलट परियोजना में डिजिटल इंडिया मिशन को देगा नई गति

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**सोनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन को गति देते हुए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान आधारित शहरी भूमि सर्वेक्षण पायलट परियोजना की शुरूआत की जा रही है। शहरी भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण की इस महत्वपूर्ण योजना में बिहार के केवल 6 शहरों को चुना गया है, जिनमें सोनपुर का नाम विशेष रूप से शामिल है। इस चयन के साथ ही सोनपुर एक नई डिजिटल व्यवस्था की ओर अग्रसर हो रहा है। सोनपुर में इस अवसर पर भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



- ❑ नगर पंचायत सोनपुर परिसर में मंगलवार सुबह 11:00 बजे पायलट परियोजना का शुभारंभ
- ❑ बिहार के 6 शहरों में सोनपुर को मिला स्थान, भूमि रिकॉर्ड डिजिटलीकरण से मिलेगा लाभ
- ❑ ड्रोन व एरियल मैपिंग से भूमि सर्वेक्षण, पारदर्शिता और विवादों का निपटारा होगा
- ❑ सांसद ने नागरिकों से की भागीदारी की अपील, इसे शहरी भूमि प्रबंधन में ऐतिहासिक कदम बताया

इस संदर्भ में सांसद रूडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल क्रांति की ओर अग्रसर है। जिस तरह सूरज की किरणें अंधकार को मिटा देती हैं, उसी तरह यह नई तकनीक भूमि अभिलेखों से जुड़ी भ्रांतियों और अनियमितताओं को समाप्त कर पारदर्शिता की नई रोशनी बिखेरेगी। सोनपुर को इस महत्वपूर्ण पहल में शामिल किया जाना हमारे लिए गर्व की बात है।

श्री रुडी ने कहा कि डिजिटल भू-स्थानिक सर्वेक्षण भूमि विवादों की गांठ को खोलने वाला मंत्र साबित होगा। अब लोगों को अपनी जमीन के कागजातों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि उनकी संपत्ति का रिकॉर्ड डिजिटल रूप में उनके हाथों में होगा। प्रधानमंत्री मोदी की सोच हर नागरिक को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की है, और यह परियोजना उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि सोनपुर के नागरिकों के लिए एक नई शुरूआत है। वर्षों से चली आ रही प्रक्रियाओं में अब तकनीकी सुधार आएगा और आमजन को अपनी भूमि संबंधी जानकारी तक सहज और त्वरित पहुंच मिलेगी।

मंगलवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे से नगर पंचायत सोनपुर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में ड्रोन और एरियल मैपिंग तकनीक का लाइव प्रदर्शन, शहरी भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण पर जागरूकता अभियान, स्थानीय नागरिकों, भू-स्वामियों एवं शहरी योजनाकारों की सहभागिता और तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा भू-स्थानिक सर्वेक्षण की प्रक्रिया पर जानकारी दी जायेगी जिसमें स्थानीय प्रशासन एवं नगर पंचायत के अधिकारियों की भागीदारी होगी।

उन्होंने कहा कि सोनपुर में भुमी सर्वेक्षण परियोजना का शुभारंभ सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य की ओर बढ़ता एक सशक्त कदम है। इस पहल से सोनपुर के नागरिकों को एक सुव्यवस्थित और पारदर्शी भूमि रिकॉर्ड प्रणाली का लाभ मिलेगा। सोनपुर के विकास में यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी।

## पेज एक के शेष

**जेएमएम का 'झंडा' अब दिल्ली में भी लहराएगा...**

जल्द ही इसके लिए बातचीत का भी दौर आरंभ होगा। मालूम हो है कि झारखंड में झामुमो इन दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ता है। हेमंत सोरेन सरकार में दोनों दल शामिल हैं। भाकपा-माले भी चुनावी तालमेल में साझीदार है।

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मामले की जांच शुरू...**

जांच करने के लिए समिति ने रेलवे स्टेशन के सभी वीडियो फुटेज सुरक्षित करने के आदेश दिए हैं।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार (15 फरवरी) को मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल हुए। मृतकों में बिहार के 9 लोग, दिल्ली के 8 और एक हरियाणा का रहने वाले शामिल थे।

**जांच के लिए बनाई गई 2 सदस्यीय कमेटी**

भगदड़ की घटना के बाद रेल मंत्रालय ने जांच शुरू कर दी है। मंत्रालय की ओर से बताया गया कि जांच के लिए 2 सदस्यीय कमेटी का गठन किया हुआ है। दो सदस्यीय समिति में उत्तर रेलवे के पीसीसीएम नरसिंह देव और पंकज गंगवार शामिल हैं। समिति का गठन कल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की जांच के लिए किया गया है। समिति ने ठउक्षर रेलवे स्टेशन के सभी वीडियो फुटेज को सुरक्षित करने का आदेश दिया है।

रेल भवन में उच्च स्तरीय बैठक

वहीं भगदड़ की घटना को लेकर रेल भवन में उच्च स्तरीय बैठक जारी है। बैठक में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और वरिष्ठ रेल बोर्ड सदस्य मौजूद हैं। बैठक से पहले अश्विनी वैष्णव ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी और उन्हें इस हादसे की जानकारी भी दी थी।

भगदड़ को लेकर सीपीआरओ ने क्या बताया?

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया, ह्लजब कल यह दुखद घटना घटी, उस समय पटना की ओर जाने वाली मगध एक्सप्रेस नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर खड़ी थी, और जम्मू की ओर जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति प्लेटफॉर्म नंबर 15 पर खड़ी थी। इस दौरान प्लेटफॉर्म 14-15 की ओर आ रहा एक यात्री सीढ़ियों पर फिसल कर गिर गया। उसके पीछे खड़े कई यात्री इसकी चपेट में आ गए और यह दुखद घटना घटी। इसकी उच्च स्तरीय समिति द्वारा जांच की जा रही है। कोई भी ट्रेन रद्द नहीं की गई, न ही प्लेटफॉर्म में कोई बदलाव किया गया... घटना की जांच की जा रही है, इसलिए समिति को अपनी रिपोर्ट और निष्कर्ष प्रस्तुत करने दें। प्लेटफॉर्म पर स्थिति अब सामान्य है। सभी ट्रेनें अपने सामान्य समय पर चल रही हैं।

**2030 तक भारत होगा सबसे बड़ा एक्सपोटर...**

प्रधानमंत्री ने कपड़ा क्षेत्र के लिए अपने 5एफ दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जिसमें खेत (फार्म) से फाइबर; फाइबर से फैक्ट्री; फैक्ट्री से फैशन; फैशन से विदेशी (फॉरेन) शामिल हैं।

मोदी ने कपड़ा उद्योग से नए उपकरण विकसित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, भारत उच्च श्रेणी के कार्बन फाइबर बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कपड़ा क्षेत्र को समर्थन देने के लिए आवश्यक नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने बजट में घोषित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) से संबंधित उपायों का उदाहरण दिया। उन्होंने हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने और विपणन पहलों के माध्यम से इसकी प्रामाणिकता को बढ़ावा देने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। पिछले 10 वर्षों में हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए 2,400 से अधिक विपणन कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

**हथकरघा उत्पादों की भौगोलिक पहचान**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हथकरघा उत्पादों की भौगोलिक पहचान (जीआई) टैगिंग से इन ब्रांडों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा, परंपरा और नवाचार के मिश्रण का महत्व बढ़ गया है। हमें ऐसे पारंपरिक परिधानों से प्रेरित नए उत्पाद पेश करने चाहिए जो न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर युवाओं को आकर्षित करें।

नए रुझानों की खोज और नई शैलियों के निर्माण में प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि रुझानों के पूर्वानुमान में कृत्रिम मेधा (एआई) की भूमिका बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह मंच उद्यमियों को पहचान दे रहा है क्योंकि उन्हें अपने व्यवसाय को स्थानीय से वैश्विक स्तर पर ले जाने का अवसर मिल रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत टेक्स कपड़ा क्षेत्र में निवेश, निर्यात और समग्र वृद्धि को काफी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा, भारत टेक्स वैश्विक स्तर पर नीति निमार्ताओं, मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और उद्योग जगत के नेताओं के बीच जुड़ाव, सहयोग और साझेदारी के लिए एक मजबूत मंच बन रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की पारंपरिक टिकाऊ तकनीकों को अब अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ बढ़ाया जा रहा है, जिससे कारीगरों, बुनकरों और उद्योग से जुड़ी लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है। नवी मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में घर-घर जाकर कपड़ा अपशिष्ट एकत्र करने की पायलट परियोजनाएं चलाई जा रही हैं।

**अमेरिका से डिपोर्ट भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचा तीसरा विमान...**

**दूसरे जत्थे में 116 भारतीय को किया गया था डिपोर्ट**

बीते दिनों 116 अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर एक अन्य अमेरिकी विमान शनिवार देर रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा था। सी-17 विमान रात 10 बजे के बजाय रात 11.35 बजे हवाई अड्डे पर उतरा था। पहले खबर आई थी कि इस दूसरे जत्थे में 119 अप्रवासी सवार होंगे, लेकिन यात्रियों की अपडेटेड लिस्ट के मुताबिक दूसरे जत्थे में निर्वासित लोगों की संख्या 116 थी।

अवैध प्रवासियों के दूसरे बैच में 65 पंजाब से थे, 33 हरियाणा से, आठ गुजरात से, दो-दो उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से और एक-एक हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से थे। सूत्रों के अनुसार, इनमें से अधिकांश 18 से 30 वर्ष की आयु के थे।

**पहले जत्थे में 104 भारतीय को किया गया था डिपोर्ट**

5 फरवरी को, 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा था। इनमें से 33-33 हरियाणा और गुजरात से थे, जबकि 30 पंजाब से थे। विदेश भेजे गए अवैध भारतीय अप्रवासियों के दूसरे जत्थे के परिवार के सदस्य सदमे में थे, उनमें से कई ने दावा किया कि उन्होंने अपने खेत और मवेशी गिरवी रखकर पैसे जुटाए थे, ताकि उन्हें बेहतर भविष्य के लिए विदेश भेजा जा सके।

**अमेरिका से क्यों वापस भेजे जा रहे भारतीय?**

भारतीय अवैध अप्रवासियों को अमेरिका से उन नीतियों के तहत निकाला जा रहा है, जिसमें ट्रंप प्रशासन ने अवैध लोगों को देश से बाहर करने का फैसला किया है। इनमें वो लोग शामिल हैं जो अवैध रूप से देश में प्रवेश करते हैं या अपने वीजा की अवधि से अधिक समय तक देश में रहते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बीते दिनों अमेरिका की यात्रा पर गए थे, जहां उन्होंने इमीग्रेशन सहित प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी। एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, पीएम मोदी ने भारतीय नागरिकों को वापस भेजने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी, साथ ही कमजोर प्रवासियों का शोषण करने वाले मानव तस्करी नेटवर्क से निपटने की जरूरतों पर भी जोर दिया था।

**हिंदू समाज को संगठित कर रहा संघ : मोहन भागवत...**

हम किसी राजा को नहीं, बल्कि उस राजा को याद करते हैं, जिसने अपने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए 14 साल तक वनवास सहन किया। जब तक यह प्रकृति बनी रहेगी, तब तक भारत रहेगा। हिंदू समाज और भारत एक ही हैं।

उन्होंने कहा कि भारत को किसी बाहरी शक्ति ने नहीं बनाया, बल्कि यह हजारों सालों से एक सशक्त राष्ट्र के रूप में विद्यमान है। महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि गांधी जी ने भी एक साक्षात्कार में कहा था कि अंग्रेजों ने हमें बताया कि भारत उन्होंने बनाया है, लेकिन यह पूरी तरह गलत है। भारत सदियों से अस्तित्व में है, विविधतापूर्ण, लेकिन एकजुट है। सरसंघचालक ने स्पष्ट किया कि संघ के प्रति कई लोगों की गलतफहमी है, लेकिन वास्तव में संघ केवल समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। हमारी 70 हजार से अधिक शाखाएं हैं । हम इन्हें इसलिए आगे बढ़ा रहे हैं, ताकि समाज और राष्ट्र को लाभ मिले।

**विदेशी ताकतें कर रहीं है भारत को तोड़ने का जिक्र**

मोहन भागवत ने भारत पर हुए विदेशी आक्रमणों का जिक्र करते हुए कहा कि सिकंदर के समय से ही विदेशी ताकतें भारत को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। मुट्ठीभर लोग आते हैं, हमसे श्रेष्ठ नहीं होते, लेकिन हम पर शासन कर जाते हैं। इसका कारण आपसी फूट और गद्दारी है। यह इतिहास बार-बार दोहराया गया है और अब इसे रोकना होगा।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ साल पूरे होने वाले हैं। संघ का उद्देश्य केवल अपने स्वयंसेवकों को संगठित करना नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज को एकजुट करना है। हम कोई पुरस्कार या प्रसिद्धि पाने के लिए यह कार्य नहीं कर रहे, बल्कि भारत के उत्थान में अपना योगदान देने के लिए कर रहे हैं। संघ के स्वयंसेवक बिना किसी स्वार्थ के कार्य करते हैं और यह उनके संस्कारों और विचारों का परिणाम है। हमारा काम समाज को संगठित करना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है।

भागवत ने यह भी स्पष्ट किया कि संघ की शाखाएं लगातार बढ़ रही हैं और वे बंगाल में भी अपना विस्तार जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि बंगाल हमेशा से भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र रहा है और यहां हिंदू समाज को संगठित करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उल्लेखनीय है कि भागवत की रैली को बंगाल पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था, लेकिन कलकत्ता हाईकोर्ट की मंजूरी के बाद यह आयोजन संभव हो पाया।

**बीजेपी की बैठक में बड़ा फैसला: ज्यादा सीटें आईं, तो भी नीतीश कुमार ही होंगे सीएम...**

बीजेपी किसी भी हालत में यह संदेश नहीं देना चाहती कि बड़ी पार्टी होने के नाते मुख्यमंत्री की कुर्सी उसी के पास जाएगी।

**भाजपा कोर कमेटी की बैठक में भी बनी थी सहमति**

बिहार चुनाव को लेकर यह रणनीति पिछले साल 22 दिसंबर को फरीदाबाद में भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में ही तय कर ली गई थी। उसी बैठक में यह सहमति बन गई थी कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे और भाजपा उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भाजपा ने साफ कर दिया है कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। बीजेपी-जेडीयू गठबंधन में कोई मतभेद नहीं है। सीट बंटवारे से लेकर चुनावी रणनीति तक सब कुछ पूर्व निर्धारित फॉमूर्ले के तहत ही चलेगा।

**बीएयू के पांच नए कॉलेजों को मिला आईसीएआर एक्रीडिटेशन...**

समिति ने कॉलेजों के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, छात्रावास, परीक्षा भवन, व्याख्यान कक्ष आदि का भ्रमण किया था। शिक्षकों, कर्मियों, छात्र-छात्राओं, पूर्ववर्ती विद्यार्थियों और किसानों से विमर्श किया था।

इन कॉलेजों के एसोसिएट डीन ने अपने-अपने महाविद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियां और सुविधाओं के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया था। समीक्षा के उपरांत समिति ने अपनी रिपोर्ट और अनुशंसाएं आईसीएआर को सौंपी थी।

**रांची में लापरवाही: प्रश्नपत्रों की कमी के कारण एक घंटे लेट से शुरू हुआ एग्जाम...**

एक अधिकारी ने बताया कि परीक्षा देने के लिए रांची और खूंटी जोन से 31,000 से अधिक छात्र नामांकित हैं।

कक्षा 10 की परीक्षाएं शनिवार को अंग्रेजी (संचार) और अंग्रेजी (भाषा और साहित्य) के पेपर के साथ शुरू हुईं। परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे शुरू होकर दोपहर 1:30 बजे समाप्त होनी थीं।

उन्होंने कहा, 'सीबीएसई ने इस मुद्दे को शीघ्रता से सुलझा लिया और छात्रों को अतिरिक्त समय देकर परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई।ङ्ग

बार-बार प्रयास करने के बावजूद सीबीएसई समन्वयक और सरला बिरला स्कूल की प्रिंसिपल परमजीत कौर से उनकी टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो सका।

## संक्षिप्त डायरी

### दनियावां में सीएम के पहुंचने से पहले डीएम का निरीक्षण



**पटना।** DM डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने दनियावां प्रखंड में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आगामी प्रगति यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। फरवरी के अंतिम सप्ताह में होने वाली इस यात्रा के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया। हाई स्कूल में बन रहे खेल सुविधाओं का भी निरीक्षण डीडीसी सौरव सुमन, एडीएम मनोरंजन कुमार और पटना सिटी एसडीओ सत्यम सहाय के साथ डीएम ने खारभैया पंचायत के तोप गांव का दौरा किया। उन्होंने करोड़ों की लागत से निमार्णाधीन दनियावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। तोप हाई स्कूल में बन रहे खेल सुविधाओं, जिसमें बास्केटबॉल, वॉलीबॉल कोर्ट, लॉन्ग जंप, हाई जंप और एथलेटिक्स ट्रैक शामिल हैं, का भी जायजा लिया। जलजीवन हरियाली योजना के तहत निमार्णाधीन तालाब का निरीक्षण भी किया गया। साथ ही एसएच-78 ऐमन बिगहा से तोप गांव अस्पताल तक और तोप गांव से जीवनचक होते हुए एसएच-78 तक जाने वाली सड़कों की मरम्मत कार्यों की प्रगति देखी गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तोप शिव स्थान से दुर्गा स्थान तक के मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर से आगमन को देखते हुए सरथुआ गांव के रेलवे स्टेशन के पास हेलीपैड का निर्माण कार्य चल रहा है। डीएम ने सभी विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान पटना सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीसीएलआर अभिलाषा सिंहा, बीडीओ प्रकृति नयनम, सीओ गीता देवी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि दनियावां प्रखंड के तोप गांव में खरभैइया पंचायत में आए हुए हैं। यह सरथुआ बॉर्डर भी है, इसलिए तोप सरथुआ रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण कर रहे हैं। नेवरा-दनियावां नई रेलवे लाइन का भी निरीक्षण कर रहे हैं। अभी मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा चल रही है। इसको लेकर इस पंचायत में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भी निरीक्षण किया जा रहा है।

### निर्मली प्रखंड कार्यालय परिसर की होगी चहारदीवारी



**सुपौल।** के निर्मली प्रखंड कार्यालय परिसर की चारदीवारी बनाई जाएगी और सड़क किनारे दुकानें स्थापित की जाएंगी, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। फिलहाल, सरकारी जमीन पर कुछ ही दुकानें संचालित हैं, लेकिन बार-बार अतिक्रमण हटाने का डर बना रहता है। प्रखंड प्रमुख रामप्रवेश कुमार यादव ने इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की पहल की है। निर्मली थाना चौक के पास प्रखंड कार्यालय परिसर की खाली पड़ी जमीन को अधिग्रहित कर चारदीवारी बनाने की योजना है। सड़क से लगभग 12 फीट की जगह पार्किंग के लिए छोड़ी जाएगी, जिससे यातायात भी सुगम रहेगा। जल्द ही खोली जाएंगी दुकानें प्रखंड प्रमुख रामप्रवेश यादव ने बताया कि सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी के तहत निर्मली में भी रोजगार सृजन की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि निर्मली शहर के पब्लिक गेस्ट हाउस के पास जिला परिषद की जमीन पर भी जल्द ही दुकानें खोली जाएंगी। इस पहल से थाना चौक पर अस्थायी दुकानदारों में खुशी की लहर है। अब तक ये दुकानदार अतिक्रमण हटाने की आशंका से परेशान रहते थे, लेकिन सरकारी जमीन पर व्यवस्थित दुकानों के निर्माण से उन्हें स्थायी व्यवसाय करने का मौका मिलेगा। मिट्टी भराई का चलेगा काम इसके अतिरिक्त प्रखंड कार्यलय परिसर स्थित जर्जर भवनों को दुरुस्त करवाया जा रहा है, अति जीर्ण-शीर्ण भवनों को ध्वस्त करने का भी प्रस्ताव लिया गया है, ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनी से लोगों को बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यालय परिसर की जमीन में जलभराव वाली जगहों पर नगर पंचायत निर्मली से सहयोग लेकर जल्द ही नाली निर्माण और मिट्टी भराई का काम करवाया जाएगा। इस योजना से न केवल जलभराव से मुक्ति और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि शहर में व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### महिला के प्रेमी ने शराब पिलाकर की पति की हत्या



**रोहतास।** के दिनारा थाना में दर्ज अपहरण कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ कुमार संजय ने मामले का खुलासा करते हुए कहा कि अवैध संबंध के कारण हत्या की गई। मामले में पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसडीपीओं ने बताया कि 11 फरवरी की रात दिनारा थाना में अभिषेक उर्फ नन्हक राय के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसमें 9 फरवरी से लापता होने की बात कही गई थी। प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए अभिषेक का भाई, उसकी पत्नी और संजय गुप्ता नामक व्यक्ति पहुंचे थे और सभी का आवेदन पर हस्ताक्षर था। कहा गया था कि संजय गुप्ता के साथ अभिषेक 9 फरवरी को गया फिर नहीं लौटा। संजय ने प्रारंभिक पूछताछ में कहा कि अभिषेक उसके साथ था, फिर कहीं चला गया था। पूछताछ करने पर खुला राज दो दिन तक पता नहीं चलने पर फिर से संजय गुप्ता को बुलाकर कड़ाई से पूछताछ की गइ तो उसने अपराध स्वीकार कर लिया। संजय गुप्ता ने बताया कि वो और अभिषेक एक ही मकान में अगल-बगल दिनारा में रहते थे। उसका अभिषेक की पत्नी सीमा से अवैध संबंध हो गया। पहले दोनों ने भागकर शादी करने का फैसला किया। लेकिन फिर संपत्ति से वंचित होने के डर से पत्नी ने फैसला बदला। इसके बाद अभिषेक को रास्तें से हटाने का प्लान बनाया। इसके बाद अभिषेक को 9 फरवरी को वह अपने साथ लेकर गया। एक सुनसान स्थान पर उसके साथ शराब पी, जब अभिषेक को पूरा नशा हो गया।

Page - 09_Page - 09.qxd 17-02-2025 02:07 Page 1



## शिक्षक भर्ती घोटाला : सुवेंदु के भाई दिब्येंदु और भारती घोष, तक पहुंची सीबीआई की जांच

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई की जांच बीजेपी के दो बड़े नेताओं तक पहुंच गई है। राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी पहले ही जेल में हैं। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस घोटाले में अब पूर्व सांसद दिब्येंदु अधिकारी और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष पर शक जताया जा रहा है। दिब्येंदु, बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के भाई हैं और घोष अब बीजेपी में हैं। सीबीआई ने हाल ही में एक विस्तृत रिपोर्ट और सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें इन दोनों के अलावा तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद ममता बाला ठाकुर और अन्य प्रभावशाली लोगों के नाम भी शामिल हैं।सीबीआई के अनुसार, दिब्येंदु अधिकारी और ममता बाला ठाकुर ने 20-20 उम्मीदवारों की सिफारिश की थी, जबकि भारती घोष ने चार उम्मीदवारों को शिक्षक पद के लिए सिफारिश की। जांच एजेंसी को इस घोटाले से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज शिक्षा विभाग से मिले थे, जिनमें इन नेताओं द्वारा भेजी गई सिफारिशी चिट्ठियां शामिल थीं। इस मामले में जिन नेताओं के नाम सामने आए हैं, उन्होंने आरोपों से इनकार किया है। भारती घोष ने कहा कि उन्होंने सिर्फ एक उम्मीदवार के परीक्षा केंद्र बदलने की सिफारिश की थी, लेकिन घोटाले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है अगर उनका नाम इस मामले से जोड़ा जाता है। ममता बाला ठाकुर ने इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया और कहा कि वह निर्दोष हैं। दिब्येंदु अधिकारी ने बयान दिया कि वह सिर्फ अदालत या जांच एजेंसी के सामने ही अपना पक्ष रखेंगे।

## एक्ट्रेस शीबा बोलीं-ममता साध्वी बन गईं तो इसमें गलत क्या है वह एंजॉय कर रही हैं

मुंबई,। बॉलीवुड अभिनेत्री शीबा आकाशदीप 90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रही हैं। शीबा ने अपने करियर में कई फिल्मों में लीड रोल के अलावा सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर भी काम किया है। शीबा आज एक्टिंग छोड़ चुकी हैं, लेकिन वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। शीबा ने एक इंटरव्यू में पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की। इस दौरान शीबा से ममता कुलकर्णी के साध्वी बनने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने जब ममता के बारे में सुना तो वह हैरान थी। शीबा ने कहा कि ममता कहीं-कहीं पर लगती है कि बहुत स्वीट सी है डम सी है। मतलब उसको शायद समझ नहीं आ रहा कि वह क्या बोल रही है। या फिर ये उसकी वास्तविकता होगी। मुझे उसके बारे में ज्यादा नहीं पता, लेकिन वह वास्तव में बहुत एंजॉय कर रही हैं। ममता से मिलने के सवाल पर शीबा ने कहा कि हां हम मिल चुके हैं। 90 के दशक की लड़कियां पार्टीज में कहीं न कहीं मिली ही हैं। मैंने जब से सुना है कि ममता साध्वी बन है तो तब से याद करने की कोशिश कर रही हूं कि ममता से कहां मिली लेकिन याद नहीं आ रहा कहां मिली थी लेकिन सौ फीसदी मिली हूं। लेकिन ममता आज भी कितनी सुंदर है, लेकिन कुछ गलत तो हो रहा है। अपने समय में वह बहुत खूबसूरत थीं। मेरे से कई लोगों ने पूछा कि वह साध्वी बन गई हैं आप क्या कहना चाहेंगी। मैंने कहा अगर वह एंजॉय कर रही हैं तो अच्छी बात है।

## सचखंड गुरुद्वारा के पास गोलीबारी की जांच अब महाराष्ट्र एटीएस करेगी

नांदेड़। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में गोलीबारी की घटना की जांच अब एटीएस को सौंप दी गई है। मीडिया रिपोर्ट में एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और एक गंभीर रूप से घायल हुआ था। यह घटना 10 फरवरी को नांदेड़ के शाहिदपुरा में सचखंड गुरुद्वारा के पास हुई थी। अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने गुरमीत सिंह सेवादार और उसके रिश्तेदार रविंद्र सिंह राठौर पर जब गोली चलाई थी जब दोनों स्कूटर पर जा रहे थे। सेवादार नासिक सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और पैरोल पर था। उन्होंने बताया कि राठौर की मौत हो गई, जबकि सेवादार गंभीर रूप से घायल हो गया था उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब इस मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस को सौंप दी गई है। मामले में दो लोगों ने हमलावर की मदद की थी, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। अदालत ने उन्हें छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

## पुलिस ने बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे 15 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया

इरोड। तमिलनाडु के इरोड जिले में दो महिलाओं समेत 15 बांग्लादेशी नागरिकों को बिना दस्तावेजों के रहने के आरोप में हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक पणिक्कम्पालयम, मेट्टुकादाई और पेरुंदुरई में छापेमारी की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे हैं और निजी फर्मों में काम कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक छापेमारी अभियान चलाया गया इस दौरान पता चला कि 15 लोग निजी कंपनियों में और राजमिस्त्री के रूप में काम करते थे। उन्होंने बताया कि जब उनसे पासपोर्ट और वीजा समेत वैध यात्रा दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। सभी को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की जा रही है, हालांकि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि औद्योगिक केंद्र पेरुंदुरई में बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी काम करते हैं।

## 14 मार्च को चांद हो जाएगा लाल, अमेरिका में दिखेगा नजारा, भारत पर असर नहीं

नई दिल्ली। 13 मार्च 2025 की देर रात और 14 मार्च की सुबह अमेरिका में अनोखा नजारा देखने को मिलेगा। इस दिन मून ब्लड रेड तो होगा साथ ही पूर्ण चंद्रग्रहण भी होगा। अमेरिका में यह नजारा देखने को मिलेगा। इस दिन चंद्रमा, सूर्य और धरती सीधे एक ही रेखा में होंगे। चंद्रमा से लाल लंबी वेवलेंग्थ का प्रकाश धरती पर पड़ेगा।

# अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों का दर्द, बोले-हथकड़ी-बेड़ी लगाकर भेजा

**अमृतसर (एजेंसी)।** अमेरिका से निर्वासित भारतीयों का दूसरा जत्था शनिवार रात अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचा। इनमें से कुछ ने अपना दर्द बयां किया और कहा कि उन्हें हथकड़ियां पहनाकर यहां लाया गया है। यही नहीं पैरों में जंजीरें भी डाली गई थीं।

बता दें कि पहली बार जब 104 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया था तो तस्वीरें सामने आई थीं, सोशल मीडिया पर लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। लोगों का कहना था कि डिपोर्टेशन तक तो ठीक है लेकिन उनके साथ मानवीय व्यवहार करना ठीक नहीं। उन्होंने अवैध रूप से इमिग्रेशन के अलावा कोई दूसरा अपराध नहीं किया है।



इन भारतीय प्रवासियों से कुछ ने अपना दर्द मीडिया के सामने रखा और कहा कि हमारे पैरों में जंजीरें थीं और हाथों में हथकड़ी। ये लोग 116 अवैध भारतीय प्रवासियों में शामिल हैं जिन्हें अमेरिकी विमान से शनिवार रात अमृतसर हवाई अड्डे लाया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें 'डंकी' मार्ग से अमेरिका ले जाया गया था। 'डंकी' मार्ग वह अवैध और जोखिम भरा मार्ग है जिसका इस्तेमाल प्रवासी अमेरिका में प्रवेश करने के लिए करते हैं। इनके परिजनों का भी आरोप है कि ट्रैवल एजेंट ने धोखा दिया है। पहले तो एजेंट ने उन्हें कानूनी तरीके से अमेरिका ले जाने का आश्वासन दिया था लेकिन बाद में जब उन्हें कई स्थानों पर ले जाया गया, तो उन्हें यात्रा की वैधता पर संदेह पैदा हुआ।

बता दें अमेरिका से 116 अवैध प्रवासियों को लेकर एक विमान शनिवार देर रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। एक अधिकारी ने बताया कि यह अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन द्वारा 5 फरवरी के बाद निर्वासित किया गया भारतीयों का दूसरा जत्था है। इनमें पंजाब से संबंध रखने वाले लोगों को आव्रजन संबंधी और पृष्ठभूमि की जांच के बाद रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे पुलिस की गाड़ियों में उनके घर पहुंचाया गया। हरियाणा सरकार ने भी राज्य से निर्वासित लोगों के लिए परिवहन की व्यवस्था की।

सूत्रों के मुताबिक दूसरे जत्थे में निर्वासित लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से 8, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से दो-दो और हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल है। अधिकतर निर्वासित लोग 18 से 30 साल के हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 157 निर्वासितों को लेकर तीसरे विमान के 16 फरवरी को भारत आएगा।

## मैं और मेरे परिवार को मारना चाहते हैं लोग : रणवीर इलाहाबादिया का पोस्ट

मुंबई। कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लैटेंट में विवादास्पद टिप्पणी के बाद रणवीर इलाहाबादिया ने जो पोस्ट शेयर किया है उसमें उन्होंने बताया, मैं और मेरी टीम पुलिस के साथ सहयोग कर रहे हैं। मैं प्रोसेस को फॉलो करूंगा और एजेंसियों के लिए मौजूद रहूंगा। माता-पिता को लेकर मेरी टिप्पणी बहुत ही असंवेदनशील और अपमानजनक थी। ये मेरी नैतिक जिम्मेदारी है कि मैं बेहतर करूं और मैं सच में आपसे माफी मांगता हूं। पोस्ट में उन्होंने बताया कि वो और उनकी टीम जांच में पुलिस का साथ दे रहे हैं। साथ ही, उन्होंने बताया कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। रणवीर ने कहा कि कुछ लोग उनकी मां की क्लीनिक में मरीज बनकर पहुंच गए थे और वो बहुत डरे हुए हैं। उन्होंने आगे लिखा, मैं देख रहा हूं कि लोग मुझे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं, कह रहे हैं वो मुझे मारना चाहते हैं। लोग मेरी मां के क्लीनिक में मरीज बनकर घुस आए। मैं बहुत डरा हुआ हूं और मुझे नहीं पता मैं क्या करूं। मैं भाग नहीं रहा हूं। मुझे पुलिस और भारत की न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। बता दें, रणवीर इलाहाबादिया का बयान दर्ज करने के लिए पुलिस उनके घर पहुंची थी, लेकिन पुलिस को उनके घर पर ताला लटका मिला। वहीं, उनका फोन भी बंद आ रहा था। पुलिस इस मामले में अभी तक रणवीर का बयान दर्ज नहीं कर पाई है।

## काशी में भक्तों का सैलाब: लंबा इंतजार, दर्शन के लिए 5 किमी लंबी लाइन



**वाराणसी (एजेंसी)।** काशी और अयोध्या में वीकेंड पर श्रद्धालुओं का जबरदस्त सैलाब उमड़ा है। वाराणसी में करीब 20 लाख लोग पहुंचे, जिससे मंदिर और रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग की है, वहीं गंगा आरती को 26 फरवरी तक रोक दिया गया है। इसके अलावा, शाम 6 बजे के बाद गंगा में नाव संचालन पर भी रोक लगा दी गई है।

रविवार तड़के 2:45 बजे बाबा विश्वनाथ मंदिर के कपाट खोले गए, जिसके बाद श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर के बाहर 5 किलोमीटर तक लंबी कतारें लगी रहीं, और भक्तों को दर्शन करने में 5-6 घंटे का समय लगा है। भीड़ के चलते रेलवे स्टेशन पर भी हालात खराब रहे हैं। ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्री स्टेशन पर ही फंसे हुए हैं। कुछ यात्रियों ने दावा किया कि वो 24 घंटे से ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ट्रेन उनके गंतव्य को जाने वाली नहीं आई।

### अयोध्या में भी श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा

अयोध्या में भी 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं। हनुमान गढ़ी में इतनी भीड़ है कि पैर रखने की जगह तक नहीं बची। रामलला के दर्शन के लिए 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी। पुलिस द्वारा गाड़ियों को सीमा पर ही रोक दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को 10 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है।

### प्रशासन ने श्रद्धालुओं से धैर्य से काम लेने की अपील की

काशी और अयोध्या में भीड़ को संभालने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी रखे हुए है। इसके साथ ही किसी अनहोनी से बचने प्रशासन ने श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि सभी सुरक्षित और सुगमता से दर्शन कर सकें।

# अगर कोई बैंक बैन या बंद हो जाए तो क्या होगा, आपको कितना पैसा मिलेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस प्रतिबंध के तहत बैंक के ग्राहक अगले छह महीनों तक अपनी जमा राशि नहीं निकाल सकेंगे और न ही कोई अन्य लेन-देन कर पाएंगे। यह फैसला बैंक में वित्तीय अनियमितताओं और खराब प्रबंधन को देखते हुए लिया गया है। इस घोषणा के बाद बैंक की शाखाओं के बाहर परेशान ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी, जो अपनी मेहनत की कमाई को लेकर चिंतित हैं। आरबीआई की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बैंक की वित्तीय स्थिति में सुधार होने के बाद ही प्रतिबंध हटाए जाएंगे। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब किसी बैंक पर इस तरह की पाबंदी लगी हो। इससे पहले पीएमसी बैंक, यस बैंक और शिरपुर मर्चेंट्स कोऑपरेटिव बैंक पर भी इसी तरह के प्रतिबंध लगाए गए थे। बैंक में अपना पैसा जमा करने वाले ग्राहकों के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर बैंक दिवालिया हो जाता है तो उनकी जमा राशि का क्या होगा।

भारतीय बैंकिंग नियमों के अनुसार, यदि कोई बैंक डूब जाता है या उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाता है, तो ग्राहकों को अधिकतम 5 लाख रुपए तक की राशि वापस मिल सकती है। यह सुरक्षा डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन (डीआईसीजीसी) के तहत आती है, जो बचत खाता, चालू खाता और एफडी जैसी सभी जमाओं को मिलाकर अधिकतम 5 लाख रुपए की गारंटी देती है। यदि किसी ग्राहक के एक ही बैंक में 7 लाख रुपए जमा हैं, तो भी उसे अधिकतम 5 लाख रुपए ही वापस मिलेंगे। लेकिन अगर उसने अपनी जमा राशि को अलग-अलग बैंकों में वितरित कर रखा है, तो प्रत्येक बैंक से उसे 5 लाख तक की राशि प्राप्त हो सकती है।

बैंकिंग विशेषज्ञों के अनुसार, ग्राहकों को अपनी पूरी जमा राशि एक ही बैंक में रखने के बजाय अलग-अलग बैंकों में वितरित करनी चाहिए। इसके अलावा, सरकारी बैंकों जैसे एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा और बड़े निजी बैंकों जैसे एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, कोटक महिंद्रा में धन जमा करना अधिक सुरक्षित माना जाता है। सहकारी बैंकों की वित्तीय स्थिति कई बार अस्थिर हो सकती है, इसलिए उनमें बड़ी मात्रा में धन रखने से बचना चाहिए। आरबीआई ने साफ किया है



कि न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक की स्थिति सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं। यदि बैंक की हालत बेहतर होती है, तो प्रतिबंध हटाए जा सकते हैं। लेकिन फिलहाल ग्राहकों को धैर्य बनाए रखने और अपने निवेश को सोच-समझकर करने की सलाह दी गई है।

## सिद्धारमैया हमारे नेता हैं, उनके नाम का गलत इस्तेमाल करने की जरुरत नहीं : शिवकुमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के निर्विवाद नेता हैं और किसी को भी उनके नाम का दुरुपयोग करके बयान देने की कोई जरूरत नहीं है।

पार्टी के एक वर्ग का कहना है कि सिद्धरमैया को मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करना चाहिए, जिसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवकुमार ने यह बयान दिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस साल के अंत में कर्नाटक में संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच अगले चुनाव में सत्ता बरकरार रखने के लिए सिद्धरमैया का नेतृत्व पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है।



प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शिवकुमार मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को कई मौकों पर छिपा नहीं पाए हैं। शिवकुमार ने कहा, सिद्धरमैया हमारे मुख्यमंत्री हैं, वह हमारे नेता हैं, हम उन्हें सभी चुनावों में चाहते हैं। हम उन्हें जिला पंचायत, तालुक पंचायत, विधानसभा और संसद चुनावों में चाहते हैं। वह हमारे नेता हैं।

शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, कांग्रेस पार्टी ने सिद्धरमैया को दो बार मुख्यमंत्री बनाया है। किसी को भी आए दिन उनके नाम का दुरुपयोग करने की कोई जरूरत नहीं है। वह हमारे नेता हैं, कांग्रेस पार्टी के निर्विवाद नेता हैं। वह दूसरी बार मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं और अच्छा काम कर रहे हैं। मैं नहीं चाहता कि वह मीडिया (अटकलबाजी) का विषय बनें।

पार्टी नेताओं के बयानों के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा, कोई भ्रम नहीं है, कांग्रेस पार्टी हर दिन हर चीज पर नजर रख रही है। सिद्धरमैया मई 2023 से मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले वह 2013 से 2018 तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

## प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा नहीं होने की वजह से अब अगले माह भाजपा को मिलेगा नया अध्यक्ष

**मुंबई (एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा फिलहाल अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। यह दायित्व संभाले हुए उन्हे करीब 6 साल हो गए हैं। कई बार नए अध्यक्ष को लेकर चर्चा चली लेकिन कुछ न कुछ अड़चन आने के कारण नड्डा का कार्यकाल बढ़ता रहा है। इस बार भी कहा जा रहा है कि मार्च में भाजपा को जेपी नड्डा का विकल्प मिल पाएगा। इसकी वजह यह है कि भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले कम से कम आधी राज्य इकाइयों के अध्यक्षों का चुनाव हो जाना चाहिए। वहीं प्रदेश अध्यक्षों के इलेक्शन से पहले जिलाध्यक्ष चुने जाने चाहिए। अब तक कई राज्य ऐसे हैं, जहां जिलाध्यक्ष ही नहीं चुने जा सके हैं और इसके कारण प्रदेश अध्यक्षों का इलेक्शन अटका है।

इससे पहले नड्डा लोकसभा चुनाव तक के लिए कार्यकाल विस्तार मिला था, लेकिन फिर महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे राज्यों के चुनाव के कारण नए अध्यक्ष का चुनाव लटक गया। उम्मीद थी कि जनवरी या फरवरी तक भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा,




लेकिन यह फिर से टल गया है। फिर इसी के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में भी देरी हो रही है। इसकी एक वजह यह भी रही कि भाजपा ने अपने संगठन की पूरी मशीनरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में उतार दिया था। इसके कारण कई राज्यों में संगठन चुनाव लटक गए। भाजपा ने अब तक 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 11 में ही प्रदेश अध्यक्ष चुने हैं। कई राज्यों में चुनाव जारी हैं और कहीं तो अध्यक्षों को रिपीट ही किया जा रहा है। अब तक आंध्र प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में जिलाध्यक्षों का चुनाव हो चुका है। लेकिन उत्तराखंड, यूपी समेत कई राज्यों में अब भी इलेक्शन अटका हुआ है। भाजपा संगठन के लोगों का कहना है कि राज्यों में ही चुनाव होना फरवरी या मार्च के शुरुआती दिनों तक संभव है। ऐसे में इसके बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

इस तरह पूरी संभावना है कि मार्च के आखिर तक ही भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। इस देरी कि एक वजह यह भी रही कि लोकसभा चुनाव के बाद भी लगातार राज्यों के चुनाव बने रहे। फिर दिल्ली विधानसभा चुनाव आ गया। अब बिहार विधानसभा इलेक्शन में करीब 6 महीने का वक्त है। ऐसे में बीच के इस समय का इस्तेमाल भाजपा संगठन में बदलाव के लिए करना चाहेगी। इससे संगठन की कमान संभालने वाले नए अध्यक्ष को भी तैयारी का मौका मिल जाएगा। भाजपा के अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का ही होता है, लेकिन जेपी नड्डा को इस बार विस्तार मिला। जेपी नड्डा भले ही पीएम नरेंद्र मोदी की छाया में रहे हैं, लेकिन उनके कार्यकाल को कई राज्यों में शानदार जीत और लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने के लिए याद किया जाएगा।

## झारखंड के पहले कमर्शियल कोयला खदान से उत्पादन शुरू

▸ 500 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रांची।** झारखंड के पलामू जिला में पहले कमर्शियल कोयला खदान से उत्पादन शुरू हो गया है। पलामू के राजहरा नॉर्थ कोल माइंस का उद्घाटन झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने किया। राजहरा नार्थ कोल माइंस को फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया गया था।
केंद्र सरकार ने कोयला उत्पादन को लेकर यह शर्त रखी थी कि सितंबर 2025 से उत्पादन शुरू हो जाना चाहिए, लेकिन कंपनी जनवरी से ही उत्पादन शुरू कर दिया है। राजहरा नॉर्ट कोल प्रोजेक्ट में करीब 22 लाख मीट्रिक टन कोयला का भंडार




है। करीब 30 वर्षों के लिए फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। कार्यक्रम में पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम जी, फेयरमाइन कार्बन्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर समीर लोहिया समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।
उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यह इलाके में बदलाव के लिए बेहतर है। राज्य सरकार पलामू के इलाके में बंद माइंस को चालू करने के लिए भी पहल करेगी और खनन विभाग को मौके पर लाएगी। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच कोल माइंस है, लेकिन एक ही से उत्पादन शुरू हुआ है। वित्त मंत्री ने उम्मीद जताई कि जल्द ही सभी जगह से उत्पादन को शुरू किया जाएगा। वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा, राजहरा नॉर्थ कोयला खदान झारखंड के विकास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

## स्पीड में चीन के बाहुबली फाइटर जेट का मुकाबला नहीं कर सकता अमेरिका का एफ 35

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन ने भी 5वीं जेनरेशन का एयरक्राफ्ट डेवलप किया है। यह एयरक्राफ्ट अमेरिका के एफ 35 से कई गुना ज्यादा गति वाला है। चीन ने हाल में ही 5वीं जेनरेशन फाइटर जेट जे-35ए को दुनिया के सामने पेश किया था। बताया जाता है कि बीजिंग ने एफ-35 से प्रेरित होकर जे-35ए फाइटर जेट बनाया है। हालांकि, चीनी लड़ाकू विमान स्पीड और टेक्नोलॉजी के मामले में अमेरिका के एफ-35 एयरक्राफ्ट से अपग्रेड है।

बता दें कि चीन पिछले कुछ साल में अपने डिफेंस पर खर्च में बेतहाशा वृद्धि की है। खासकर एयरफोर्स और नेवी को अपग्रेड किया है। यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। इसे देखते हुए भारत को भी इस दिशा में कदम उठाना पड़ रहा है। भारत भी एयरफोर्स को अपग्रेड कर रहा है। राफेल के बाद अब अमेरिका से एफ-35 एयरक्राफ्ट को खरीदने का फैसला किया गया है। दूसरी तरफ नेवी को भी मॉडर्न बनाया जा रहा है। राफेल-एम की खरीद उसी प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके अलावा मिसाइल और अन्य आधुनिक वेपन को डेवलप किया जा रहा है। सबसे पहले चीन की पांचवीं पीढ़ी के विमान जे-35ए की बात करते हैं। बीजिंग ने बदलते सामरिक माहौल के बीच पांचवीं पीढ़ी के विमान का निर्माण शुरू किया है। इसी क्रम में डेवलप किया गया है। यह फाइटर जेट स्टील्थ होने के कारण रडार की पकड़ से बाहर है। मतलब इसे रडार पकड़ नहीं सकते हैं।

अमेरिका का एफ-35 फाइटर जेट भी पांचवीं पीढ़ी का विमान है। यह एयरक्राफ्ट मैक-1.6 की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है। फिफ्थ जेनरेशन का विमान होने की वजह से यह रडार की पकड़ से दूर है। मतलब इसे रडार नहीं पकड़ सकता है। इसमें एडवांस्ड सेंसर लगे हुए हैं, ताकि टारगेट को हासिल करने में आसानी रहे। इसके अलावा इस विमान में रडार को जाम करने की भी क्षमता है। साथी मॉडर्न इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम से भी यह फाइटर जेट लैस है।



Page - 10_Page - 10.qxd 17-02-2025 02:08 Page 1



# भारत ने महिला प्रो लीग में इंग्लैंड को हराकर अभियान का आगाज किया



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान का आगाज ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ शनिवार को कलिंगा स्टेडियम पर 3-2 से जीत के साथ किया। भारत के 2 गोल पेनल्टी कॉर्नर पर वैष्णवी फाल्के ने छठे और दीपिका ने 25वें मिनट में किए जबकि नवनीत कौर ने आखिरी सीटी बजने से एक मिनट बाकी रहते विजयी गोल दागा।

इंग्लैंड के लिए डार्सी बूर्ने ने 12वें मिनट में बराबरी का गोल किया जबकि फियोन क्रेकल्स ने 58वें मिनट में फिर बराबरी का गोल दागा। वैष्णवी ने एफआईएच रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारत के लिये पहला गोल किया। मनीषा चौहान का पेनल्टी कॉर्नर पर शॉट डिफेंडर की स्टिक से टकरा गया और गेंद फिर बाहर आ गई जिसे वैष्णवी ने गोल के भीतर डाला। 7वीं रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम पर भारत ने रफ्तार और शॉर्ट पास से दबाव बनाए रखा। 9वें मिनट में भारत बढत दुगुनी करने के करीब पहुंचा लेकिन लालरेम्सियामी स्टिक से गेंद को पकड़ नहीं पाई।

इस बीच डार्सी ने भारतीय डिफेंस की चूक का फायदा उठाकर बराबरी का गोल कर दिया। एक मिनट बाद गोलकीपर सविता पूनिया ने रिवर्स फ्लिक पर एक शर्तिया गोल बचाया। ब्रेक में कोच हरेंद्र सिंह ने भारतीय खिलाड़ियों से बात की जिसके बाद भारतीय टीम लय में आ गई। दीपिका ने दूसरे पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके भारत को फिर बढ़त दिलाई।

तीसरे क्वार्टर में मिडफील्ड में ही खेल होता रहा लेकिन आखिरी 15 मिनट में 2022 राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन इंग्लैंड ने बेहतरीन खेल दिखाया। फियोना ने दो मिनट बाकी रहते गोल करके स्कोर 2.52 कर दिया और मैच ड्रॉ की ओर मुड़ता दिख रहा था लेकिन नवनीत ने जवाबी हमले पर गोल करके भारत को जीत दिलाई।

चैंपियंस ट्रॉफी

# टिम साउदी को न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भरोसा है कि पाकिस्तान में हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले उनके देश के कम अनुभवी तेज गेंदबाज चैंपियंस ट्रॉफी में भी अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखेंगे। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय साउदी ने न्यूजीलैंड की तरफ से तीनों प्रारूप में 776 विकेट लिए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड को ट्रेंट बोल्ट की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी जबकि लॉकी फर्ग्यूसन का चोटिल होने के कारण खेलना संदिग्ध है। ऐसे में उसके तेज गेंदबाजी आक्रमण का दारोमदार विल ओरूर्के, जैकब डफी, नाथन स्मिथ और मैट हेनरी पर रहेगा। साउदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति में कहा, 'मैं और बोल्ट इस समय आईसीसी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं इसलिए इस बार स्थिति थोड़ा भिन्न है लेकिन साथ ही यह उत्साह जनक भी है। इन प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनना महत्वपूर्ण होता है और अब इन युवा खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी है और मैं उनके प्रदर्शन को लेकर काफी उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, 'जिस तरह से टीम ने प्रदर्शन किया है और विभिन्न खिलाड़ियों ने अलग-अलग अवसरों पर अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है वह शानदार है। यह टीम अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। साउदी ने कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलने से उन्हें फायदा मिलेगा। टीम ने टूर्नामेंट से पहले लय पकड़ ली है और वह परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल बिठा चुकी है जिसका फायदा उसे आगे मिलेगा।



महिला प्रीमियर लीग

# विजय अभियान जारी रखने उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**वडोदरा (एजेंसी)।** अपने पहले मैच में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की।



अच्छी शुरुआत से दोनों टीम का मनोबल बढ़ा होगा लेकिन आरसीबी की टीम विशेषकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अधिक संतुलित नजर आ रही है और इसलिए वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। आरसीबी की बल्लेबाजी इकाई की मजबूती का पता इससे चलता है कि उसने 200 से अधिक रन के लक्ष्य को बड़ी आसानी से हासिल किया।

स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम अपना यह प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी को राघवी बिष्ट और कनिका आहूजा जैसी युवा खिलाड़ियों के कारण मजबूती मिली है जो मंधाना, एलिसे पेरी, ऋचा घोष और डैनी व्याट के साथ सहजता से घुल-मिल गई हैं। राघवी और कनिका ने पहले मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आरसीबी के गेंदबाजों को हालांकि कसी हुई गेंदबाजी करनी होगी। गेंदबाजी ने उसे पेरी की कमी महसूस हो रही है। ऑस्ट्रेलिया की यह स्टार ऑलराउंडर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में गेंदबाजी नहीं कर पाएंगी।

दिल्ली की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है और आरसीबी के गेंदबाजों को उन पर लगाम लगाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की बल्लेबाजी इकाई में कप्तान मेग लैनिंग, एनाबेल सदरलैंड, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, एलिस कैप्सी और सारा ब्राइस जैसी धुरंधर बल्लेबाज हैं जो किसी भी तरह के आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकती हैं। तेज गेंदबाज शिखा पांडे की अगुवाई वाली दिल्ली की गेंदबाजी इकाई ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को 164 रन पर रोककर अच्छा प्रदर्शन किया था जिसे वह जारी रखने की कोशिश करेंगे।

## टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्स** - मेग लैनिंग (कप्तान), एलिस कैप्सी, सारा ब्राइस, एनाबेल सदरलैंड, मिन्नू मणि, शैफाली वर्मा, अरुंधति रेड्डी, एन चरानी, ??शिखा पांडे, जेमिमा रोड्रिग्स, नंदिनी कश्यप, स्नेहा दीप्ति, जेस जोनासेन, निकी प्रसाद, तानिया भाटिया, मारिज़ैन कैप, राधा यादव, टिटास साधु।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** - स्मृति मंधाना (कप्तान), नुजहत परवीन, जोशिता वीजे, ऋचा घोष, डैनी व्याट, कनिका आहूजा, सब्बीनेनी मेघना, एकता बिष्ट, किम गर्थ, श्रेयंका पाटिल, एलिसे पेरी, प्रेमा रावत, जॉर्जिया वेयरहैम, राघवी बिस्ट, हीथर ग्राहम, जाग्रवी पवार, रेणुका सिंह, चार्ली डीन।

**समय** - शाम 7.30 बजे।

# पाकिस्तान का तेज गेंदबाज हारिस चोट से उबरा, चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए होगा उपलब्ध



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ चोट से उबर चुके हैं और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान टीम के एक करीबी सूत्र ने रविवार को पुष्टि की कि हारिस चोट से उबर गए हैं और कराची में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे। इस तेज गेंदबाज को हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान छाती की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। सूत्र ने कहा, 'हारिस अब ठीक हैं और त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के बाद दिए गए आराम से उन्हें उबरने में मदद मिली है। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान के किसी अन्य खिलाड़ी के साथ फिटनेस संबंधी कोई समस्या नहीं है। अपनी तेज गति और बीच के ओवरों में विकेट लेने की क्षमता के साथ पाकिस्तान के प्रमुख गेंदबाजों में से एक हारिस टीम के साथ बने हुए हैं जबकि चयनकर्ताओं ने उनके विकल्प के रूप में अकिफ जावेद को बुलाया है जिन्हें पदार्पण का इंतजार है। हारिस ने 46 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 83 विकेट और 79 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 110 विकेट चटकाए हैं। पाकिस्तान त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड से दो बार हार गया था जिसमें शुक्रवार को हुआ फाइनल भी शामिल है।

# यानिक सिनर और वाडा के बीच समझौता

## टेनिस खिलाड़ी बोले- अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं

**लंदन (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग मामले में तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के समझौते की टेनिस खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। सिनर और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के बीच निलंबन को लेकर समझौता हो गया है जिसका मतलब है कि इटली का यह खिलाड़ी पांच मई से फिर से खेल सकता है। इससे उनकी विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा तथा वह सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे।



पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाए जाने वाले सिनर को कोई खिताब या पुरस्कार राशि भी नहीं गंवानी पड़ेगी। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका ने एक्स पर लिखा, 'मैं अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं करता।

विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने एक्स पर कहा, 'टेनिस में निष्पक्षता मौजूद नहीं है। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। कोई खिताब नहीं खोया, कोई पुरस्कार राशि नहीं खोई। दोषी है या नहीं? टेनिस के लिए दुखद दिन।

विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मार्सिले ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हर कोई वाडा के साथ चर्चा कर सकता है और अब से यानिक सिनर की तरह खुद का बचाव कर सकता है।

विश्व के पूर्व नंबर एक ब्रिटिश खिलाड़ी टिम हेनमैन ने कहा, 'उसने अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है और वह अगले तीन महीने तक एटीपी टूर में नहीं खेल पाएगा लेकिन फ्रेंच ओपन में खेलने का पात्र होगा। सिनर के लिए प्रतिबंध झेलने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था लेकिन यह इस खेल के लिए कड़वे घूंट की तरह है।

नोवाक जोकोविच और वासेक पोस्पिसिल द्वारा स्थापित प्रोफेशनल टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ने भी निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल पार्टियों की आलोचना करते हुए एक्स पर जारी बयान में कहा, 'प्रणाली कोई प्रणाली नहीं है। यह एक क्लब है। यह केवल अनुरूप सौदों, अनुचित व्यवहार और असंगत निर्णयों के लिए कवर है। इसमें पारदर्शिता की कमी और प्रक्रिया का अभाव है।

रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

# केरल पर गुजरात का पलड़ा भारी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पूर्व चैंपियन और मेजबान गुजरात अपने आक्रामक खेल और मजबूत बल्लेबाजी के कारण केरल के खिलाफ सोमवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। गुजरात 2016-17 का चैंपियन है लेकिन वह 2019-20 के सत्र के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने राजकोट में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। गुजरात की सेमीफाइनल तक की राह में उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों मनन हिंगराजिया, जयमीत पटेल और विकेटकीपर उर्विल पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



उर्विल ने पिछले मैच में 140 रन बनाए थे जो उनके प्रथम श्रेणी करियर का पहला शतक था। जयमीत ने भी इस मैच में शतक लगाया था जिससे गुजरात ने अपनी पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जयमीत ने इस सत्र में गुजरात की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 48.50 की औसत से 582 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। मनन भी 570 रन बनाकर जयमीत से ज्यादा पीछे नहीं हैं। उन्होंने भी अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है और उनके नाम पर दो शतक दर्ज हैं।

जहां तक सचिन बेबी की अगुवाई वाली केरल की टीम का सवाल है तो उसके लिए अभी तक का सफर काफी भावनात्मक रहा है। उसने क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर पर पहली पारी में एक रन की बढ़त हासिल करने के दम पर दूसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। क्वार्टर फाइनल में केरल के सामने 399 रन का चुनौती पूर्ण लक्ष्य था लेकिन उसके बल्लेबाजों ने अपने धैर्य और दृढ़ संकल्प का शानदार नमूना पेश करके मैच को ड्रॉ करा कर अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया था।

## टीमें

**गुजरात** – प्रियांक पांचाल, आर्या देसाई, सिद्धार्थ देसाई, मनन हिंगराजिया, जयमीत पटेल, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), चिंतन गजा (कप्तान), विशाल जयसवाल, रवि बिश्नोई, अर्जन नागवासवाला, प्रियजीतसिंग जडेजा, ऋषि पटेल, आदित्य उदयकुमार पटेल, रिंकेश वाघेला, उमंग कुमार, तेजस पटेल, हेमांग पटेल, हेत पटेल, क्षितिज पटेल।

**केरल** – अक्षय चंद्रन, रोहन कुन्नुम्मल, शॉन रोजर, सचिन बेबी (कप्तान), जलज सक्सेना, सलमान निज़ार, मोहम्मद अज़हरुद्दीन (विकेटकीपर), आदित्य सरवटे, एमडी निधिश, नेदुमंकुझी बासिल, बासिल थम्पी, वैसाख चंद्रन, बाबा अपराजित, विष्णु विनोद, केएम आसिफ, फाजिल फानूस, वाथसल गोविंद, कृष्णा प्रसाद और आनंद

आईपीएल 2025

# मुजीब उर रहमान मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल, चोटिल गजनफर की जगह ली

**मुंबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले मुंबई इंडियंस की टीम में अपने हमवतन अल्लाह गजनफर की जगह ली है। किशोर स्पिनर गजनफर एल4 वर्टिब्रा में फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। मुंबई स्थित फ्रैंचाइजी ने पिछले नवंबर में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में गजनफर को 4.80 करोड़ रुपए में खरीदा था।

आईपीएल के बयान में कहा गया है, मुंबई इंडियंस (एमआई) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के आगामी संस्करण के लिए अल्लाह गजनफर के प्रतिस्थापन के रूप में मुजीब-उर-रहमान को चुना। अल्लाह गजनफर चोट के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं।

दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर मुजीब ने 19 आईपीएल मैच खेले हैं और उनके नाम 19 विकेट हैं और 2 करोड़ रुपए के बेस प्राइस पर मुंबई में शामिल हुए हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2021 में सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्रा) के लिए खेला था। इससे पहले उन्होंने पंजाब किंग्स के साथ तीन सीजन खेले। 23 वर्षीय ने 256 टी20 में 6.75 की इकॉनमी से 275 विकेट लिए हैं।



दिलचस्प बात यह है कि 18 वर्षीय गजनफर को कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में चोटिल मुजीब उर रहमान की जगह शामिल किया गया था जिसने 2024 इंडियन प्रीमियर लीग जीती, लेकिन फ्रैंचाइजी के लिए एक भी गेम नहीं खेला। चोट के कारण युवा ऑफ स्पिनर आगामी चैंपियंस ट्रॉफी से भी बाहर हो गए थे। टूर्नामेंट के लिए अफगानिस्तान की 15 सदस्यीय टीम में उनकी जगह नांग्याल खारोटी को शामिल किया गया है।

## मुंबई इंडियंस टीम

जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेलटन, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान, विल जैक, अश्विनी कुमार, मिशेल सेंटनर, रीस टॉपले, कृष्णन श्रीजीत, राज अंगद बावा, सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, लिजाद विलियम्स, विग्नेश पुथुर।





# विवादास्पद रन आउट से बवाल

## मुंबई की हार के बाद एडवर्ड्स ने अंपायरिंग पर उठाए सवाल

**वड़ोदरा (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस की कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनकी टीम की आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार में बड़ी भूमिका निभाने वाले विवादास्पद रन आउट फैसलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस तरह के निर्णय को समझना वास्तव में मुश्किल है जो मैच के अंतिम परिणाम को प्रभावित करते हैं। रन आउट के तीन विवादास्पद फैसले मुंबई इंडियंस के खिलाफ गए जिसका फायदा उठाकर दिल्ली जीत हासिल करने में सफल रही।

तीसरी अंपायर गायत्री वेणुगोपालन ने दिल्ली की तीन बल्लेबाजों राधा यादव, अरुंधति रेड्डी और शिखा पांडे को गिल्लियों की लाइट जलने के बावजूद नॉट आउट करार दिया। तीसरे अंपायर के इन फैसलों ने आखिर में मैच के परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुंबई की करीबी हार के बाद इंग्लैंड की दो बार की विश्व कप विजेता कप्तान एडवर्ड्स ने कहा, 'आपको काफी शांत रहना होगा।

जब अधिकतर फैसलों के लिए तीसरे अंपायर की मदद ली जाती है तो वास्तव में यह काफी मुश्किल होता है। तब मैच का परिणाम बड़ी स्क्रीन पर नजर आता है। उन्होंने कहा, 'इसे पचा पाना वास्तव में मुश्किल है लेकिन मैं लंबे समय से इस खेल से जुड़ी हूं और जानती हूं कि यह खेल का हिस्सा है। इसलिए हमें बस आगे बढ़ना है। हमारी निगाह मंगलवार को होने वाले मैच पर हैं।

भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने भी मैच की कमेंट्री करते हुए कहा था कि अरुंधति और राधा यादव के मामले में फैसला मुंबई के पक्ष में जाना चाहिए था। आरसीबी के पूर्व क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने भी अंपायर के फैसले पर अविश्वास जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'मुझे नहीं पता कि अंपायर ने यह फैसला क्यों दिया क्योंकि एक बार गिल्लियों की लाइट जलने के बाद अगर संपर्क टूट जाता है तो बल्लेबाज को आउट माना जाता है।

# वैश्विक रुख, एफपीआई की गतिविधि तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा : विश्लेषक

**- डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल के दाम भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे**

**मुंबई ।**

कंपनियों का तिमाही पे रिणामों का सीजन समाप्त होने के बाद इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी कोषों की लगातार निकासी, कंपनियों के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजों और वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध की आशंका से पिछले सप्ताह शेयर बाजारों की धारणा पर असर हुआ है। शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी लगातार आठवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि तीसरी तिमाही के नतीजों का सीजन समाप्त होने के साथ अब बाजार की नजरें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों की वजह से उत्पन्न हालात और वैश्विक घटनाक्रमों पर रहेगी। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे। उन्होंने कहा कि तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने के साथ अब बाजार की निगाह आगे के संकेतों के लिए एफपीआई के प्रवाह और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर रहेगी। इसके साथ ही अमेरिकी शुल्क और वैश्विक व्यापार पर इसका प्रभाव भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। सप्ताह के दौरान फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा भी जारी किया जाएगा। एक वरिष्ठ विश्लेषक ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर घटनाक्रमों के अभाव में वैश्विक रुझान बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में कई कारणों से गिरावट आई है। इसमें प्रमुख कारक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा व्यापारिक भागीदार देशों पर ऊंचा शुल्क लगाने की घोषणा है।

इसके अलावा कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों तथा विदेशी निवेशकों की सतत निकासी से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.6 बिलियन डॉलर तक बढ़ा

**नई दिल्ली ।**

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने 7 फरवरी तक 7.6 बिलियन डॉलर बढ़कर 638 डॉलर बिलियन हो गया। यह तीसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। पिछले साल सितंबर में भारत का उच्च स्तर 704.885 अरब डॉलर था। 2023 में वृद्धि के साथ भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 58 अरब डॉलर की बढ़ोतरी देखने को मिली। स्वर्ण भंडार में भी 1.3 बिलियन डॉलर की वृद्धि के साथ 72.20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ पर्याप्त वृद्धि देखी गई। भारत का कुल स्वर्ण भंडार अब 876 टन है, जो दुनिया के सबसे बड़े सोने के खरीदारों में दूसरे स्थान पर है। आरबीआई ने नीतिगत कदम के रूप में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी कर 6.25 फीसदी करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करके रुपये में अस्थिरता को प्रबंधित कर रहा है, खासकर जब विदेशी निवेशक शेयर बेचकर निकासी करते हैं। ग्लोबल अर्थव्यवस्था के साथ समर्थनात्मक स्थिति के साथ, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार और स्वर्ण भंडार देश के अर्थों में सुधार का संकेत दे रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई ने नवंबर 2024 में अतिरिक्त 8 टन सोना हासिल किया, जिससे महीने के दौरान वैश्विक केंद्रीय बैंक खरीद 53 टन हो गई।

भारत का कुल स्वर्ण भंडार अब 876 टन है, जो पोलैंड के बाद 2024 में दूसरे सबसे बड़े खरीदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करता है। एक महत्वपूर्ण नीतिगत कदम में आरबीआई ने नवीनतम मौद्रिक नीति समिति की बैठक के दौरान रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी कर 6.25 फीसदी करने का निर्णय लिया, पांच वर्षों में पहली बार दर में कटौती। केंद्रीय बैंक रुपये में अस्थिरता को प्रबंधित करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करता है, खासकर जब विदेशी निवेशक शेयर बाजार से शेयर बेचकर निकासी करते हैं।

# विदेशों में चढ़ने से बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार

**- सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट रही**

**नई दिल्ली ।** बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में खाने के तेल महंगे होने तथा देश में आयात शुल्क पुनर्निर्धारित करने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूती के साथ बंद हुए। निर्यात में सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) का दाम कम मिलने के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखने को मिली। बाजार सूत्रों ने कहा कि इन सबके अलावा समीक्षाधीन सप्ताह के अंत में खाद्य तेलों के आयात शुल्क मूल्य में फेरबदल करते हुए सोयाबीन डीगम तेल का आयात शुल्क मूल्य 88 रुपये क्विंटल घटाया गया है, जबकि कच्चे पामतेल (सीपीओ) का आयात शुल्क मूल्य पांच रुपये क्विंटल बढ़ाया गया है। पामोलीन के आयात शुल्क मूल्य को 19 रुपये क्विंटल घटाया गया है। विदेशों में पिछले महीने जिस सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,110-1,115 डॉलर प्रति टन था वह समीक्षाधीन सप्ताह में बढ़कर 1,175-1,180 डॉलर प्रति टन हो गया। इस दौरान, 1,170-1,175 डॉलर वाले सीपीओ का दाम बढ़कर 1,180-1,185 डॉलर प्रति टन हो गया। यानी सीपीओ और सोयाबीन डीगम के दाम का जो अंतर पहले अधिक था, वह अंतर अब लगभग बराबर हो चला है। सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में एक मात्र सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट रही। यह गिरावट मुख्यत~ निर्यात में अच्छा दाम नहीं मिलने की वजह से है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 25 रुपये के सुधार के साथ 6,125-6,225 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 150 रुपये के सुधार के साथ 13,350 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 30-30 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,295-2,395 रुपये और 2,295-2,420 रुपये टिन (15 किलो) पर, सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 25-25 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश~ 4,275-4,325 रुपये और 3,975-4,075 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 300 रुपये, 250 रुपये और 400 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 14,000 रुपये, 13,650 रुपये और 10,000 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तिलहन का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 5,475-5,800 रुपये क्विंटल पर, मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 150 रुपये और 30 रुपये के सुधार के साथ 14,200 रुपये और 2,165-2,465 रुपये प्रति टिन, कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 200 रुपये सुधरकर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल और पामोलीन दिल्ली का भाव 350 रुपये मजबूत।

# भारत के एक्सपोर्ट में आई तेजी, 446 अरब डॉलर के निर्यात का अनुमान

**निर्यात 109.3 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद**

**नई दिल्ली ।**

भारत के व्यापारिक निर्यात में चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 124.8 बिलियन डॉलर की वृद्धि होने का अनुमान है। इस वृद्धि के दृष्टिकोण में इंडिया एक्जिम बैंक के अनुमानों के अनुसार, कुल व्यापारिक निर्यात 446.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। निर्यात में गैर-तेल निर्यात में तीव्र वृद्धि के साथ 109.3 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का व्यापार घाटा दिसंबर में घटकर 21.94 बिलियन डॉलर रह गया, जबकि नवंबर में इसमें वृद्धि हुई थी। हालांकि, दिसंबर में आयात में गिरावट आई। इसके बावजूद, व्यापार नीति की अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव के चलते चुनौतियाँ बनी रही हैं। सालाना आधार पर दिसंबर के दौरान व्यापार घाटा बढ़ा, लेकिन निर्यात में कुछ मामूली गिरावट आई। यह स्थिति व्यापारिक निर्यात को गुजरने वाले समय में वृद्धि की संभावना को दर्शाती है। नए अनुमान स्थिर सुधार की दिशा में हैं, जो कि मजबूत विनिर्माण गतिविधि और मांग में वृद्धि के साथ समर्थित होने का संकेत देते हैं।

व्यापार नीति की अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आर्थिक विखंडन जैसी चुनौतियों के बावजूद, निर्यात में सकारात्मक गति अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जारी रहने की संभावना है. नवीनतम अनुमान स्थिर सुधार का संकेत देते हैं, जो कि मजबूत विनिर्माण गतिविधि, लचीले कृषि निर्यात और वैश्विक मांग में सुधार द्वारा समर्थित हैं। इस बीच, भारत का व्यापार घाटा दिसंबर में घटकर 21.94 बिलियन डॉलर रह गया, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 32.84 बिलियन डॉलर था, क्योंकि मासिक आधार पर निर्यात में वृद्धि हुई, जबकि आयात में गिरावट आई. दिसंबर में व्यापारिक निर्यात बढ़कर 38.01 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि नवंबर में यह 32.11 बिलियन डॉलर था, जबकि आयात घटकर 59.95 बिलियन डॉलर रह गया, जो नवंबर में 64.95 बिलियन डॉलर था। हालांकि, सालाना आधार पर दिसंबर के दौरान व्यापार घाटा बढ़ गया, जबकि दिसंबर 2023 में यह 18.76 बिलियन डॉलर था. दिसंबर 2024 में व्यापारिक निर्यात में 1 प्रतिशत की गिरावट आई, जो पिछले वर्ष के इसी महीने में 38.39 बिलियन डॉलर था, जबकि आयात में दिसंबर 2023 में 57.15 बिलियन डॉलर से 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# गौतम अडानी की संपत्ति में बड़ी गिरावट

**- दुनिया के अमीरों की सूची में 23वें स्थान पर**

**मुंबई ।**

देश के प्रमुख रईसों में से एक अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, उनकी नेटवर्थ 2.73 अरब डॉलर घटकर 66.1 अरब डॉलर रह गई है। इसके चलते वे दुनिया के अमीरों की सूची में 23वें स्थान पर खिसक गए हैं। अडानी के साथ ही भारतीय रईसों की नेटवर्थ में गिरावट देखने को मिल रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में भी 4.55 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इससे एशिया के सबसे बड़े रईस के स्थान पर सवाल खड़े हैं। भारतीय रईसों के बीच संपत्ति में गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार में लगातार गिरावट आ रही है। इससे नामी उद्योगपतियों जैसे शिव नाडर, शापूरजी मिस्त्री, अजीम प्रेमजी, सावित्री जिंदल और दिलीप सांघवी की नेटवर्थ में भी गिरावट देखने को मिल रही है। विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति एलेन मस्क की नेटवर्थ में भी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि मार्क जुकरबर्ग सबसे अच्छे कमाई वाले रईस बने हुए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में इस साल 4.55 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वह 86.1 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर बने हुए हैं। एचसीएल के शिव नाडर ने इस साल 4.14 अरब डॉलर, शापूरजी मिस्त्री ने 2.18 अरब डॉलर, अजीम प्रेमजी ने 18.8 करोड़ डॉलर, सावित्री जिंदल ने 5.20 अरब डॉलर और सन फार्मा के दिलीप सांघवी ने 3.40 अरब डॉलर गंवाए हैं।

दुनिया में सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने के मामले में एलन मस्क पहले नंबर पर हैं जबकि सबसे ज्यादा कमाई करने में मार्क जुकरबर्ग सबसे आगे हैं। दुनिया के सबसे बड़े रईस मस्क की नेटवर्थ में इस साल 34.1 अरब डॉलर गंवाए हैं। अब उनकी नेटवर्थ 398 अरब डॉलर रह गई है। दूसरी तरफ फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ जुकरबर्ग की नेटवर्थ में इस साल 52 अरब डॉलर की तेजी आई है।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने सोने की खरीदारी में बढ़ोतरी की

**जनवरी 2025 तक आरबीआई के पास कुल 876.18 टन सोना था**

**नई दिल्ली ।** दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल के वर्षों में सोने की भारी खरीदारी की वजह से महत्वपूर्ण स्थिति हासिल की है। 2024 के दौरान आरबीआई ने 72.6 टन सोने की खरीदारी की, जो पिछले साल के मुकाबले चार गुना ज्यादा है। इस बढ़ती खरीदारी ने आरबीआई को दुनिया के शीर्ष दस केंद्रीय बैंकों में शामिल कर दिया है। यह सोना आरबीआई के फिनैंसियल पोर्टफोलियो को वैश्विक अनिश्चितताओं के खिलाफ सुरक्षित बनाने में मदद कर रहा है। इस मुद्दे पर संसद में चर्चा होते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया कि आरबीआई का ध्यान केवल भंडार के संतुलन पर है और इसका मकसद किसी अन्य मुद्रा की जगह सोने को प्राथमिकता देना नहीं है। जनवरी 2025 तक आरबीआई के पास कुल 876.18 टन सोना था, जिसकी कीमत 66.2 अरब डॉलर थी। यह एक चौंकाने वाली वृद्धि है इसके अलावा रिजर्व बैंक की खरीदारी ट्रेंड को लेकर विश्लेषकों का मानना है कि यह ट्रेंड जारी रहेगा, जो दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के लिए सुरक्षित संपत्ति प्रदर्शित करता है।




# हीरो मोटोकॉर्प का अगले वित्त वर्ष में राजस्व में 10 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य

**नई दिल्ली ।** देश की लीडिंग दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने अपने नए उत्पादों और खंडों में सतत निवेश के माध्यम से अगले वित्त वर्ष में अपने राजस्व में दो अंकीय वृद्धि का लक्ष्य घोषित किया है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी ने इसकी जानकारी दी, जिसके अनुसार दिसंबर तिमाही में कंपनी का राजस्व 10,260 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी की नजर नए उत्पादों और खंडों पर निवेश करने की ओर है, जिससे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय में वृद्धि होगी। वित्त वर्ष में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी ने अपने हीरो 2.0 मिशन के तहत अपने बिक्री शोरूमों का अद्यतन किया है और प्रीमियम शोरूम की स्थापना भी की है। इसके साथ ही कंपनी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मांग में वृद्धि के साथ नए उत्पादों की पेशकश और पावर ब्रांड में निवेश के लिए प्रतिबद्ध है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की वृद्धि के लिए उम्मीदें हैं, जो उद्योग में और अधिक विकास के संकेत हो सकते हैं।

# देश के टैबलेट बाजार में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली ।** सालाना आधार पर देश के टैबलेट बाजार में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत के टैबलेट बाजार में 2024 में शानदार वृद्धि दर्ज की गई है। बाजार में यह उछाल मुख्य रूप से 5जी टैबलेट की बढ़ती मांग के कारण आया है, जिसमें पिछले साल की तुलना में 424 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखी गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के कुल टैबलेट बाजार में एप्पल ने 29 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद सैमसंग 28 प्रतिशत और लेनोवो 16 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ क्रमश~ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पहली बार, एप्पल ने भारत में एक ही साल में 10 लाख से अधिक आईपैड शिप कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। सीएमआर का अनुमान है कि 2025 में भारत का टैबलेट बाजार 10-15 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि के साथ आगे बढ़ता रहेगा। हालांकि, 2024 की चौथी तिमाही में सैमसंग ने 29 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ बढ़त बना ली, जबकि लेनोवो 23 प्रतिशत और एप्पल 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। सीएमआर की सीनियर एनालिस्ट मेनका कुमारी के अनुसार, भारत का टैबलेट बाजार अब प्रीमियम सेगमेंट (20,000 रुपये से अधिक) की ओर शिफ्ट हो रहा है। इस श्रेणी में शिपमेंट में 128 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लोग अब अधिक उन्नत फीचर्स और बेहतर प्रदर्शन वाले टैबलेट खरीदना पसंद कर रहे हैं। एप्पल ने इस सेगमेंट में अपना दबदबा बनाए रखा, जिसमें आईपैड 10 सीरीज सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल रहा। एप्पल के कुल शिपमेंट में इसका योगदान 55 प्रतिशत था। आईपैड मिनी (2024) के लॉन्च से एप्पल के बाजार नेतृत्व को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर, सैमसंग ने भी 53 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की। गैलेक्सी टैब ए9 प्लस 5जी मॉडल ने इसकी सफलता में बड़ी भूमिका निभाई, जो कंपनी की कुल टैबलेट शिपमेंट का 68 प्रतिशत था।

# सेंसेक्स की 10 में से आठ प्रमुख कंपनियों का मार्केट कैप 2.03 लाख करोड़ घटा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट देखी गई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी के मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 2,03,952.65 करोड़ रुपये की गिरावट आई। वहीं भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 67,526.54 करोड़ रुपये घटकर 16,46,822.12 करोड़ रुपये, टीसीएस का मूल्यांकन 34,950.72 करोड़ रुपये घटकर 14,22,903.37 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 28,382.23 करोड़ रुपये घटकर 12,96,708.35 करोड़ रुपये, आईटीसी की 25,429.75 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,13,699.85 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 19,287.32 करोड़ रुपये घटकर 7,70,786.76 करोड़ रुपये, एसबीआई की बाजार हैसियत 13,431.55 करोड़ रुपये घटकर 6,44,357.57 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 10,714.14 करोड़ रुपये घटकर 5,44,647 करोड़




रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 4,230.4 करोड़ रुपये घटकर 5,20,082.42 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के विपरीत भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 22,426.2 करोड़ रुपये बढ़कर 9,78,631.54 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 1,182.57 करोड़ रुपये बढ़कर 8,88,815.13 करोड़ रुपये हो गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमश~ टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का स्थान रहा।

# सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी), निवेश का सही रास्ता

**नई दिल्ली ।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) एक ऐसा निवेश माध्यम है जो नियमित रूप से निवेश करने के माध्यम से रिटेल इन्वेस्टर्स को आवश्यक धन वृद्धि का अवसर प्रदान करता है। यह निवेश प्रक्रिया एक डिसिप्लिन तथा विश्वसनीय उपाय है जिसमें साप्ताहिक, मासिक या तिमाही आधारित निवेश करने की स्वतन्त्रता होती है। एक रिपोर्ट दर्शाती है कि 7 साल की एसआईपी एक अधिक रियलिस्टिक और व्यापक रूप से उपयुक्त समय-सीमा है। इस अवधि के दौरान, बाजार के उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशक को ज्यादा रिटर्न की संभावना होती है एवं उनका निवेश भी कम जोखिमपूर्ण होता है। एक और अध्ययन में 2005 से 2025 तक के दौरान निफ्टी स्मॉलकैप 250 का मिनिमम रिटर्न -7.3 फीसदी रहा जबकि निफ्टी मिडकैप 150 ने 27.3 फीसदी रिटर्न प्रदान किया। यह दिखाता है कि स्मॉलकैप में निवेश करने वाले निवेशकों को थोड़ा जोखिम झेलना पड़ता है, जबकि मिडकैप में निवेश करने वालों को ऐसा अनुभव नहीं होता। यानी कि एसआईपी एक बेहतरीन निवेश विकल्प है जो निवेशकों के लिए धन का उत्थान करने में मदद कर सकता है, परंतु उन्हें इसे दीर्घकालिक एवं नियमित रूप से अपनाना होगा। इस प्रकार सही समय अवधि चुनने में और उसे नियमितता से अपनाने में ही एसआईपी की सफलता छिपी है।

# वित्तीय अधिकारियों का मुआवजा बढ़ने की योजना

**नई दिल्ली ।** वैश्विक स्तर पर अच्छी खबर आई है कि वर्ष 2024 और 2025 में सीएफओ ने कर्मचारियों का मुआवजा औसत से बढ़ाने की योजना बनाई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, टेक्नोलॉजी इन्वेस्टमेंट और डिजिटल विकास को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे उद्योगों में विकास और दक्षता में सुधार आ सकता है। यह सीएफओ का दृष्टिकोण है कि टेक्नोलॉजी बजट में वृद्धि करने से कंपनियों को विविधता और प्रतिस्पर्धा के माध्यम से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सेक्टर-अनुसार टेक्नोलॉजी खर्च में वृद्धि देखने के साथ, बैंकिंग और रिटेल सेक्टर में भी मुआवजे और बाहरी सेवाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। एक अच्छी खबर यह है कि इस दिशा में अग्रणी कंपनीयां भी सक्रिय हैं। अब दिख रहा है कि टेक्नोलॉजी के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन की ओर गतिशील कदम बढ़ रहे हैं, जो कंपनियों को प्रतिस्पर्धात्मक बनाए रखने में मदद करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि कूलिंग लेबर मार्केट संगठनों को मुआवजे पर अधिक बातचीत करने की शक्ति देता है, सीएफओ को संभावित जोखिमों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए क्योंकि घरेलू आवश्यकताओं की कीमतें लगातार ऊंची बनी हुई हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अधिकांश क्षेत्र 2025 में टेक्नोलॉजी खर्च को प्राथमिकता दे रहे हैं। रिटेल सेक्टर में बेची गई वस्तुओं की लागत (सीओजीएस) और मुआवजे में वृद्धि देखने को मिल सकती है क्योंकि संगठन उत्पाद की गुणवत्ता और ग्राहक संपर्क को बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं. इस बीच, बैंकिंग क्षेत्र में, टेक्निकल टैलेंट को आकर्षित करने और गैर-रणनीतिक कार्यों को आउटसोर्स करने के लिए मुआवजे और बाहरी सेवाओं को भी प्राथमिकता दी जाती है।

# चालू वित्त वर्ष में मदर डेयरी को अपना कारोबार 17,000 करोड़ के पार होने की उम्मीद

**- मदर डेयरी की स्थापना 1974 में हुई थी, कंपनी ने अपनी स्थापना के 50 साल पूरे किए**

**नई दिल्ली ।**

अपने खाद्य उत्पादों की बेहतर मांग तथा उत्पादन क्षमता के साथ वितरण नेटवर्क के विस्तार से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दिल्ली-एनसीआर में प्रमुख दुग्ध आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी का कारोबार 15 प्रतिशत बढ़कर 17,000 करोड़ रुपये से अधिक रहने की उम्मीद है। दूध और अन्य डेयरी उत्पादों के अलावा मदर डेयरी धारा ब्रांड के तहत खाद्य तेल और सफल ब्रांड के तहत बागवानी उत्पाद बेचती है। मदर डेयरी की स्थापना 1974 में हुई थी। अब यह राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। मदर डेयरी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि इसने अपनी स्थापना के 50 साल पूरे किए हैं। हम चालू वित्त वर्ष में 15 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ साल का समापन 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार के साथ करेंगे। वित्त वर्ष 2023-24 में मदर डेयरी ने 15,037 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल किया था। डेयरी कारोबार ने कुल वार्षिक राजस्व में लगभग 75 प्रतिशत का योगदान दिया था। यह मजबूत प्रदर्शन हमारी रणनीतिक पहल का प्रमाण है। दिल्ली-एनसीआर से परे हम राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति बढ़ा रहे हैं, नई पीढ़ी के वितरण चैनल के माध्यम से अपनी पहुंच को मजबूत कर रहे हैं, विनिर्माण क्षमता का विस्तार कर रहे हैं और उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए नए रोमांचक उत्पाद पेश कर रहे हैं। क्षमता विस्तार के लिए मदर डेयरी 500 करोड़ रुपये से अधिक के अनुमानित निवेश के साथ महाराष्ट्र के नागपुर में एक विशाल दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित कर रही है। इस नई सुविधा के 2026 तक चालू होने की उम्मीद है और यह मध्य और दक्षिणी क्षेत्र के बाजारों को उत्पादों की आपूर्ति करेगा। बागवानी कारोबार में मदर डेयरी ने दो एकीकृत फल और सब्जी प्रसंस्करण सुविधाओं की आधारशिला रखी है।

इनमें से एक इटोला, वडोदरा, गुजरात और दूसरी आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में है। इसके अलावा सफल ब्रांड के तहत कंपनी ने 350 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ दो नए संयंत्र स्थापित किए हैं। चालू वित्त वर्ष में कंपनी ने विभिन्न श्रेणियों में 30 नए उत्पाद उतारे हैं।

# अरबिंदो फार्मा कंपनी यूरोपीय बाजार में उत्पादों की आपूर्ति शुरू करेगी

नई दिल्ली । दवा निर्माता अरबिंदो फार्मा कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने घोषणा की है कि कंपनी अपने चीन के संयंत्र से यूरोप के बाजारों में अप्रैल महीने से उत्पादों की आपूर्ति शुरू करेगी। कंपनी ने नवंबर, 2024 के अंतिम सप्ताह में इस संयंत्र का परिचालन शुरू किया था और अब उत्पादन बढ़ाने की प्रक्रिया में है। सुब्रमण्यन ने बताया कि यूरोप से नियामकीय मंजूरियां मिल चुकी हैं और वहां उत्पादों की आपूर्ति शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कंपनी को अगले 2-3 वर्षों में चीन संयंत्र से अच्छी कमाई की उम्मीद है। वे ने राजस्व अनुमान के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि दो से तीन साल में महत्वपूर्ण राजस्व मिलने की उम्मीद है। इस साल कंपनी ने अपने उत्पादों को महत्वपूर्ण बाजारों में लाने के लिए कई कदम उठाए हैं और अप्रैल से यूरोप में आपूर्ति शुरू करने का नया प्रस्ताव भी इसी दिशा में कदम है। यह अगले कुछ महीनों में कंपनी के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है और इसके साथ ही यूरोप के रोजगार की वृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण समाचार है। अरबिंदो फार्मा ने अपने उत्पादों की गुणवत्ता के मामले में भी अच्छी प्रतिष्ठा हासिल कर ली है और इसका यूरोप में उत्तराधिकारी हो या न करने का संकेत हो सकता है।

# राष्ट्रपति भवन में नवा प्रारूप में चेंज ऑफ गार्ड समारोह कर उद्घाटन







**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 16 फरवरी, 2025 के नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन कर प्रांगन में नवा प्रारूप में गार्ड ऑफ चेंज समारोह कर उद्घाटन कार्जकरम के देखलयं। ई समारोह अगला सनिचर यानी 22 फरवरी, 2025 से बड़ संख्या में आगंतुकमन ले खुलल रही। इकर में सउब राष्ट्रपति भवन कर पृष्ठभूमि कर संगे एगो गतिसील दृस आउर संगीत परदरसन देइख सकयंना। राष्ट्रपति कर अंगरछक दल कर टुकड़ी आउर घोड़ा आउर सेरेमोनियल गार्ड बटालियन कर टुकड़ीमन कर संगे-संगे सेरेमोनियल मिलिट्री ब्रास बैंड द्वारा बड़ छेतर में करल जायेक वाला सैन्य अभ्यास नवा प्रारूप कर हिस्सा हयं। आगंतुक राष्ट्रपति भवन कर वेबसाइट में जाय जे आपन स्लॉट आरछित कइर सकयंना।



## चांदो




नफरत के आउर ना
सलगाव,चांदो
पेरेम कर दीया जालाथों सगरे
सेके ना बुझाव,चांदों
नफरत के आउर ना
सलगाव,चांदो।

बितल बात के
भुलाय चाहोना
सेले मटियाय रहोना,
सावाल कइर-कइर के
मइत नी उटकु वाव,चांदो।
नफरत के आउर ना
सलगाव, चांदो।

सुख चैन से जिये दे
तोंय भी जी,चांदो
कतइ सुंदर जिनगी मिलहे
हांस नी खी...खी,चांदो
अपने आप के सम्भराव,चादों।
नफरत के आउर ना
सलगाव, चांदो।

कोसिस कर जितेक कर
हारेक मन ना बानाव,चांदो
सउब घाव भइर जाइ एक दिन
हिमत पहिले लखे जुटाव,चांदों।

नफरत के आउर ना
सलगाव,चांदो
पेरेम कर दीया जालाथों सगरे
सेके ना बुझाव,चांदों
नफरत के आउर ना
सलगाव,चांदो।

**संतोष महली**



# ब्रीदिंग थ्रेड्स : भारत टेक्स 2025 में फैसन सो





**मुंबई।** भारत सरकार कर वस्त्र मंत्रालय कर हथकरघा विकास आयुक्त कार्यालय सिल्प कौसल कर मनोभाव के जानेक, एगो जीवित बिरासतके सम्मानित करेक, आधुनिक आकृति में भारतीय हथकरघा कर सास्वत सुंदरता के देखेक ले 'ब्रीदिंग थ्रेड्स' नाव कर फैसन कार्जकरम कर आयोजन करलक।

ई कार्जकरम वैशाली एस कॉउचर, वैशाली एस थ्रेडस्टोरीज प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई कर सहजोग से आउर हैंडलूम एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल कर समन्वय में भारत टेक्स 2025 कर दौरान भारत मंडपम कर एम्फीथिएटर में आयोजित करल जाय रहे। वैशाली एस कॉउचर एगो 24 बछर पुरना ब्रांड आहे, जे पुरना आउर लुप्त होवत हाथ से बुनाई कर तकनीक के पुनर्जीवित करेक आउर उनके नवा रूप देवेक, रचनात्मकता आउर उच्च अस्तर कर गुनबत्ता कर संगे सिर्स बैश्विक लक्जरी मंच में लानेक ले समर्पित आहे।

हथकरघा कर खूबसूरती आउर ब्रांड कर मिसन भी इकर इस्थिरता आउर सून्य अपसिस्ट रननीति आहे, जे भारतीय गांवमन कर जीवनसैली कर अनुरूप आहे।

भारतीय हाथ से बुनल वस्त्र देस कर अप्रजुक्त संपदा आहे। उनके बेसी आधुनिक आउर बैस्विक भासा में परदरसित करेक कर जरुरत आहे, जे उनके बिस्ब भइर में सउबसे बेसी परसंसित लक्जरी फैसन मंच में वापस लानी।

ई सो में 5 गो किसिम-किसिम राइज से यानी पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक आउर राजस्थान कर गांव में बुनल गेल कपड़ा देखाल गेलक। 30 लुक में 20 मॉडल ई बुनाई के 7 गो किसिम कर बुनाई तकनीक में पेस करलयं। चंदेरी, महेश्वरी, जामदानी, खुन, बनारसी, कोटा डोरिया, मुर्शिदाबाद। हर बुनाई कर अनूठा बनावट आउर डोरी कर संगे रचनात्मक रूप से सजाल जाए रहे।

ई कार्जकरम ई बात कर प्रमान रहे कि हाथ से बुनल लुगा बनायेक ले कतई कुसलता आउर कड़ा मेहनत कर संगे-संगे रचनात्मकता कर जरुरत होवेला। संगे, ई भी कि कइसे एगो सिल्प के बैस्विक अस्तर कर लक्जरी ब्रांड में से एक बनाल जाए सकेला।

ई परदरसनी एगो बड़ सफलता रहे। इकर में भारतीय बिरासत कर वस्त्रमन कर सक्ति कर बैस्विक रूप में परदरसन होलक, जेके देइख के बिदेसी देस जइसे ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, रूस, श्रीलंका, बांग्लादेश, कुवैत, चिली आदि कर खरीदार मंत्रमुग्ध होए गेलयं, संगे भारत सरकार कर वस्त्र मंत्रालय कर हथकरघा विकास आयुक्त कर अटूट समर्थन से भारतीय वस्त्र उद्योग कर हितधारकमन भी इकर भरपूर आनंद उठालयं।

# श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद कर आयोजन




**रांची।** पुनदाग कर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 194वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद कर आयोजन एतवार के करल गेलक। महाप्रसाद में 151 किलोग्राम कर केसरिया मेवा जुक्त खीर कर भोग भगवान श्री राज श्याम कर पुजारी अरविंद पांडे लगालयं। गोटा बिधि बिधान से पूजा-अर्चना आउर आरती करल गेलक। महाप्रसाद स्व. नरेंद्र जैन आउर स्व. कुसुम जैन कर पुण्यस्मृति में उनकर पुत्र ऋषभ जैन आउर पुत्रवधु जिमी जैन कर सौजन्य से करल गेलक। मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी बेसी श्रद्धालुमन कर बीच महाप्रसाद भोग कर बितरन करल गेलक।

इकर बाद भजन-कीर्तन कर आयोजन करल गेलक। ट्रस्ट कर भजन गायक मनीष सोनी आपन मनमोहक सुमधुर भजन कर अमृत गंगा कर रसपान कराते श्रोतामन के खूब झुमालयं। गोटा बाताबरन के कृष्णमय आउर भक्तिमय बनाय देलक। ट्रस्ट कर प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ बतालयं कि भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर में लगभग 5 हजार से भी बेसी श्रद्धालुमन दरसन करलयं। ई अवसर में ट्रस्ट कर अध्यछ डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यछ निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान, सुरेश भगत, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार, शिव भगवान अग्रवाल, विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान, नम्रता जालान, अनुराधा सर्राफ, मनोज कुमार पंडित, चन्द्रदीप साहु, हरीश कुमार, परमेश्वर साहु, धीरज कुमार गुप्ता,अशोक ठाकुर संगे बड़ संख्या में महिला, पुरुस उपस्थित रहयं।

# राजा मोरेल, कवि कहियो नी मोरे !

**डॉ. गिरिधारी राम गौंझू**

राइत पौने बारह बइज रहे अचके मोबाइल कांइद उठलक। अकबकालों। आधा-आधी राइत के मोबाइल कर कांदेक सुनाए से सावधान होए गलों। जरूर कोनो गड़बड़ खबर होई। उने से सची बोलत रहे- काका, केशरी काका कर कोनो खबर मिललक मोंए कहलों- निहीं तो काइले (13.09.2016) राइत 9 बजे केशरी दादा मोर हाल चाल पुछलैं। बराबइर दुइ चाइर दिन में पुछैंना। मोए बेसे आहों दादा। रउरे कइसन आही? दादा बतालैं- दुई-तीन दिन से सरदी-खोखी होए जाए रहे। आब बेस होए जा हे।

भला इसन में केशरी दादा के का होए सकत हे। मुदा सक तो बइढ़ गेलक मन में। सुजीत केशरी, केशरी दादा कर पत्रकार भतीजा के पूछेक खोजलों मुदा हिम्मत साथ नी देलक। एसएमएस करलों सुपट 12 बजे राइत के- केशरी दादा कर खबर आहे? उने से तुरते फोन आलक - चाचा, चाचा तो एखन 11 बइज के 6 मिनट में। उनकर गला भइर गेलक आगे कोनो कहेक नी पारले। ना मोहे आउर कोनो सुनेक पारलों। भारी गड़बड़ समाचार पक्का होए गेलक। तुरते ईश्वरी दादा कर फोन आलक। केशरी जी कर का समाचार मिललक मोंए कहलों- दादा केशरी दादा तो एखन राइत 11 बइज के 6 मिनट में हामरे सउब के छोइड़ के गेलैं।आब तो बिहाने पिठोरिया जाब। 15 अगस्त 2016 स्वतंत्रता दिवस केशरी दादा कर स्मृति के काले राखी। आँइख अंधार में खुलल रहे। लोर आँइख से चूई-चूई के कान में ढुकत रहे। चिंता-फिकिर। आब का होई? झारखंड कर झारखंडी मनक के सुध लेई। केकर ठिन जाबैं आब राहत पाएक ले। आब संकट बेरा के डहर बताई? झारखंड कर इतिहास कर जानकार। झारखंड कर भारी दुःख तकलीफ के पिठोरिया पहाड़ रहैं केशरी दादा। झारखंडी मनक पीड़ा से मुक्त करूवायक ले जिनगी भइर लिखते रहलैं। सभा, सम्मेलन, सेमिनार मन में बोलते रहलैं, गंभीर होए के, निडर होए के, दुःख के सच्चाई के सबूत कर संगे बताते रहलैं।

झारखंडी समाज कर बुइधगर-लुइरगर मन के पता रहे कि केशरी दादा झारखंड कर चिंतक रहैं। इनकर काम से बात से सभे परिचित रहैं कि केशरी दादा-कइर के जीत, कइह के ना जीत कहाउत के पालन करते आत रहैं। इनकर सगरो माइन-मरजाद, इजत-आदर कदर होत रहे। अगर नी होत रहे तो स×ाा में बइठल मन से। मुदा इसन कहेक गलती होइ कि सासन में बइठल मन कहियो डॉ. केशरी दादा कर विद्वता, ईमानदारी, सादगी, विनम्रता, योग्यता, क्षमता कर उपयोग नी करलैं। कहियो दादा से सलाह विचार-सुझाव कोनो योजना में लेक दरकार नी बुझलैं। ना भाषा-साहित्य, अकादमी में ना कला-संस्कृति आउर इतिहास अकादमी में उनके ठाँव देलैं ना राज्य सभा में कहियों भेजलैं। जे अदमी झारखंड कर ओदी-खोदी जानत रहैं। सफा सफा बोलत रहैं। सच बात मन ले, इसन असाधारण अदमी के, झारखंड कर चिंतक के, कोनों विकास कर पद में नी बइठालैं।

डॉ. रामदयाल मुण्डा जब जब परेसान होए जात रहे झारखंड कर झंझट मन चलते तो उकर डहर खोजे कखनों हल केशरी दादा ठिन पहुँइच जात रहँय। आँधी-पानी दुइयो कर जोड़ी केशरी दादा कर सब्द में कहों तो राम-लक्ष्मण कर जोड़ी रहे। आदिवासी-सदान सहिया संस्कतिति कर प्रतीक रहैं दुइयो। सोना लेकन दिसुम (सुनहला देश) कर खोज में मुण्डामनक आदि पुरखा रिसा मुण्डा 21 हजार मुण्डामन के ले के आजमगढ़, हरदी नगर, रोहतासगढ़ जइसन 14 गढ़ के बसाते छोड़ते नाग दिसुम (नाग देश) हीरा नागपुर में आए बइस रहैं। पिठोरिया कर सटले सुतियाम्बेगढ़ में पिठोरिया पहार कर हेदना में। सुतियाम्बे कर गढ़ रहे, सुतियाम्बे सेले ई राइज कर नाँव होलक सुतियानाग खंड, सुतियानागपुर। एहे सुतियाम्बे में नाँव बाजल लोक प्रिय महाराजा मदरा मुण्डा नाग जाति कर बालक जेके नागफन कर हेंठे पावल जाए रहे से फणिमुकुट राय कर पालन आपन बेटा मणिमुकुट संगे करलैं आउर एक दिन फणिमुकुट राय के पड़हा पंच कर फैसला से सुतियाम्बे कर महाराजा घोषित कइर देलैं। 'छोटानागपुर का इतिहास कुछ संदर्भ कुछ सूत्र' ई. किताब राइतो राइत केशरी दादा के इतिहासकार बनाए देलक।

इतिहास कर सेमिनार मन में केशरी दादा एकदम से बोलात जात रहे। सम्मानित .....अतिथि रूपे आमंत्रित होत रहैं। मोखो संगे लेगत रहैं आउर बोलेक ले मोका देत रहैं। चाहे देउवात रहैं। इसन 25 साल से केशरी दादा संगे हामरे कर नाता रहे। एक दूसर कर पर्याय होए जाए रही। डॉ. रामदयाल मुण्डा कर जाएक बादे उनकर सहयोगी बनेक कर मोके मोका लागलक।

मोके आपन नागपुरी संस्थान कर निदेशक रूप में केशरी दादा भार दे राइख हैं। आपन एहे संस्था से कतना-

**संस्मरण डॉ. विसेश्वर प्रसाद केशरी का**



कतना नागपुरी साहीय कर किताब आउर पत्रिका मन निकलात रहैं।

साहित्यिक आउर सांस्कृतिक, बौद्धिक चाहे झारखंड विषयक प्रेमी विद्वान कलाकार मन के हीरक सम्मान 2014 से सम्मानित करलैं। जबकि डॉ. मुण्डा आउर केशरी दादा के समिति राधाकृष्ण पुरस्कार कर कहियो जोग नी बुझलैं। हीरक सम्मान से मोखो सम्मानित कइर हँय।

डाल्टनगंज कर, नागालैंड कर, दिल्ली कर हवाई यात्रा, धनबाद कर कोयला भारती कर यात्रा मन में हामरे संगे रहत रही। इकर में कहियो कहियो अशोक पागल रंगकर्मी आउर मूर्तिकार विश्वनाथ प्रसाद, नहन दादा मन कर साथो रहत रहे। अचके बिहाने देखत हों मोएँ पिठोरिया केशरी दादा कर घर पोहंइच जाय हों। उनकर कोठरी में भुइया में चरका लुगा डाइब के केशरी दादा के सुताए दे हँय। चेहरा खुला आहे। घरे कर मन पलंग में उदास बइठल आहैं। मोएँ थिथाए के केशरी दादा कर चेहरा देखले आहों। अचके केशरी दादा कर चेहरा कर गाल मन हिलेक डोलेक दिसलक। मोंए गुल कइर उठलों- अरे केशरी दादा तो ठीक ठाक आहैं। के कहेला केशरी दादा नखैं। ई खबर कागज आउर मीडिया मन झूठ-मूठ कर उल्टा परचार कइर दे हँय। भला केउ सही सलामत अदमी के इसन कहेला। उठू दादा! देखू तो रउरे कर बारे उल्टा -पूल्टा बात के डाँव-डाँव करत हँय। मोएँ उनकर से बात करेक लागलों। देखवइया मन भकुवाय के देखत हँय। ई दृश्य एतना जीयंत लागत रहे कि कहों से ई सपना नी बुझात रहे। एकदम सचकोली लागत रहे। मोएँ खुश होलों कि हामरे कर केशरी दादा............एकदम ठीक-ठाक आहैं। तखने नींद टूइट गेलक। सउब हकीकत हवा होए गेलक। फिन बेचइनी में कोनों तरी पिठोरिया चलेक ले बिहाने तेयार होत रहों कि शकुंतला कर फोन आलक दादा रउरे तेयार रह हामरे आवत ही पिठोरिया चलेक ले। समय बचाएक ले मोएँ झारखंड झारोखा आय गेलों तब तक मेडिका अस्पताल से केशरी दादा के सुजीत केशरी मन पिठोरिया ले आनलैं। हामरे शकुंतला कर गाड़ी में डॉ. कुमारी बसंती, शकुंतला, डॉ. उमेश नन्द तिवारी आउर मोएँ रहों। पिठोरिया पोंहचली हामरे। ढेइरे केउ आगे से पोंहचल रहैं। बाहरे गमगीन बइठल रहैं। हामरे चाइरो केशरी दादा कर गोड़ दने श्रद्धा कर फूल गोछा चढ़ाली। गोड़ लागली आउर लोर डबडबाल आँइख से बाहरे निकलेक पहिले मोबाइल से कुछ फोटो केशरी दादा कर अंतिम जीवन कर उतरालों। बाहरे ईश्वरी दादा, सची, राहुल, डॉ. सुशील अंकन आउर ढेइर केउ गमगीन चेहरा उदास भाव के केशरी दादा कर बारे धीमे-धीमे बात करत रहैं। घंटा भइर रइह के ईश्वरी दादा मन संगे घुइर आलों घर। एखन पिठोरिया से घर घुरियो रहों कि नौसाद खान कर फोन आलक कि पिठोरिया जाना है। केशरी जी का अंतिम दर्शन करने। मोएँ कहलों- अभी अभी तो मैं वहीं से लौटा हूँ। पर नौशाद भाई उपरे मोर अधिकार नी चले उनकरे मोर उपरे चलेला। सोंचलों तखन खाली केशरी दादा के भइर देइख के आ हो। भउजी साहेब से तो मिलबो नी पारलों भीड़ चलते। से एखन भेंट कइर लेमूँ। नाशाद भाई संगे पिठोरिया पोंहचली। डहर में फूल दोकान नी भेंटालक तो पिठोरिया डहर माझे लागल कनेल फूल के तोइर के गोछा बनाली। ओहे केशरी दादा उपरे चघाएक काम आलक।

तले भउजी साहेब संगे उपरे कमरा में नौशाद संगे तनी देरी बइठलीं आगोहों कहियो केशरी दादा हियां जात रही तो भउजी से बात-विचार होत रहे।

कहियो कहियो नागपुरी-कुड़ुख गीतों गाए के सुनात रहैं। भउजी से दिन तो रूदन गान आउर उनकर उतरल चेहरा सुनत-देखत रहलों। सीमा उनकर बेटी संभराले रहे। भउजी का का होलक कइसे होलक उ सउब के बताए लागलैं। प्रो. अमिता मुण्डा , कुंवर पहान कर बोहरिया, गुंजल इरिक मुण्डा मन भउजी ठिन मिले आवल रहैं। थोड़े देरी बादे हुँआ से चलली नौसाद संगे। ओर डहरे केशरी जी उपरे बात करते आवत रही। गोटेक स्मारिका में विशेषांक निकलाएक, समग्र साहित्य कर संकलन स्मृति ग्रंथ कर प्रकाशन आउर डॉ. रामदयाल मुण्डा पार्क में, डॉ. मुण्डा संगे केशरी दादा कर मूर्ति लगाएक। जियत में संगे रहे। आबो तो उपरे संगे होबैं। दुइयो कर मूर्ति संगे रही तो आदिवासी-सदान सहिया परंपरा कर पार्क हमेशा इयाइद करूवात रही।

आखरी बात आब तो सभे केशरी दादा बारे बड़े -बड़े बात प्रशंसा करत हैं। जखन जीते रहैं केउ उनकर उपयोग नी करलैं खास कइर के सरकार । झारखंड कर ई पिठोरिया कर मुड़हर पहार तइर आपन उपरे केशरी जी झरखंड कर पीड़ा के बेतराले रहैं। इकर से मुक्ति देउवाएक ले से पहाड़ ध्वस्त होए गेलक । मुदा आदिवासी सदान संस्कृति में अदमी मइर के स्वर्ग -नरक नी जाएल। छाया रूप में आपने गाँव -घर में रहेनां तब तो डॉ. मुण्डा आउर डॉ. केशरी दादा जरूर दुइयो छाया रूप में हामरे बीच आहैं। आउर हमेशा रहबैं। तभे कहैंना राजा मोइर जाएला , कवि गुणी कहियो नी मोरे।

**प्रस्तुति- सुजीत कुमार केशरी**

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com